

पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
नई दिल्ली, बुधवार, 18 जून, 2025 | वर्ष-18 | अंक-73 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए



बिहार में रोज खुल रही सुशासन के दावों की पोल : संजय सिंह 02
■ सौ दिनों में दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू...
■ राष्ट्रीय राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र में हो सैनिक... 03
■ मध्य-पूर्व में दिया तनाव कम करने पर जोर
■ इजरायल का दावा, मारा गया ईरान का टॉप कमांडर... 07
असल जिंदगी में मुझसे 'तू है आशिकी' ... 10

# एक दिन में एअर इंडिया की 7 उड़ानें रद्द

## विमान हादसे के बाद एयरलाइन के अंतरराष्ट्रीय संचालन पर असर

■ रद्द की गई उड़ानों में अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट भी

■ सैन फ्रांसिस्को-मुंबई के पैसेंजर कोलकाता में उतारे

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। एअर इंडिया की 7 अंतरराष्ट्रीय उड़ाने मंगलवार को रद्द कर दी गईं। इनमें अहमदाबाद-लंदन, दिल्ली-पेरिस, दिल्ली-वियना, लंदन-अमृतसर, दिल्ली-दुबई, बेंगलुरु-लंदन फ्लाइट शामिल हैं। इसके अलावा सैन फ्रांसिस्को से मुंबई आ रही फ्लाइट के पैसेंजर्स को कोलकाता एयरपोर्ट पर उतारा गया। अहमदाबाद में 12 जून को एआई-171 फ्लाइट क्रैश हुई थी। इसकी जगह अहमदाबाद से लंदन के लिए नई फ्लाइट एआई-159 शुरू की गई है। यह फ्लाइट मंगलवार को लगातार दूसरी बार रद्द की गई। फ्लाइट को दोपहर 1.10 बजे उड़ान भरना था, लेकिन टेकऑफ से कुछ घंटे पहले तकनीकी खामी की बात कही गई। 16 जून को भी यह फ्लाइट रद्द की गई थी। विमान हादसे के बाद एयरलाइन के अंतरराष्ट्रीय संचालन पर असर पड़ा है।

दिल्ली से पेरिस जाने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट एआई142 भी टेक्निकल परेशानी के बाद रद्द की गई, जो उड़ान से पहले जांच के दौरान सामने आई। इसके अलावा लंदन से अमृतसर आ रही फ्लाइट को भी तकनीकी दिक्कतों के चलते रद्द किया गया। उधर, सैन फ्रांसिस्को से मुंबई जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-180 में सोमवार रात को तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते यात्रियों को मंगलवार सुबह कोलकाता एयरपोर्ट पर प्लेन से उतारना पड़ा। फ्लाइट नंबर एआई 180 कोलकाता होते हुए मुंबई जा रही थी। बोइंग 777-200 एलआर (वर्ल्ड लाइनर) विमान 17 जून को रात 12:45 बजे समय पर कोलकाता पहुंचा था। इसे मुंबई के लिए रात 2:00 बजे रवाना होना था। विमान के बाएं इंजन में तकनीकी खराबी आने के कारण टेकऑफ में देरी हुई।





### इंडिगो विमान में बम की सूचना

*मंगलवार को मस्कट (ओमान) से कोच्चि होते हुए दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद नागपुर एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करवाई गई। एयरलाइंस को सूचना मिली थी कि विमान में बम रखा गया है। इसके बाद फ्लाइट को नागपुर डायवर्ट किया गया और लैंड कराया गया। नागपुर के डीसीपी लोहित मातानी ने बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतार लिया गया।*

### यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी

देश की दिग्गज विमान सेवा कंपनियों इंडिगो और एअर इंडिया ने मंगलवार को दिल्ली के यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की हैं। इसमें एयरलाइनंस की ओर से यात्रियों को बारिश के कारण घर से निकलने से पहले फ्लाइट का स्टेटस चेक करने की सलाह दी गई है। इंडिगो की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर की गई पोस्ट में कहा गया कि दिल्ली में बारिश के कारण ट्रैफिक अकसर धीमा हो जाता है। एअर इंडिया ने भी सोशल मीडिया पोस्ट में उड़ानों के प्रभावित होने की जानकारी दी।

# 'ठग लाइफ' पर प्रतिबंध से सुप्रीम कोर्ट नाराज



■ कर्नाटक सरकार से मांगा 24 घंटे में जवाब

■ सेंसर बोर्ड से प्रमाणित फिल्म रिलीज की पात्र

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मशहूर फिल्म अभिनेता कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'ठग लाइफ' को आवश्यक कानूनी प्रावधानों का पालन किये बगैर कर्नाटक के सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध लगाने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राज्य सरकार को अगले 24 घंटे के अंदर जवाब देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने प्रतिबंध को चुनौती देने वाली महेश रेड्डी की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर मंगलवार को यह निर्देश दिया। अदालत ने निर्देश देते हुए कहा कि एक बार जब फिल्म केद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड द्वारा प्रमाणित हो जाती है तो भीड़ थिएटर मालिकों को डरा धमकाकर उसके प्रदर्शित करने पर पर प्रतिबंध लगाने पर मजबूर नहीं कर सकती। इससे पहले 13 जून को न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने सुनवाई की थी।

### कानूनी प्रक्रियाओं के पालन किए बगैर प्रतिबंध लगाया

याचिकाकर्ता ने कर्नाटक सरकार पर आरोप लगाया है कि वह आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के पालन किए बगैर (न्यायेतर प्रतिबंध) राज्य में 'ठग लाइफ' फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया दिया। इस बीच, इस मामले (सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका) में हस्तक्षेप की गुहार लगाते हुए कन्नड़ साहित्य परिषद ने शीर्ष अदालत के समक्ष आवेदन किया है।

# ट्रंप जी-7 समिट छोड़कर अमेरिका रवाना

■ कहा, मैं सीजफायर के लिए नहीं लौट रहा

■ जी-7 देशों का इजराइल को मिला समर्थन

**अल्बर्टा,** 17 जून (एजेंसियां)। कनाडा के अल्बर्टा राज्य के कैननास्किस में चल रही जी-7 समिट में इजराइल-ईरान तनाव का असर दिख रहा है। समिट के पहले दिन जी-7 देशों ने इजराइल का समर्थन किया। मंगलवार सुबह साझा बयान में कहा गया कि इजराइल को अपनी आत्मरक्षा करने का अधिकार है। ईरान के पास कभी भी परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए।

उधर, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समिट को बीच में छोड़कर अमेरिका रवाना हो गए हैं। व्हाइट हाउस ने बताया कि मिडिल ईस्ट में तनाव के चलते ट्रम्प ने यह फैसला लिया है। इस बीच ट्रम्प ने कहा, 'मैं सीजफायर के लिए वॉशिंगटन नहीं लौट रहा हूं। बात उससे कहीं बड़ी है।' इससे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा- ईरान को परमाणु 'समझौते' पर हस्ताक्षर करने चाहिए। ईरान न्यूक्लियर हथियार नहीं रख सकता है। मैंने यह बार-बार कहा है! सभी को तुरंत तेहरान खाली कर देना चाहिए।




### 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी की पहली यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी7 सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कनाडा में अल्बर्टा के कानानास्की पहुंचे हैं। यह उनकी दस वर्षों में पहली कनाडा यात्रा है। पीएम मोदी को कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अतिथि के रूप में आमंत्रित किया, जिससे भारत-कनाडा के तनावपूर्ण कूटनीतिक संबंधों में संभावित पुनःस्थापना की उम्मीद जग रही है।

# ईरान का इजराइल के मोसाद मुख्यालय पर हमला

■ मिलिट्री इंटेलिजेंस की बिल्डिंग को निशाना बनाया ■ इजराइल ने ईरानी सेना के डिप्टी कमांडर को मारा

**तेहरान,** 17 जून (एजेंसियां)। इजराइल और ईरान के बीच 5वें दिन भी संघर्ष जारी है। ईरान ने मंगलवार को तेल अवीव में इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद के मुख्यालय पर हवाई हमला किया। इसके अलावा मिलिट्री इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया एजेंसी की बिल्डिंग को भी निशाना बनाया है। इजराइली हवाई हमले में ईरान के डिप्टी कमांडर मेजर जनरल अली शादमानी की मौत हो गई है। शादमानी ईरान की खतम-अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स यानी सैन्य आपात कमान के हेड थे। उन्होंने 4 दिन पहले ही यह पद संभाला था।

अली शादमानी ने मेजर जनरल गुलाम अली राशिद की जगह ली थी। इजराइल ने 13 जून को हमले में उनकी हत्या कर दी थी। खतम अल-अनबिया हेडक्वार्टर्स ईरान की मुख्य सैन्य कमांड यूनिट है। यह युद्ध के वक्त पूरे देश की सैन्य रणनीति और एयर डिफेंस को देखती है।



### अब तक 224 ईरानी मारे जा चुके

पिछले 5 दिनों के दौरान इजराइली हमलों में अब तक 224 ईरानी मारे जा चुके है, जबकि 1,481 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए हैं, जबकि 600 से ज्यादा घायल हैं।

### भारतीय नागरिकों को तेहरान छोड़ने की सलाह



**नई दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए भारत ने तेहरान में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। पिछले 4 दिन से ईरान और इजरायल जंग के हालात हैं। दोनों ओर से हवाई हमले हो रहे हैं, जिससे तेहरान में खासतौर पर गंभीर स्थिति बन चुकी है। वर्तमान हालात को देखते हुए ही भारत ने अपने सभी नागरिकों को तेहरान से बाहर जाने की सलाह दी है।

# दिल्ली में बारिश से सड़कों पर भरा पानी



■ ट्रैफिक जाम का भी करना पड़ा सामना

■ उड़ानों पर भी पड़ा असर, कई डायवर्ट

**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। दिल्ली-एनसीआर के कई इलाकों में मंगलवार (17 जून) को झमाझम बारिश हुई. अचानक हुई तेज बारिश के बाद कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है। इसके बाद ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई है। वहीं इसका असर उड़ानों पर भी पड़ा है। 12 फ्लाइट डायवर्ट किए गए हैं।

एयरपोर्ट सूत्र के मुताबिक दिल्ली में प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे के बीच 12 उड़ानों को डायवर्ट किया गया। धौला कुआं से एयरपोर्ट और गुरुग्राम की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे-48 पर भारी ट्रैफिक जाम की सूचना मिली।

महिपालपुर अंडरपास पर भारी बारिश के कारण वसंत कुंज से एयरपोर्ट और धौला कुआं तक के मार्ग पर ट्रैफिक जाम हो गया, वहीं, उत्तम नगर में जलभराव की स्थिति है। भारी बारिश के कारण विकासपुरी और धौली प्याऊ मार्ग पर जलभराव हो गया। इससे पहले दिन में, भारतीय मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के इलाकों के लिए रेड अलर्ट जारी किया था।

कांग्रेस ने सरकार की मंशा पर उठाए सवाल

# नोटिफिकेशन में जाति जनगणना का जिक्र नहीं : खेड़ा

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने जनगणना के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसके बाद से सियासत तेज हो गई है, विपक्षी दल भाजपा पर हमलावर हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा है कि नोटिफिकेशन में जाति जनगणना का कोई जिक्र नहीं किया गया है। उन्होंने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा, जनगणना तो होगी, लेकिन इसमें जाति जनगणना का कोई जिक्र नहीं है। अगर इसकी तुलना तेलंगाना सरकार के आदेश से करें तो उस आधिकारिक आदेश में तीन बार 'जाति जनगणना' शब्द का स्पष्ट उल्लेख है, यहां तक कि इसे 'जाति सर्वेक्षण' भी कहा गया है। इसलिए इस सरकार की मंशा पर संदेह या आशंका होना स्वाभाविक है। क्योंकि सत्ताधारी पार्टी ने हमेशा इसका विरोध किया है। वहीं पीएम मोदी के जी-7 की बैठक में हिस्सा लेने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 साल के दौरान कई बैठकों में हिस्सा ले चुके हैं, देश को कोई लाभ होता तो दिखता नहीं है।



अखिलेश यादव ने किया साफ

# विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ लड़ेंगे

**लखनऊ,** 17 जून (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने यूपी विधानसभा चुनाव 2027 और इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया।

उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि उनकी पार्टी इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। अखिलेश यादव ने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी पार्टी 2027 का विधानसभा चुनाव इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ेगी। आगामी पंचायत चुनावों के लिए भी पार्टी पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि इनका हर प्रयास सपा के वोट कम करने के लिए होता है, लेकिन जनता अब सच्चाई को समझ रही है।

तैयारी | *अमरनाथ यात्रा की 3 जुलाई से होगी शुरुआत*

# यात्रा मार्ग एक जुलाई से 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 17 जून (देशबन्धु)। आगामी अमरनाथ यात्रा के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जम्मू कश्मीर सरकार ने पूरे तीर्थयात्रा मार्ग को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश के गृह विभाग ने अमरनाथ यात्रा के सभी मार्गों को 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित कर दिया है, जिसमें पहलगाम और बालटाल दोनों मार्ग शामिल हैं।**

यह प्रतिबंध पहलगाम और बालटाल दोनों मार्गों को कवर करने वाले सभी प्रकार के हवाई उपकरणों-यूएवी, ड्रोन और गुब्बारों पर लागू होता है। सुरक्षा निर्देश 1 जुलाई से 10 अगस्त तक लागू रहेंगे। यह निर्णय भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा ऐसा करने की सलाह दिए जाने के बाद लिया गया है। ये प्रतिबंध चिकित्सा निकासी, आपदा प्रबंधन या सुरक्षा बलों द्वारा किए जाने वाले निगरानी अभियानों पर लागू नहीं होंगे। ऐसे अपवादों के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) बाद में जारी की जाएगी। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन आज यहां यात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं। वार्षिक अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी और 9 अगस्त को समाप्त होगी। तीर्थयात्रा के लिए अर्धसैनिक बलों की 581 कंपनियों को तैनात किया जा रहा है।



■ अर्धसैनिक बलों की 581 कंपनियां की जा रही तैनात

### बंकरों के निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश

जम्मू कश्मीर सरकार ने पुंछ के डिप्टी कमिश्नर को निर्देश दिया है कि वे नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के संवेदनशील और गोलाबारी प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बंकरों के निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तुरंत तैयार करें। सिविल सचिवालय से एक औपचारिक विज्ञप्ति में, जम्मू और कश्मीर के माननीय उपमुख्यमंत्री के कार्यालय ने पुंछ के डिप्टी कमिश्नर को जिले के संवेदनशील और गोलाबारी प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बंकरों के निर्माण के लिए तत्काल कदम उठाने का निर्देश दिया है।

## सार संक्षेप

### सोनिया के स्वास्थ्य में हो रहा सुधार, सर गंगाराम में हैं भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। राष्ट्रीय राजधानी के निजी सर गंगाराम अस्पताल के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि श्रीमती गांधी के पेट के संक्रमण में सुधार हो रहा है और उन्हें स्वास्थ्य लाभ हुआ है। श्रीमती गांधी को पेट में दर्द की शिकायत के कारण रविवार रात यहां सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 78 वर्षीय श्रीमती गांधी को चिकित्सा निगरानी में रखा गया है।

### पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर का अमेरिका में विरोध




**नई दिल्ली।** अमेरिका दौरे पर पहुंचे पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर को पाकिस्तानी नागरिकों के विरोध का सामना करना पड़ा है। प्रदर्शनकारियों ने आसिम मुनीर के खिलाफ नारेबाजी की और उन्हें 'सामूहिक हत्यारा' बताया। पाकिस्तानी सेना प्रमुख के लिए शर्मिंदगी तब और बढ़ गई, जब प्रदर्शनकारियों द्वारा उन्हें नाम से पुकारने के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित किए गए।

### सेना ने पूर्व सेना प्रमुखों के साथ किया मंथन



**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भविष्य की चुनौतियों तथा आकस्मिक स्थितियों से और बेहतर ढंग से निपटने की तैयारियों में जुटी सेना ने मंगलवार को पूर्व सेना प्रमुखों के साथ इस ऑपरेशन के बारे में विस्तार से चर्चा की। पूर्व सेना प्रमुखों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए सिफारिशें और सलाह साझा की। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने मंगलवार को यहां पूर्व सेना प्रमुखों के साथ दो दिन के 'चीफ्स चिंतन' सम्मेलन में गहन विचार मंथन किया।

### कोरोना सक्रिय मामले घटकर सात हजार से नीचे आए



**नई दिल्ली।** देश में पिछले तीन दिनों के दौरान कोरोना सक्रिय मामलों में कमी देखी गयी है और मंगलवार सुबह तक सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 6836 रही गई। इससे पहले रविवार और सोमवार को कुल सक्रिय मामलों की संख्या क्रमशः 7383 और 7264 थी।

### आज नौसेना में शामिल होगा युद्धपोत 'अर्नाला'



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का पहला एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट (युद्धपोत) 'अर्नाला' नौसेना में शामिल होने जा रहा है। बुधवार को यह युद्धपोत भारतीय नौसेना का हिस्सा बन जाएगा। इससे नौसेना की तटीय रक्षा क्षमताओं में वृद्धि होगी।

# देश

**उवाच**

"क्या सरकार लोकसभा चुनाव के पहले जातिगत जनगणना करवाएगी, क्या जातिगत जनगणना के आधार पर परिसीमन होंगे, क्या जातिगत जनगणना के आधार पर महिला आरक्षण होगा, यह केंद्र सरकार को स्पष्ट करना होगा।

-उमंग सिंघार, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35.0 | 27.0 |
| मुंबई | 31.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 29.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 35.0 | 29.0 |

# केंद्र सरकार की अधिसूचना में जाति जनगणना का उल्लेख नहीं : कांग्रेस

## कांग्रेस ने केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना पर जताया संदेह

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस ने केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना की अधिसूचना पर संदेह व्यक्त करते हुए मंगलवार को कहा कि इसके लिए पूरी प्रक्रिया का पालन और पर्याप्त बजट का आबंटन किया जाना चाहिए। कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने यहां पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि 16वीं जनगणना के लिए जारी की गई अधिसूचना में जातिगत जनगणना का उल्लेख नहीं है। इससे सरकार की मंशा पर संदेह पैदा होता है।

इसके अलावा जनगणना के लिए पर्याप्त राशि का आवंटन भी नहीं किया गया है जिससे लगता है कि सरकार इस मामले को टाल रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कोविड का बहाना लेकर कई वर्ष तक जनगणना में देरी की गई। उन्होंने कहा कि अब जो जातिगत जनगणना है, उसमें भी न कहीं नहीं मुझे उनकी नीयत में शक है कि यह सिर्फ बात को टालने के लिए और अपना वादा पूरा नहीं करने की पूरी भूमिका बांध चुके हैं। जनगणना की शुरुआत वर्ष 2027 में हो रही है। जो बात जनता के सामने बोली जा रही है, वह औपचारिक अधिसूचना में नहीं है। सरकार को जनगणना के लिए पर्याप्त



जातिगत जनगणना के लिए पूरी प्रक्रिया का पालन और पर्याप्त बजट का आबंटन किया जाना चाहिए : सचिन पायलट

आवंटन करना चाहिए। तेलंगाना के जातिगत गणना का मॉडल अपनाने पर बल देते हुए पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार को पूरे समुदाय की स्थिति जानने के लिए इसे अपनाना चाहिए।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संसद के मानसून सत्र में कांग्रे ?स जनगणना से जुड़े मुद्दे पूरी मजबूती से उठाएगी। वहीं कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि जनगणना तो होगी, लेकिन इसमें जाति जनगणना का कोई जिक्र नहीं है। अगर इसकी तुलना तेलंगाना सरकार के आदेश से करें तो उस आधिकारिक आदेश में तीन बार जाति जनगणना शब्द का स्पष्ट उल्लेख है, यहां तक कि इसे जाति सर्वेक्षण भी कहा गया है। इसलिए इस सरकार की मंशा पर संदेह या आशंका होना स्वाभाविक है। क्योंकि सत्ताधारी पार्टी ने हमेशा इसका विरोध किया है। वहीं मोदी के जी-7 की बैठक में हिस्सा लेने पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 साल के दौरान कई बैठकों में हिस्सा ले चुके हैं, देश को कोई लाभ होता तो दिखता नहीं है। अपनी वाहवाही के लिए विदेश नीति नहीं होती है, यह देश को लाभ पहुंचाने के लिए होती है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत के साथ कोई देश खड़ा नहीं दिखा, इस समय हम अकेले ही रहे। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद किसी भी राष्ट्र ने पाकिस्तान को आतंकी देश नहीं कहा, यह सब विदेश नीति की विफलताएं हैं। चीन, तुर्की, अजरबैजान और पाकिस्तान को आसानी से एडीबी, वर्ल्ड बैंक, आईएमएफ के लोन मिल रहे हैं।

### दबाव में किया गया जातिगत जनगणना कराने का फैसला

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि मोदी सरकार ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की मांग के दबाव में जातिगत जनगणना कराने का फैसला किया है, लेकिन इसके लिए पूरी प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना का तात्पर्य केवल लोगों की जाति पूछना नहीं बल्कि उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी लेना है जिससे समाज के समग्र कल्याण की योजनाएं तैयार की जा सके। जनगणना की प्रक्रिया में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच की जानकारी पता करने का तरीका भी शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनगणना पर 10 हजार करोड़ रुपया तक खर्च होता है, लेकिन सरकार ने 570 करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिए पर्याप्त धनराशि का आबंटन नहीं हो रहा है।

# महाराष्ट्र मंत्रिमंडल ने लिए दस बड़े फैसले

**मुंबई,** 17 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को मंत्रिमंडल की बैठक में 10 बड़े फैसले लिए, जिसमें महाराष्ट्र कृषि एआई नीति को मंजूरी और धारावी पुनर्विकास परियोजना में विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) तथा अन्य एजेंसियों के बीच लीज समझौते पर स्टांप शुल्क में छूट शामिल है। आधिकारिक प्रवक्ता के मुताबिक सरकार ने नासिक जिले के जम्बुटके गांव में 52 हेक्टेयर जमीन आदिवासी औद्योगिक क्लस्टर के लिए महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम को हस्तांतरित करने की मंजूरी दे दी। इस क्लस्टर की स्थापना से आदिवासी समुदाय के उभरते उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने इसके साथ ही एमएमआरडीए और मेसर्स रायगढ़ पेन ग्रोथ सेंटर लिमिटेड की संयुक्त परियोजना के लिए आवश्यक भूमि पर स्टांप शुल्क में राहत दी। यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से राज्य में पहली बड़ी परियोजना है और यह केन्द्र विदेशी निवेश को आकर्षित करेगा। उन्होंने बताया कि सरकार ने मुंबई के मौजे पहाड़ी गोरेगांव में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के लिए आवश्यक भूमि हस्तांतरण पर स्टाम्प शुल्क माफ करने का भी निर्णय लिया।

विश्वविद्यालय को स्वयं के स्वामित्व वाली इमारत मिलेगी। हजारों छात्रों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मंत्रिमंडल ने धारावी पुनर्विकास परियोजना में विशेष प्रयोजन वाहन (एसपीवी) और अन्य एजेंसियों के बीच लीज समझौते पर स्टाम्प शुल्क में छूट के लिए भी अपनी मंजूरी दे दी।

# बिहार में रोज खुल रही सुशासन के दावों की पोल : संजय सिंह

**पटना,** 17 जून (देशबन्धु)। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी ने राज्य की सियासत में एंट्री की तैयारी कर ली है। पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को पटना पहुंचकर बड़ा ऐलान किया कि आप बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती से लड़ेगी। संजय सिंह ने कहा कि, बिहार में आप अपने उम्मीदवार उतारेगी। सीटों के तालमेल और रणनीति को लेकर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व और स्थानीय इकाई मिलकर निर्णय लेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि पार्टी अब बिहार में संगठन को मजबूत करने पर जोर दे रही है।

इस दौरान संजय सिंह ने बीजेपी-जेडीयू गठबंधन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि, सुशासन के दावों की पोल हर रोज खुल रही है। पीएम मोदी बिहार में प्यार जताते हैं, लेकिन दिल्ली में बीजेपी नेता बिहार के लोगों को दुश्मन समझते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली में वर्षों से रह रहे बिहार और यूपी के लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाया गया, उन्हें बांग्लादेशी कहकर अपमानित किया गया। संसद में इस मुद्दे को उठाने का जिक्र करते हुए संजय सिंह ने कहा कि, बिहार के लोगों से हम अपील करते हैं कि जो पार्टी दिल्ली से आपको भगाना चाहती है, उसे बिहार से बाहर का रास्ता दिखाइए। बता दें कि बिहार में फिलहाल आम आदमी पार्टी का कोई बड़ा जनाधार नहीं है, लेकिन पार्टी का फोकस संगठन विस्तार और स्थानीय नेतृत्व को खड़ा करने पर है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आप चुनाव में किसी गठबंधन का हिस्सा बनती है या अकेले चुनाव मैदान में उतरती है।




- भाजपा-जदयू गठबंधन व मोदी पर भी निशाना साधा
- बिहार में मजबूती से चुनाव लड़ने का किया ऐलान

## सार संक्षेप

### पहलगाम सहित कश्मीर के कई पर्यटन स्थल फिर से खुले

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर के कई पर्यटन स्थलों और पार्कों को मंगलवार को फिर से खोल दिया गया। यह पर्यटक स्थल 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद बंद कर दिए गए थे। गौरतलब है कि आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को पहलगाम में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की हत्या कर दी थी। अधिकारियों ने कहा कि मंगलवार को फिर से खुलने वाले पर्यटक स्थलों में बेताब घाटी, पहलगाम मार्केट पार्क, वेरीनाग गार्डन, कोकरनाग गार्डन और अच्छाबल गार्डन शामिल हैं।

### मुंबई में नींव ढहने से मजदूर की मौत

**मुंबई।** मुंबई के अंधेरी ईस्ट में मानसून की भारी बारिश के दौरान एक नींव की खुदाई के दौरान मिट्टी ढहने से मजदूर की दुखद मौत हो गई। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह जानलेवा हादसा कदमवाड़ी में गत सोमवार शाम पौने आठ बजे हुआ। बीएमसी की रिपोर्ट अनुसार, मजदूर सैला बिजनेस पार्क के पीछे स्थित एक इमारत की नींव की खुदाई का काम कर रहा था। अचानक बगल की ढीली मिट्टी का एक हिस्सा ढह गया, जिससे वह मलबे के नीचे दब गया।

### पूर्व विधायक के खिलाफ गैर जमानती वारंट

**पटना।** आचार संहिता उल्लंघन एवं सरकारी आदेश की अवहेलना के मामले में बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने दानापुर विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक आशा सिन्हा के खिलाफ गिरफ्तारी का गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण कुमार मालवीय ने मुकदमे में सिन्हा की लगातार अनुपस्थिति के कारण उनका बंध पत्र खारिज करते हुए गैर जमानती वारंट जारी किए जाने का यह आदेश पारित किया है।

### कोझिकोड सेक्स रैकेट मामले में केरल के दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**कोझिकोड।** केरल के कोझिकोड स्थित मालापराम्बु में सेक्स रैकेट चलाने के आरोपी दो पुलिसकर्मियों को मंगलवार को हिरासत में ले लिया गया। दोनों ही फरार चल रहे थे। आरोप है कि दोनों की मदद से स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट चलाया जा रहा था। जहां ये सब कुछ चल रहा था, उसे बुजुर्गों की देखभाल के लिए सेवाएं देने वाली एजेंसी के तौर पर पेश किया गया था। दोनों आरोपियों की पहचान वरिष्ठ सिविल पुलिस अधिकारी (सीपीओ) शैजित और सीपीओ सानिथ के रूप में हुई है।

# ईरान में फंसे कर्नाटक के दो सौ से अधिक लोग

**बेंगलुरु,** 17 जून (एजेंसियां)। ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध में कर्नाटक के 200 से अधिक लोग ईरान में फंसे हुए हैं, जिनमें मेडिकल के विद्यार्थी और व्यवसायी भी शामिल हैं। इंडो-ईरान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष सैयद हकीम रजा ने मंगलवार को कहा कि ईरान में फंसे हुए लोगों में 15 से अधिक चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी और 50 से अधिक धार्मिक अध्ययन के लिए गए विद्यार्थी हैं। इसके साथ ही राज्य के कई व्यवसायी भी युद्धग्रस्त देश में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास ने एहतियात के तौर पर तेहरान से मेडिकल विद्यार्थियों को क़ोम शहर में भेजना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दिन से लोगों को भेजने का काम चल रहा है। दूतावास लगातार हमारे साथ संपर्क में है। इंडो-ईरान चैंबर राहत प्रयासों का सक्रिय रूप से समन्वय कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे निदेशक भी वहां हैं। मेरे अपने परिवार के कई सदस्य (भतीजे, भतीजियाँ और भाइयों के बच्चे जो व्यवसाय में शामिल हैं) ईरान में फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से चिंता जताई है, लेकिन फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। मौजूदा समय में ईरान में 10,000 से अधिक भारतीय नागरिक हैं, जो तेहरान, क़ोम, बंदर अब्बास और चाबहार जैसे प्रमुख शहरों में रहते हैं।



# झारखंड के शहीद जवान के परिजनों को दी 2.66 करोड़ की आर्थिक मदद

**रांची,** 17 जून (एजेंसियां)। झारखंड के चाईबासा में 12 अप्रैल, 2025 को नक्सल विरोधी अभियान के दौरान आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) की चपेट में आकर शहीद हुए स्पेशल टास्क फोर्स झारखंड जगुआर के जवान सुनील धान के परिजनों को 2 करोड़ 66 लाख 26 हजार 972 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को अपने आवासीय कार्यालय में शहीद जवान के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें सम्मान एवं सहायता राशि प्रदान करते हुए राज्य की जनता की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की। सरकारी प्रावधान के अनुसार शहीद के परिजनों को जहां स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत 1 करोड़ 20 लाख रुपए का चेक सौंपा गया, वहीं गृह विभाग की ओर से 1 करोड़ 46 लाख 26 हजार 972 रुपए की राशि उनके बैंक अकाउंट में क्रेडिट की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरक्षी सुनील धान ने राज्यवासियों की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। हम पूरे राज्य की ओर से उनकी शहादत को नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने परिजनों से कहा कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने शहीद आरक्षी की पत्नी से कहा कि राज्य सरकार के प्रावधान के तहत आप चाहें तो अनुकंपा पर सरकारी नौकरी कर सकती हैं।




हेमंत सोरेन ने की शहीद जवान के परिजनों से मुलाकात

### राज्य सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी : हेमंत सोरेन

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार एक शहीद परिवार की पीड़ा को गहराई से समझती है। उन्होंने शहीद के परिजनों को हौसला देते हुए कहा कि राज्य सरकार हमेशा उनके साथ खड़ी है। शहीद आरक्षी सुनील धान की 65 वर्षीय माता फगनी उराइन और 29 वर्षीय पत्नी गंदरी धान ने मुख्यमंत्री को अपनी पारिवारिक स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान शहीद जवान के दो पुत्र प्रियांश धान (5) और अनिकेत धान (3) भी उनके साथ थे।

# राज्य कर्मियों की पदोन्नति को दी मंजूरी : डा.यादव

**भोपाल,** 17 जून (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मंत्रि-परिषद की बैठक में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसमें मध्य प्रदेश के सभी शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए पदोन्नति के लंबित मसले को मंजूरी दे दी गई है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के कर्मचारियों-अधिकारी के 9 साल से लंबित पदोन्नति के मामले का निराकरण किया है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति सहित सभी वर्गों के शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के हितों का समुचित ध्यान रखा गया है। अधिकारी एवं कर्मचारियों की पदोन्नति होने के बाद शासकीय सेवाओं में 2 लाख पद रिक्त होंगे।



# निशांत कुमार को नालंदा से चुनाव लड़ना चाहिए : कौशलेंद्र

**पटना,** 17 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के विस चुनाव लड़ने को लेकर तरह तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। इसी बीच जेडीयू के बड़े नेता ने निशांत के चुनाव लड़ने पर बड़ा अपडेट दिया है। नालंदा के जेडीयू सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा है कि अगर निशांत राजनीति में आते हैं तो इससे जेडीयू नेताओं को काफी खुशी होगी। सांसद का मानना है कि अगर निशांत कुमार इस्लामपुर विस सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन दाखिल करते हैं तो नालंदा की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देकर विधानसभा पहुंचाने का काम करेगी। बता दें कि बिहार की सियासत में पिछले कुछ समय से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के विस चुनाव लड़ने की चर्चा हो रही है हालांकि इसको लेकर मुख्यमंत्री की तरफ से किसी तरह का कोई बयान नहीं आया है हालांकि निशांत खुद यह कह चुके हैं कि जनता मालिक है और जनता को ही इसका फैसला करना है। उधर, जेडीयू का स्पष्ट कहना है कि निशांत जिस सीट से भी चुनाव लड़ना चाहेंगे उस सीट से वह चुनाव मैदान में उतर सकते हैं।



- जदयू सांसद ने की निशांत की तारीफ

### इस्लामपुर सीट से चुनाव लड़ने की मांग

जेडीयू सांसद ने कहा है कि निशांत कुमार के नालंदा के इस्लामपुर सीट से विस चुनाव लड़ने की मांग पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं की तरफ से की जा रही है। अगर निशांत इस सीट से चुनाव लड़ते हैं तो नालंदा के लोग उन्हें हर हाल में जीताने का काम करेंगे। उन्होंने नीतीश कुमार से निशांत कुमार को लेकर बड़ी मांग कर दी है। नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने पार्टी सुप्रीमो नीतीश कुमार से अपील की है कि निशांत कुमार को इस्लामपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने का मौका दिया जाए।

# असम में गैस रिसाव से प्रभावित परिवारों को वित्तीय सहायता

**गुवाहाटी,** 17 जून (एजेंसियां)। असम के शिवसागर जिले में तेल एवं प्राकृतिक गैस निमग (ओएनजीसी) के एक कुएं में गैस रिसाव जारी रहने के बीच मुख्यमंत्री हिमंता विश्व शर्मा ने मंगलवार को गैस रिसाव से प्रभावित प्रत्येक परिवार को 25 हजार रुपए की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की। शर्मा ने कहा कि गैस रिसाव के कारण अपने घरों से अन्य जगह पर स्थानांतरित होने वाले परिवारों को मुख्यमंत्री राहत कोष से तत्काल एकमुश्त सहायता राशि दी जायेगी जबकि वह प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने का मुद्दा केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी और ओएनजीसी के समक्ष उठाएंगे। गौरतलब है कि यह गैस रिसाव 12 जून को भाटियापार के बारीचुक में रुद्रसागर तेल क्षेत्र में स्थित रिग संख्या 147 (ए) और कुआं संख्या 135 में हुआ। ओएनजीसी की कई कोशिशों के बावजूद रिसाव जारी है। इससे लगभग 1,500 लोग प्रभावित हुये हैं और 350 परिवारों को राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। ओएनजीसी रिसाव रोकने के प्रयास कर रही है और एक अमेरिकी विशेषज्ञ को बुलाने की योजना भी बनायी गई है।

# अहमदाबाद विमान हादसे में 144 लोगों के डीएनए सैंपल का मिलान

**अहमदाबाद,** 17 जून (एजेंसियां)। एयर इंडिया विमान हादसे में मारे गए लोगों के डीएनए मिलान की प्रक्रिया जारी है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने मंगलवार को डीएनए मैच को लेकर अपडेट दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक 144 शवों की पहचान की पुष्टि हो चुकी है।

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, दोपहर 12 बजे तक 144 डीएनए नमूनों का मिलान हो चुका है। सोमवार को अहमदाबाद सिविल अस्पताल के अधीक्षक डॉ. राकेश जोशी ने बताया था कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना में मारे गए 64 लोगों के शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। इसके अलावा, 24 परिवार हमें सूचित करेंगे कि शव कब स्वीकार किए जाएंगे। इससे पहले गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना से मिली वस्तुओं के बारे में अहम जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि सामान को इकट्ठा कर पीड़ित परिवारों को सौंपा जाएगा। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट को रीशेयर किया था। उन्होंने लिखा, दुर्घटनास्थल पर मिले प्रत्येक सामान को सावधानीपूर्वक एकत्र किया जाएगा, उसका दस्तावेजीकरण किया जाएगा और संबंधित परिवारों को सौंप दिया जाएगा। हमारी टीम इन व्यक्तिगत वस्तुओं का पता लगाने और उनकी पहचान करने के लिए लगन से काम कर रही है।



**संशय** ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर क्या फिर बंटेगा शक्कर और शर्बत

# चमलियाल मेले के आयोजन को लेकर आशंकाओं का दौर

**जम्मू, 17 जून (देशबन्धु)। जम्मू सीमा पर रामगढ़ में 26 जून को चमलियाल मेले के लिए अभी दोनों देशों में सहमति बनना बाकी है। सांबा जिला प्रशासन मेले की तैयारियां कर रहा है, लेकिन अभी तक बीएसएफ व पाक रेंजर्स में कोई बातचीत नहीं हुई है क्योंकि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पाकिस्तान के साथ फ्लैग मीटिंग करने की दिशा में हामी नहीं भरी है। ऐसे में मेला लगेगा या नहीं, यह सवाल सबके दिल में है। इस बार मेले के आयोजन को लेकर आशंकाओं** का दौर भी जारी है। हालांकि पर मेले के आयोजन पर दोनों ही मुल्कों के बीच फाइनल मीटिंग अभी तय नहीं हुई है। ऐसा माहौल आपरेशन सिंदूर के बाद पैदा हुई तनातनी के कारण है। जीरो लाइन पर चमलियाल मेला तभी संभव होता है जब पाकिस्तान की ओर से विश्वास दिलाया जाता है कि किसी भी हालात में मेले के दौरान गोलीबारी या कोई अन्य शरारत नहीं की जाएगी। वर्ष 2018 में सीमा पर भारी गोलाबारी कर रहे पाकिस्तान ने मेले को लेकर सुचेतगढ़ में हुई सेक्टर कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग में अपने तेवर नरम करने की दिशा में कोई गंभीरता नहीं दिखाई थी। ऐसे हालात में लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने अतीत में कई बार मेले को रद्द कर किया जा चुका है। सूत्रों के बकौल, आपरेशन सिंदूर के दौरान पाक रेंजरों ने चमलियाल चौकी को भी नहीं बख्शा था और वहां भी गोलों की बरसात की थी। भारतीय पक्ष ने जम्मू सीमा पर उसे मुंहतोड़ जवाब देकर उसकी सीमा चौकियों को नेस्तनाबूद कर दिया था जिस कारण पाक रेंजर कोई बातचीत करने को राजी नहीं हैं। जानकारी के लिए भारतीय क्षेत्र में एक दिन तो पाकिस्तान में सप्ताह भर चलता है।

भारतीय क्षेत्र में चमलियाल मेला एक दिन चलता है। वहीं जीरो जाइन से 300 मीटर दूर पाकिस्तान के सैदांवाली गांव में यह करीब एक हफ्ता चलता है। बीएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2017 तक चमलियाल मेले के आयोजन में पाकिस्तान भी गंभीरता दिखाता रहा है, लेकिन वर्ष 2018 में उसने मेले से ठीक पहले खूनखराबा करने की मंशा से गोलाबारी कर स्पष्ट संकेत दे दिए थे कि वह मेले के प्रति गंभीर नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए ही इस बार भी पाकिस्तान का रवैया जानने की कोशिश कर रहे हैं। परंपरा के अनुसार पाक स्थित सैदांवाली चमलियाल दरगाह पर वार्षिक साप्ताहिक मेले का आगाज वीरवार को होता है और अगले वीरवार को समापन। जिस दिन भारतीय क्षेत्र दग-छन्नी स्थित दरगाह पर मेला लगता है, उस दिन पाकिस्तान को तोहफे के तौर पर पवित्र शरबत और शक्कर भेंट की जाती है। जीरो लाइन पर स्थित चमलियाल सीमांत चौकी पर जो मजार है वह बाबा दीलिप सिंह मन्हास की समाधि है। इसके बारे में प्रचलित है कि उनके एक शिष्य को एक बार चम्बल नामक चर्म हो गया था। बाबा ने उसे इस स्थान पर स्थित एक विशेष कुएं से पानी तथा मिट्टी का लेप शरीर पर लगाने को दिया। उसके प्रयोग से शिष्य ने रोग से मुक्ति पा ली। इसके बाद बाबा की प्रसिद्धि बढ़ी तो गांव के किसी व्यक्ति ने उनका गला काट कर हत्या कर दी। बाद में उनकी हत्या वाले स्थान पर उनकी समाधि बनाई गई।




- जम्मू सीमा पर रामगढ़ में 26 जून को लगना है मेला

# कैपिटल ज़ोन

**उल्टा पुल्टा**

मरीज : डॉक्टर साहब ऑपरेशन पूरी सावधानी से करिएगा ?
डाक्टर : ऐसा क्यूं कहा ?
मरीज : क्यूंकि सर्जन और विसर्जन में बस जरा सा ही अंतर है ?
ऑपरेशन सही हुआ तो आप सर्जन और अगर हाथ हिल गया तो मेरा विसर्जन...

## सौ दिनों में दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू से वेंटिलेटर पर पहुंचाया : कांग्रेस

### रेखा सरकार पर लगाया भ्रमित करने की राजनीति का आरोप



**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। कांग्रेस दिल्ली प्रदेश कांग्रेस देवेंद्र यादव ने मंगलवार को एक बयान जारी कर भाजपा सरकार पर भ्रमित करने की राजनीति करने का आरोप लगाया। भाजपा सरकार को उसके चुनावी वादों की याद दिलाते हुए यादव ने कहा कि अनाधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों के पास आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का जो वादा भाजपा ने किया था, वह ज़मीनी हकीकत में बदलने की बजाय कांग्रेस सरकार के समय शुरू हुई डिस्पेंसरियों के नाम बदलने और उनका दोबारा उद्घाटन तक सीमित रह गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भारी प्रचार के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने का ऐलान किया था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिन 33 केंद्रों को नए मंदिर बताया जा रहा है, उनमें 29 पहले से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 4 उप-केंद्र के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने आरोप लगाया कि रेखा गुप्ता सरकार ने केवल इन पुराने केंद्रों की मरम्मत और रंगाई-पुताई करके उन्हें नया नाम देकर दोबारा उद्घाटन कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया है। रेखा गुप्ता सरकार ने 100 दिनों में दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईसीयू से वेंटिलेटर पर पहुंचा दिया है। टीकाकरण, योग और परिवार नियोजन जैसी सेवाओं के लिए प्रशिक्षित स्टाफ और समुचित ढांचा जरूरी होता है, जिसकी इन केंद्रों में भारी कमी है। यादव ने कहा कि इन 33 केंद्रों के सीमित स्टाफ से ही 123 नए केंद्रों को चलाने की योजना बनाई गई है, जिससे हर कर्मचारी को चार-चार केंद्रों की जिम्मेदारी दी जा रही है।

### मौजूदा बजट में कुल 320 करोड़ का था प्रावधान : यादव

कांग्रेस दिल्ली प्रदेश कांग्रेस देवेंद्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से प्राप्त 56.31 करोड़ रुपए के बजट में से केवल 98 मेडिकल ऑफिसर, 123 स्टाफ नर्स, 33 लेडी हेल्थ विज़िटर और 33 पब्लिक हेल्थ मैनेजर की नियुक्तियों की बात है, जिससे 123 केंद्रों का संचालन प्रभावी ढंग से संभव नहीं। यह दिल्ली के लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का काम है। उन्होंने कहा कि मौजूदा बजट में कुल 320 करोड़ (192 करोड़ केंद्र सरकार और 128 करोड़ राज्य सरकार) का प्रावधान था, लेकिन अब तक केवल 56.31 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है, जो दर्शाता है कि सरकार की मंशा और योजना दोनों अधूरी हैं।

## सैलानियों को आधुनिक सुविधा मुहैया कराने पर दिया बल

**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। सैलानियों को बेहतर सुविधा मिले इसी को ध्यान में रखते हुए सरोवर होटल्स ने उदयपुर, राजस्थान में गोल्डन ट्यूलिप खोलने की घोषणा की। गोल्डन ट्यूलिप के लॉन्च के बारे में अजय के बकाया चेयरमैन सरोवर होटल्स एंड डायरेक्टर लूव्र होटल्स इंडिया ने कहा उदयपुर शहर हेरिटेज और रोमांस में डूबा शहर है, और हमें गोल्डन ट्यूलिप के लॉन्च के साथ यहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए खुशी है। यह होटल शानदार सत्कार और स्थानीय परंपराओं का मेल सेवा के अंतरराष्ट्रीय मानकों से करवाएगा। हमें विश्वास है कि यह प्रॉपर्टी लैजर और बिजनेस दोनों ही वर्गों के उन ट्रैवलर्स के लिए पसंदीदा विकल्प साबित होगी जो शहर के सौंदर्य और इसकी भव्य विरासत को टटोलना चाहते हैं। इस मौके पर मनमोहन सिंह मैनेजिंग पार्टनर, रेडिएंट ग्लोबस होटल्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने कहा हम उदयपुर में गोल्डन ट्यूलिप के लिए सरोवर होटल्स के साथ भागीदारी करते हुए बेहद खुशी महसूस कर रहे हैं। यह प्रॉपर्टी जुनून का प्रतीक है, जो मेहमानों के लिए आराम के साथ-साथ स्टाइल और यादगार अनुभवों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। उदयपुर का समयातीत आकर्षण और उस पर सरोवर की ऑपरेशनल विशेषज्ञता ने इसे हॉस्पीटेलिटी की शानदार डेस्टिनेशन के तौर पर पेश किया है।

## राष्ट्रीय राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र में हो सैनिक स्कूल स्थापित : सोलंकी

### खाप नेता ने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात



**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के 360 गांवों की प्रमुख आवाज और एक प्रमुख खाप नेता सुरेंद्र सोलंकी ने हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की और राष्ट्रीय राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र में एक सैनिक स्कूल स्थापित करने का अनुरोध किया। सोलंकी के अनुसार, दिल्ली की ग्रामीण आबादी के कई लोग पीढ़ियों से सशस्त्र बलों और पुलिस में भाग लेते रहे हैं और विभिन्न भूमिकाओं में समाज में योगदान देते रहे हैं। सोलंकी ने बताया कि रक्षा मंत्री से हाल की मुलाकात में उन्होंने न केवल एक सैनिक स्कूल की स्थापना की मांग की, बल्कि उन्हें लंबित मुद्दों से भी अवगत कराया, जिनमें मास्टर प्लान 2041 को लागू करने की आवश्यकता भी शामिल है। उन्होंने सरकार से विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित भूमि और भूखंडों के लिए स्वामित्व अधिकार प्रदान करने और लंबे समय से लंबित आवंटन प्रक्रिया को तेज करने का अनुरोध किया। इसके अलावा, सोलंकी ने सरकार से सशस्त्र बलों में भर्ती को फिर से खोलने का आग्रह किया। उन्होंने दिल्ली के गांवों के शहर के विकास में महत्वपूर्ण योगदान पर जोर दिया और राष्ट्रीय राजधानी के ग्रामीण क्षेत्र को स्मार्ट सिटी की तर्ज पर विकसित करने की वकालत की, सुझाव दिया कि उन्हें मॉडल गांव के रूप में विकसित किया जाना चाहिए।

**सार संक्षेप**

### स्वस्थ जीवन की गारंटी सरकार की प्राथमिकता : मिश्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विकास मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ जीवन की गारंटी दिल्ली सरकार की प्राथमिकता है और इसी को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले जा रहे हैं। दिल्ली की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में दिल्ली सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। आज दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन के तहत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में 33 आयुष्मान आरोग्य मंदिर और 17 जनऔषधि केंद्रों का लोकार्पण किया गया। मिश्रा ने करावल नगर स्थित खजूरी क्षेत्र में एक आरोग्य मंदिर का लोकार्पण करने के बाद कहा, दिल्ली की जनता को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में जनता से किए गये वादे सरकार पूरा कर रही है। इसी क्रम में स्वस्थ जीवन' की गारंटी के रूप में आज करावल नगर स्थित खजूरी क्षेत्र में एक आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया गया।

## जीवन में स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण विषय : सत्या शर्मा

- बाबरपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया लोकार्पण
- स्वास्थ्य का ध्यान रख हमें नियमित रूप से करना चाहिए योग




**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने मंगलवार को बाबरपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के चेयरमैन पुनीत शर्मा, डिप्टी चेयरमैन मुकेश बंसल, शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त अभिषेक कुमार, डॉ. नंदिनी, डॉ. मुदगिल सहित दिल्ली नगर निगम के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। बाबरपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लोकार्पण के अवसर पर स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने कहा कि हमारे जीवन में स्वास्थ्य सबसे महत्वपूर्ण विषय है। हमें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए एवं नियमित रूप से योग करना चाहिए।

सत्या शर्मा ने कहा कि पहले इस स्वास्थ्य केंद्र पर केवल गर्भवती महिलाओं की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच होती थी लेकिन अब यहां पर पुरुषों की भी प्राथमिक स्वास्थ्य जांच जैसे मधुमेह और रक्तचाप इत्यादि की जांच होगी। स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि हमें दिल्ली को साफ एवं स्वच्छ बनाना है। उन्होंने कहा कि पूर्वी दिल्ली में साफ सफाई एक बड़ा मुद्दा है। यहां लोग कूड़े को सड़क किनारे डालते हैं। सत्या शर्मा ने कहा कि हमारा ध्येय हमारी दिल्ली स्वच्छ दिल्ली सुंदर दिल्ली है और इसकी प्राप्ति के लिए हम सब पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

### योग की कक्षाएं भी चलाई जाएंगी

स्थायी समिति की अध्यक्षा सत्या शर्मा ने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर योग की कक्षाएं भी नियमित रूप से चलाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्ली की जनता को सुलभ और नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में मील का पत्थर साबित होगी। चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ यह आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य जागरुकता के प्रसार में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

## मंदिर श्रीकृष्ण की जन्मभूमि पर ही बनेगा : साध्वी ऋतम्भरा

### पुस्तक हमारे प्रेरणा स्रोत द्वापर के श्रीकृष्ण का किया लोकार्पण



**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। श्रीकृष्ण भगवान का मन्दिर श्रीराम जन्मभूमि की तरह पुन: मथुरा में बनेगा उसके लिए आवश्यकता है निरन्तर प्रयास की, यह उद्गार साध्वी ऋतम्भरा ने दीपक कुमार द्वारा लिखित पुस्तक हमारे प्रेरणा स्रोत द्वापर के श्रीकृष्ण के लोकार्पण समारोह में बोलते हुए दिल्ली में कहा। इस कार्यक्रम में लेखक दीपक कुमार ने अपनी पुस्तक के बारे में विशेषता बताते हुए कहा कि उन्होंने द्वारका का जो वर्णन हिन्दू धार्मिक पुस्तकों में आता है उसको आधार मानकर एक नक्शा इस पुस्तक में दिया है। लेखक के अनुसार श्रीकृष्ण की अग्रपूजा से पहले उन्होंने अखंड भारत को राजसूय व अश्वमेघ यज्ञ के माध्यम से दो बार जीता था। उसकी एक मानचित्र लेखक ने भी दिया है। लेखक ने विस्तार से बताया कि 1998 से 2003 तक किस प्रकार उसने तात्कालीन भाजपा के कोषाध्यक्ष वेदप्रकाश गोयल जी के साथ मिलकर द्वारका जो समुद्र में डूबी हुई है उसको निकालने के लिए प्रयास किया था। लेखक ने पुस्तक में कई पत्र गुजरात मैरीटाइम बोर्ड, राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान, गोवा के साथ जो पत्राचार हुआ था वह भी पुस्तक में दी हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सम्बन्धित इतिहास भी पुस्तक में एक अध्याय के रूप में दिया गया है।

## केंद्र सरकार ने पर्यावरणीय चेतना को नीति निर्माण के मूल में किया स्थापित : हर्ष मल्होत्रा

**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। शाहदरा विधानसभा क्षेत्र में भोलानाथ नगर स्थित लव कुश पार्क में मोदी सरकार के सेवा सुशासन संकल्प और गरीब कल्याणकारी योजनाओं के 11 वर्ष की उपलब्धि, वृक्षारोपण और प्रधानमंत्री आयुष्मान वय वंदना कार्ड 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का कैंप आयोजित कर रजिस्ट्रेशन किया गया, जिसमें 34 लोगों का रजिस्ट्रेशन मौके पर किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि पूर्वी दिल्ली से सांसद व भारत सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पर्यावरणीय चेतना को नीति-निर्माण के मूल में स्थापित किया है। वैदिक दर्शन से प्रेरित 'प्रकृति रक्षति रक्षित:' का विचार अब योजनाओं और अभियानों में स्पष्ट रूप से दिख रहा है। मिशन लाइफ हो या एक पेड़ मां का नाम, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान, राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम हो या नवीकरणीय ऊर्जा की क्रांति, भारत ने यह सिद्ध किया है कि पर्यावरण की रक्षा केवल योजनाओं का विषय नहीं, बल्कि अब यह ग्रासरूट पर बड़ा आकार ले चुका है। भारत में प्रति व्यक्ति कार्बन का उत्सर्जन दुनिया भर में प्रति व्यक्ति




**मोदी सरकार के सेवा सुशासन संकल्प पर दिया जोर**

कार्बन पदचिह्न प्रति वर्ष 4 टन से काफी कम है और यह 0.5 टन है. भारत का लक्ष्य आने वाले दिनों में कार्बन फुटप्रिंट को शून्य पर लाना है। इसके साथ ही साथ भारत का 2030 तक 500 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2030 तक अपनी ऊर्जा खपत का 50 प्रतिशत नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त करेगा। शाहदरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक संजय गोयल ने बताया वर्ष 2014 में शुरू किए गए नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत 40,481 करोड़ रुपए की 494 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

### 74 सौ वर्ग किमी वन क्षेत्र में होगी बढ़ोतरी

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मार्च 2022 में देश के 13 बड़ी नदियों के संरक्षण का काम शुरू किया है. नदियों के किनारे पेड़ लगाने का काम शुरू हुआ है इससे 7400 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में बढ़ोतरी होगी। और यह भी पर्यावरण संरक्षण को लेकर के क्रांतिकारी कदम है। इसके साथ ही साथ देश में स्वष्ठ बल्ब के इस्तेमाल से प्रतिवर्ष 40 मिलियन टन कार्बन का उत्सर्जन कम हो रहा है। सुधीर कुमार दास का कहना है कि अगर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नीतियों का हम बेहतर तरीके से पालन करते रहें तो हम 2070 तक नेट-जीरो लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

## कार ड्राइवर को बनाया बंधक

**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। किशनगढ़ इलाके में 15 जून की शाम को तीन बदमाशों ने एक कार चालक को उसकी ही गाड़ी में बंधक बना लिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा (ई-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में ई-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | एडीईएन/डीएलआई के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एल/डीएलआई के खंड में शकूरबस्ती में कोचिंग टर्मिनल वाशिंग लाइन के पास स्थित आरओ प्लांट नंबर-1 क्षमता 20 किलोमीटर प्रति घंटे आउटपुट उपचारित जल आपूर्ति का संचालन एवं रखरखाव का कार्य। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 1,19,96,492.61 (रुपये एक करोड उन्नीस लाख छियान्नवे हजार चार सौ बानबे और इकसठ पैसे मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 2,10,000 /- (रूपये दो लाख दस हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | ₹ 0.00 |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 08.07.2025 को 15:00 बजे तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध। |
| 7 | आवंटन | 04-410-32 |

• ठेकेदारों को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

सं.: 128-W/280/ई-निविदा सूचना/09/2025-26/W-3 दिनांक: 16.06.2025
1798/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम: | 1. एसएनपी-एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/पी.वे/एसएनपी के अधिकार क्षेत्र में 2025-26 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य। 2. केकेडीई-एडीईएन/केयूएन के अंतर्गत एसएसई/पी.वे/केकेडीई के अधिकार क्षेत्र में 2025-26 के लिए ट्रैक कार्य के अचंभे को ट्रैक किया गया है। 3. पीएनपी- एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/पी.वे/पीएनपी के अधिकार क्षेत्र में 2025-26 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य। 4. करनाल-एडीईएन/केयूएन के तहत एसएसई /पी.वे/केयूएन के अधिकार क्षेत्र में 2025-26 के लिए ट्रैक कार्य का वार्षिक कार्य। 5. एसएफडीई-एडीईएन/पीएनपी के तहत एसएसई/पी.वे/एसएफडीई के अधिकार क्षेत्र में 2025-26 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य। 6. केएलई-एडीईएन /केयूएन के तहत एसएसई/पी.वे/केएलई के अधिकार क्षेत्र में 2025-26 के लिए ट्रैक कार्य के रखरखाव के लिए वार्षिक कार्य। |
| 2. | अनुमानित लागत: | 1. रु. 9796295.31/- 2. रु. 9661694.14/- 3. रु. 9616027.56/- 4. रु. 9619281.74/- 5. रु. 7482237.36/- 6. रु. 7496585.27/- |
| 3. | धरोहर राशि | 1. रु. 195900/- 2. रु. 193200/- 3. रु. 192300/- 4. रु. 192400/- 5. रु. 149700/- 6. रु. 149900/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। नोट :- एफ.डी. आर. या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/ 5/1 दिनांक 31/08/2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। |
| 4. | समापन अवधि | संख्या 1 से 6 के लिए 12 महीने |
| 5. | ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय: | 11.07.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 11.07.2025 को 15:00 बजे |
| 6. | निविदा की वेब साइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| 7. | सामान प्रकार के कार्य | संख्या 1 से 6 के लिए किसी भी प्रकार का ट्रैक कार्य |

नोट :- शपथ पत्र संलग्नक XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। नं. 128-डब्ल्यू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्ल्यू-1/(NIT-15-20) दिनांक 16.06.2025 1792/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा **हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार** और **हरिद्वार-लखनऊ-हरिद्वार** के बीच अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ निम्न समय-सारणी के अनुसार चलाई जाएंगी:-

**04328/04327 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (प्रतिदिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04328 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04328 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04327 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04327 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 15:45 | हरिद्वार | 04:50 | ---- |
| 16:25 | 16:27 | रूड़की | 03:35 | 03:37 |
| 17:13 | 17:15 | टपरी जं. | 02:50 | 02:52 |
| 17:55 | 17:57 | मुजफ्फरनगर | 02:00 | 02:02 |
| 18:35 | 18:37 | मेरठ सिटी जं. | 01:15 | 01:17 |
| 18:52 | 18:54 | मोदीनगर | 00:30 | 00:32 |
| 19:50 | 19:52 | गाजियाबाद | 00:02 | 00:04 |
| 20:14 | 20:16 | दिल्ली शाहदरा | 23:15 | 23:17 |
| 20:45 | --- | दिल्ली जं. | --- | 23:00 |

**चलने के दिन: 04328 हरिद्वार से** और **04327 दिल्ली जं. से** दिनांक 18.06.2025 से 20.06.2025 तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04330/04329 हरिद्वार-लखनऊ-हरिद्वार ग्रीष्मकालीन आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04330 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04329 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:45 | हरिद्वार | 20:20 | --- |
| 23:18 | 23:20 | लक्सर जं. | 19:18 | 19:20 |
| 00:05 | 00:07 | नजीबाबाद जं. | 18:30 | 18:32 |
| 00:35 | 00:37 | नगीना | 18:05 | 18:07 |
| 01:05 | 01:07 | धामपुर | 17:43 | 17:45 |
| 01:28 | 01:30 | स्योहारा | 17:26 | 17:28 |
| 02:30 | 02:32 | काँठ | 17:10 | 17:12 |
| 03:32 | 03:40 | मुरादाबाद | 16:30 | 16:40 |
| 04:06 | 04:08 | रामपुर | 15:00 | 15:02 |
| 05:03 | 05:05 | बरेली | 14:00 | 14:02 |
| 06:14 | 06:16 | शाहजहाँपुर | 13:00 | 13:02 |
| 07:14 | 07:16 | हरदोई | 12:55 | 12:57 |
| 07:46 | 07:48 | बालामऊ जं. | 12:25 | 12:27 |
| 08:08 | 08:10 | सण्डीला | 12:00 | 12:02 |
| 09:25 | --- | लखनऊ | --- | 11:30 |

**चलने के दिन: 04330 हरिद्वार से** दिनांक 18.06.2025 एवं 20.06.2025 को और **04329 लखनऊ से** दिनांक 19.06.2025 एवं 21.06.2025 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।**

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## पर्यावरण संरक्षण व गोमाता की रक्षा को आएं आगे : रविंदर इंद्रराज



- बवाना इन्फ्रा ने बीमार गायों के लिए शुरू की गौ सेवा एंबुलेंस
- अभियान मबड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। बवाना औद्योगिक क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के संकल्प के तहत बवाना इन्फ्रा ने रविार को एक बार फिर दिल्ली के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र में सुबह बड़ी संख्या में लोग इस अभियान में शामिल हुए।

इसी के साथ लावारिस और बीमार गायों के लिए गौ सेवा एंबुलेंस, भी शुरू की गई। कार्यक्रम में बवाना के विधायक रविंदर इंद्रराज सिंह और बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू भी शामिल हुए। उन्होंने पौधरोपण अभियान और काऊ एंबुलेंस के शुभारंभ की तारीफ करते हुए कहा कि क्षेत्र की अन्य औद्योगिक इकाइयों को भी पर्यावरण संरक्षण और गोमाता की रक्षा की दिशा में अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। इसके साथ-साथ बवाना इंडस्ट्रियल एरिया की फैक्ट्रियों में काम करने वाले श्रमिकों, कामगारों के लिए सेक्टर 4 में विशेष तौर पर भंडारा किया भी गया, जिसमें 25 हजार से अधिक श्रमिकों ने भोजन किया।

### महिला श्रमिकों को किए जूते वितरित

इस अवसर पर विशेष सामुदायिक कल्याण की भावना से प्रेरित होकर वंचित महिला श्रमिकों को जूते भी वितरित किए गए। आयोजन में कंपनी के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भी पूरी सक्रियता से सहयोग किया। बवाना इन्फ्रा के डायरेक्टर मनोज अग्रवाल और पुलकित अग्रवाल ने कहा कि हम हमेशा सामाजिक और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर सक्रियता से काम करते रहे हैं। उन्होंने बताया कि बवाना इन्फ्रा काफी समय से दिल्ली के इस औद्योगिक क्षेत्र के रखरखाव की जिम्मेदारी निभा रहा है, जिसमें उन्हें डीएसआईआईडीसी, दिल्ली पुलिस, दिल्ली फायर, सीआईएसएफ, टीपीडीडीएल, फैक्ट्री यूनियनों और फैक्ट्री मालिकों का पूरा सहयोग मिलता रहा है।

# कैपिटल ज़ोन

उवाच “

भारी बारिश से पूर्व नगर आयुक्त द्वारा वॉकी-टॉकी के माध्यम से सभी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए सभी विभागीय अधिकारी तथा टीम मौके पर बनी रही ऐसे प्रमुख 20 स्थान मोहन नगर जोन में पसोंडा के सामने, अप्सरा बॉर्डर के बाहर, सिकंदरपुर एयरपोर्ट के बाहर, नागद्वार के पर, विजयनगर में गौशाला अंडरपास, सिटी जोन में कालका गाड़ी, जीडीए ऑफिस के बाहर, नवयुग मार्केट, नेहरू नगर, घंटाघर, तथा कवि नगर क्षेत्र में लाल कुआं के आसपास डायमंड फ्लाईओवर पर कार्रवाई जारी रही : **अवनींद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त।**

## 50 लाख की धोखाधड़ी मामले में एक गिरफ्तार

**नोएडा,** 17 जून (देशबन्धु)। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर 50 लाख की धोखाधड़ी और ठगी करने वाले गैंग के एक शातिर साइबर ठग को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान सुमित पुत्र ओम प्रकाश निवासी दिल्ली हुई। जिसमें साइबर ठगों ने पीड़िता को टेलिकाम डिपार्टमेंट का कर्मचारी बताकर मनी लॉड्रिंग बताकर डिजिटल अरेस्ट किया और फर्जी कागजात भेजकर गिरफ्तारी का भय दिखाया। पूछताछ में ठग ने बताया कि उसने अपने सहयोगीयों के साथ मिलकर यस बैंक मे खाता खुलवाया एवं उक्त खाते में पीड़िता से ठगे गए 4 लाख रुपए ट्रांसफर भी कराए गए। जिसको ठग ने स्वयं बैंक जाकर अन्य ठगों की मदद से निकलवा लिया। इसी प्रकार एक अन्य ठग ने बैंक ऑफ बड़ोदा के खाते में लगभग 14 लाख रुपए की निकासी की गई हैं। इस मामले में 2,57,179 रुपए फ्रीज कराए गए है। ये पैसा जल्द ही पीड़िता को रिफंड किया जाएगा। इस मामले में एक आरोपी को जेल भेजा जा चुका है। ठग पर एनसीआरपी पोर्टल पर चेक करने पर कुल 2 शिकायते (उत्तर प्रदेश-1, महाराष्ट्र-1) मिली है।



# गाजियाबाद के विकास को लगेंगे पंख

- **16वां वित्त आयोग के अंतर्गत 21 परियोजनाओं का प्रस्ताव जीडीए उपाध्यक्ष ने शासन को भेजे**
- **प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद उठाया कदम**






**गाजियाबाद,** 17 जून (देशबन्धु)। विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में एनसीआर के अंतर्गत आने वाले गाजियाबाद में विकास की गति को कदम बढ़ाने की दिशा में 21 परियोजनाओं से जुड़े प्रस्तावों को 16वां वित्त आयोग के अंतर्गत स्वीकृति के लिए शासन को भेजा है। ये कदम शासन स्तर पर प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन की अध्यक्षता में 14 मई 2025 को वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से हुई बैठक के बाद उठाया है। इन प्रस्तावों में सर्व प्रथम सेक्टर-62 नोएडा इलैक्ट्रॉनिक सिटी ब्लू लाइन मेट्रो से साहिबाबाद गाजियाबाद तक विस्तार से जुड़ा है। शासन को अवगत कराया गया कि मेट्रो लाइन विस्तार से लगभग 5 से छह लाख आबादी वाले क्षेत्र को यातायात की व्यवस्था का लाभ प्राप्त होगा। ये भी अवगत कराया गया कि मेट्रो विस्तार के 5.017 किलो मीटर के प्रोजेक्ट का 80 फीसदी वित्त भार प्राधिकरण पर पारित है। 20 फीसदी अंश केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा वहन किया जाना है। इस परियोजना के अंतर्गत 5 मेट्रो स्टेशन प्रस्तावित है। इसके अलावा करीब 200 करोड की लागत से इंदिरापुरम योजना में स्थित एलीवेटेड रोड पर दिल्ली जाने एवं दिल्ली से वसुंधरा/इंदिरापुरम उतरने के लिए स्लिप रोड बनाने के प्रस्ताव को भेजा गया है। शासन को ये भी अवगत कराया गया कि गाजियाबाद से दिल्ली जाने के लिए 10.30 किलो मीटर लंबी एलीवेटेड रोड मौजूदा में निर्मित है। इस सड़क से आवागमन हो रहा है।

दिल्ली की तरफ से गाजियाबाद आने वाले वाहनों को इंदिरापुरम/वसुंधरा में उतरने के लिए स्लिप रोड न होने के कारण अत्यंत कठिनाई का सामना करना पड़ता है साथ ही इस अत्याधुनिक सुलभ यातायात का पूर्ण उपयोग न हो पा रहा है। इसी प्रकार इंदिरापुरम/वसुंधरा से दिल्ली जाने के लिए भी स्लिप रोड न होने से इस क्षेत्र की बड़ी आबादी जो लगभग 12 लाख है, इस सड़क का प्रयोग आवागमन के लिए इस्तेमाल नहीं कर पा रही है।

प्राधिकरण उपाध्यक्ष के द्वारा शासन को भेजे गए प्रस्तावों में करीब 125 करोड़ की लागत से आरडीसी में मल्टी लेवल आटोमेटेड कार पार्किंग का प्रस्ताव भेजा है। शासन को अवगत कराया गया कि आरडीसी एक व्यवसायिक केंद्र है। राजनगर में ही जनपद न्यायालय, विकास भवन, जिलाधिकारी कार्यालय भी स्थित है। ऐसे में आरडीसी में ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न होती है। इसके साथ साथ करीब 30 करोड़ की लागत से सिटी फोरेस्ट के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव भेजा गया है। ये भी अवगत कराया गया कि ये पार्क जिले का एक महत्वपूर्ण पार्क है। 125 एकड़ में फैले हुए इस पार्क का सौंदर्यीकरण गाजियाबाद शहर के लिए अत्यंत उपयोगी है। अभी तक इस पार्क को पूर्ण रूपेण विकसित नहीं किया गया है। पार्क की स्थिति लगभग शहर के मध्य होने के कारण सभी शहरवासियों को आवागमन हेतु सुविधाजनक है। इसके साथ साथ करीब 36 करोड़ की लागत से 45 मीटर चौड़ी रोड के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

ये भी अवगत कराया गया कि किसानों से समझौते के आधार पर रोड के लिए जमीन क्रय की जानी है। इसके अलावा हिंडनपार के राजेंद्र नगर में स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क का लगभग 20 करोड़ की लागत से सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। ये भी शासन को अवगत कराया गया कि करीब 40 एकड़ क्षेत्रफल में एक बड़ा पार्क उपलब्ध है। इस पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जाना जनहित में आवश्यक है।

शासन को मधुबन बापू धाम योजना में करीब 26 करोड़ की लागत से प्रस्तावित 45 मीटर चौड़ाई एवं 1.575 किलो मीटर लंबाई की सड़क का प्रस्ताव भेजा गया है। ये भी अवगत कराया गया। कि इस सड़क के निर्माण से मधुबन बापू धाम योजना सहित गोविंदपुरम, स्वर्ण जयंति पुरम योजना आदि के निवासियों को दिल्ली-मेरठ रोड से कनेक्टीविटी का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

इसके अलावा 17.24 करोड़ की लागत से केडब्लू 6 के सामने जीडी गोयनिका स्कूल तक सी 5 में 24 मीटर प्रस्तावित रोड निर्माण एवं सीवेज एवं ड्रेनेज के करीब 2125 लंबाई क्षेत्र में कार्य का प्रस्ताव भेजा गया है। इसके साथ साथ प्राधिकरण की मधुबन बापू धाम योजना का पाकेट ए में करीब 17 करोड़ लागत से सबका घर नामक कम्युनिटी सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। ये भी अवगत कराया गया कि करीब 2282.00 वर्ग मीटर में प्रस्तावित कम्युनिटी सेंटर में सामुदायिक सुविधाओं के विकास के दृष्टिगत बेसमेंट, स्टिल्ट एवं तीन तलों पर निर्माण किए जाने की योजना है। इसके अलावा बृज विहार योजना में में करीब 15 करोड़ की लागत से कम्युनिटी सेंटर के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

### शासन को भेजे गए प्रस्ताव

- प्रताप विहार योजना में करीब 12.75 करोड़ की लागत से मुख्य चौराहों एवं सड़कों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य
- ग्राम निवाड़ी में करीब 12 करोड़ की लागत से राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज
- 11.74 करोड़ की लागत से प्रस्तावित 30 मीटर जोनल रोड
- 9.76 करोड़ की लागत से बंधा नूर नगर को जाने वाली 24 मीटर रोड निर्माण
- 6.66 करोड़ की लागत से हम तुम रोड के सी 24 के मध्य 30 मीटर जोनल रोड

## सार संक्षेप

### किस्त रुकी कार बेचकर की धोखाधड़ी

**नोएडा।** नोएडा में प्रापर्टी डीलर समेत तीन लोगों पर लोन किस्त रुकी कार बेचकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने तीनों के खिलाफ सेक्टर 113 थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले में पड़ताल कर रही है। नोएडा सेक्टर 74 ग्रैंड अजनारा हेरीटेज सोसायटी में अमित परिवार संग रहते हैं। वह नोएडा की एक फैक्ट्री में कार्यरत हैं। प्रापर्टी का काम करने वाले महमूद हसन से उनकी करीब पांच साल से जान पहचान है। उनको महमूद हसन ने कार खरीदवाने के लिए अपने दो रिश्तेदार रियासत अली व असमल से मिलवाया था। उन्होंने जनवरी 2025 में रियासत अली व असलम से सेकंड हैंड ब्रेजा माडल कार ली थी। इसके एवज में करीब सात लाख रुपए का भुगतान भी किया था। तीनों ने कार पर कोई लोन नहीं होने संबंधी एनओसी दी थी। तीन माह तक भी कार ट्रांसफर नहीं करने पर पीड़ित ने जानकारी की तो पता चला कि कार पर लोन है। इसके कारण गाड़ी ट्रांसफर नहीं हो पा रही है। इस बारे में बात की तो दोनों ने इसको स्वीकार कर लिया। आरोप है कि तीनों न तो कार नाम कर रहे हैं और न ही पैसे लौटा रहे हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत सेक्टर 113 की है।

### कार सवार दबंगों ने घर जा रहे कंपनी कर्मी को पीटा

**नोएडा।** फेज-दो थाना क्षेत्र में रंजिश के चलते कार सवार चार दबंगों ने घर जा रहे एक व्यक्ति के साथ शुक्रवार रात रोडरेज के विवाद में गाली-गलौज कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की। पीड़ित ने एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि तीन आरोपी भागने में सफल रहे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिला कन्नौज के बिशुनगढ़ निवासी शिवकांत ने पुलिस को बताया कि वह वर्तमान में गांव याकूबपुर स्थित एक घर में किराए पर रहते हैं। फेज-दो क्षेत्र स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। शुक्रवार रात 8.30 बजे वह सेक्टर-83 से सेक्टर-80 की तरफ वह कंपनी की गाड़ी लेकर जा रहे थे। सेक्टर-83 स्थित हौजरी कॉप्लेक्स स्थित बी ब्लॉक पर पहुंचे तो उनके पास सफेद रंग की एक ब्रेजा कार आकर रुकी। उसमें सवार चार युवकों ने कार में टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो आरोपियों ने उतरकर उनके साथ मारपीट की। भागे हुए आरोपियों की पहचान रितिक, दीपांशु और नितिन निवासी गांव कैलाशपुर के रूप में हुई। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि एक आरोपी का चालान कर दिया है। अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्र में मोबाइल हुए चोरी

**नोएडा।** नोएडा सेक्टर 63 थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग जगह से दो मोबाइल चोरी होने सामने आए हैं। चोरों ने फैक्ट्री कर्मी समेत दो के मोबाइल पर हाथ साफ किया। पीड़ितों ने सेक्टर 63 थाने में दोनों मामले दर्ज कराए हैं। पुलिस चोरों की पहचान और तलाश में जुटी है। मूल रूप से सिरसागंज के रहने वाले संदीप कुमार गुप्ता चोटपुर कालोनी में रहते हैं। वह नोएडा की एक फैक्ट्री में काम करते हैं। पांच जून की शाम को वह मोबाइल को चार्जिंग पर लगाकर आराम कर रहे थे। इसी दौरान किसी ने मोबाइल चोरी कर लिया। उन्होंने मोबाइल को आसपास तलाश किया, लेकिन मोबाइल नहीं मिला।

## सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए एक महीने की समय सीमा वृद्धि

**नोएडा,** 17 जून (देशबन्धु)। सेफ सिटी परियोजना के लिए जारी हो रखे टेंडर में आवेदन करने का समय एक महीने बढ़ाया गया है। पिछले महीने भी एक महीने का समय बढ़ाया गया था।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेफ सिटी परियोजना के तहत शहर के अलग-अलग हिस्सों में करीब 2100 कैमरे लगाए जाने हैं। ये कैमरे हाइटेक होंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के लिए अप्रैल महीने में टेंड जारी किया गया था। टेंडर में आवेदन करने का समय 12 मई तक रखा गया था। पिछले महीने इस टेंडर में आवेदन करने का समय एक महीने बढ़ाया गया था। अब फिर से समय बढ़ाते हुए एजेंसियों को आवेदन करने के लिए 12 जून तक का मौका दिया गया है।

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि शहर में 561 स्थानों पर 2100 अत्याधुनिक कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के जरिए संदिग्ध चीज मिलते ही कमांड कंट्रोल सेंटर में अलर्ट मिलेगा। इस परियोजना पर 212 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए पूरे शहर में करीब 250 किलोमीटर लंबी ऑप्टिकल फाइबर लाइन बिछाई जाएगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि यह परियोजना शहर की सुरक्षा खासकर महिला सुरक्षा को देखते हुए तैयार की गई है। अलग-अलग तरह के कैमरे लगवाए जाएंगे। यह सर्विलांस कैमरे ही होंगे। इनमें पैन टिल्ट जूम, बुलेट और ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रीडर और सामान्य सीसीटीवी कैमरे होंगे।

## शहर में हुई भारी बरसात व्यवस्था में रहा नगर निगम

- **स्वास्थ्य जलकल व उद्यान विभाग की रही अहम भूमिका**
- **बरसात से पूर्व नगर आयुक्त ने टीम को किया अलर्ट**
- **जारी रही जल निकासी की कार्रवाई**





**गाजियाबाद,** 17 जून (देशबन्धु)। गाजियाबाद में भारी बारिश के दौरान नगर निगम द्वारा व्यवस्था संभाली गई नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा बरसात से पूर्व टीम को अलर्ट किया गया तथा ऐसे स्थान जहां जल भराव की अधिकांश संभावना रहती है वहां टीम को भेजा गया इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए नालों में जल प्रवाहित रहे कार्य करने के निर्देश दिए उद्यान विभाग टीम को भी विशेष ध्यान रखते हुए पेड़ों की गिरने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करने के लिए कहा गया, वरिष्ठ अधिकारी अपर नगर आयुक्त लगातार मॉनिटरिंग हेतु दौरे पर रहे, गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत पांचो जोन में कहीं भी जल भराव नहीं रहा, लगातार गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग उद्यान विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यवस्थाओं को संभालने का कार्य किया गया।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि भारी बारिश से पूर्व नगर आयुक्त द्वारा वॉकी-टॉकी के माध्यम से सभी को अलर्ट रहने के निर्देश दिए सभी विभागीय अधिकारी तथा टीम मौके पर बनी रही ऐसे प्रमुख 20 स्थान मोहन नगर जोन में पसोंडा के सामने, अप्सरा बॉर्डर के बाहर, सिकंदरपुर एयरपोर्ट के बाहर, नागद्वार के पर, विजयनगर में गौशाला अंडरपास, सिटी जोन में कालका गाड़ी, जीडीए ऑफिस के बाहर, नवयुग मार्केट, नेहरू नगर, घंटाघर, साईं उपवन अंडरपास राज नगर एक्सटेंशन सेवा नगर वसुंधरा क्षेत्र में साहिबाबाद अंडरपास सुपरटेक अहिंसा खंड के बाहर यूपी गेट पर तथा कवि नगर क्षेत्र में लाल कुआं के आसपास डायमंड फ्लाईओवर के आसपास तथा बम्हेता पुलिया पर जल भराव नहीं रहा जो की जल भराव के 52 हॉटस्पॉट में से 20 प्रमुख स्थान है लगातार कार्रवाई जारी रही। अपर नगर आयुक्त द्वारा यह भी बताया गया कि कई स्थानों पर उद्यान विभाग की टीम को भी अलर्ट किया गया जिनके द्वारा पेड़ गिरने की स्थिति में तत्काल कार्रवाई की गई कवि नगर जोन अंतर्गत इंग्रॅहम स्कूल के बाहर गिरे हुए पेड़ को तत्काल हटाया गया आवागमन सरल किया गया स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी पोकलेन फसी मशीन तथा जेसीबी के माध्यम से नालों की सफाई को गति देते हुए जल प्रवाहित स्थिति में बनाए रखा गया, सभी क्षेत्रों में पांचो जोन अंतर्गत नालों की सफाई का कार्य उपकरणों के माध्यम से बरसात के दौरान भी कराया गया।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, 65 लाख भी ठगे

- **मैट्रीमोनिशयल साइट के जरिए इंजीनरियर युवती के साथ धोखाधड़ी**

**नोएडा,** 17 जून (देशबन्धु)। नोएडा में मैट्रीमोनियल साइट के जरिए एक इंजीनियर युवती के साथ बड़ी धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया और 65 लाख रुपए की ठगी की। पीड़िता मूल रूप से भोपाल की रहने वाली है। वह नोएडा की एक आईटी कंपनी में डेढ़ लाख रुपए मासिक वेतन पर काम करती थी। पीड़िता ने जीवनसाथी डॉट कॉम पर प्रोफाइल बनाई थी। आरोपी ने वहीं से उससे संपर्क किया। दोनों 11 अगस्त 2024 को सेक्टर-56 के एक होटल में मिले। आरोपी ने शादी का वादा करके शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद उसने सेक्टर-18 के एक होटल में पार्टी दी। वहां दोस्तों के सामने जल्द शादी करने की घोषणा की। 25 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाए आरोपी ने युवती को गोवा, कर्नाटक और शिमला की यात्राएं कराईं। इस दौरान उसने युवती का मोबाइल फोन अपने पास रख लिया। पहले 25 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाए। फिर मोबाइल का पासवर्ड होने का फायदा उठाकर 20-25 फिनटेक ऐप्स से 40 लाख रुपए का पर्सनल लोन ले लिया। आरोपी ने खुद को बड़ा ट्रेडर और कंस्ट्रक्शन कंपनी का मालिक बताया था। उसने युवती को भरोसा दिलाया कि वह उसकी पूरी जिम्मेदारी संभालेगा। इस पर युवती ने 22 अक्टूबर 2024 को अपनी नौकरी छोड़ दी। पुलिस ने थाना सेक्टर-58 में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आखिरकार जब पीड़िता ने आरोपी की मां से संपर्क किया, तो उसे पता चला कि वह शादीशुदा है और पूरे समय उससे झूठ बोल रहा था। अब युवती ने थाना सेक्टर 58 में बलात्कार, धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कराया है।

## जर्मनी के आईपी एड्रेस से नोएडा के अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी

- **हैदराबाद रेप केस में न्याय की बात लिखकर अंग्रेजी में भेजा ई-मेल**

**नोएडा,** 17 जून (देशबन्धु)। जर्मनी की राजधानी बर्लिन के आईपी एड्रेस पर साइबर अपराधी ने सेक्टर 71 कैलाश अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। 14 जून शाम चार बजे अस्पताल के मेल आईडी पर ईमेल आया था। जिसमें लिखा है, हैदराबाद रेप केस में युवती को न्याय नहीं मिला है। इस वजह से देश के चुनिंदा अस्पतालों में बम रखे गए हैं। शायद हादसों के बाद शासन और प्रशासन की नींद खुलेगी। हालांकि सूचना फर्जी थी। फेज तीन थाने की पुलिस इस मामले में केस दर्ज कर ली है और साइबर टीम इस मामले में जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि फेज तीन थाने से 50 मीटर की दूरी पर कैलाश अस्पताल है। इसमें रोजाना पांच से छह सौ लोग इलाज कराने के लिए देश के दूर-दूर से आते हैं। जिसमें 14 जून शाम चार बजे के करीब अस्पताल प्रशासन को मेल आईडी बंम से उड़ाने की धमकी ई मेल पर मिली। पुलिस की सूचना मिलते ही तुरंत एलआईयू टीम को जानकारी दी और बंम निरोधक दस्ता को मौके पर बुलाया गया। टीम ने आंधे घंटे तक अस्पताल में जांच अभियान चलाया, लेकिन कुछ नहीं मिला। फिर पुलिस और अन्य टीम ने राहत की सांस ली। टीमें रेस्क्यू अभियान के तैयार थी लेकिन फर्जी सूचना होने पर मरीजों को बाहर नहीं निकाला गया। इसके बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से ईमेल आईडी पर फेज तीन थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस की साइबर टीम की जांच में सामने आया है कि ईमेल का आईपी एड्रेस जर्मनी की राजधानी बर्लिन का है।

### पुलिस ने पता लगा रही है कि केस के लिए भेजा था ईमेल

साइबर टीम इस मामले में पता लगा रही है कि आरोपी किस मामले को लेकर ईमेल भेजा था। उसमें लिखा है, हैदराबाद में युवती से रेप केस में न्याय नहीं मिला है। इस वजह से अस्पतालों को बम से उड़ाने पर मजबूर हूं। हालांकि फर्जी सूचना थी लेकिन नोएडा में अस्पताल को बम से उड़ाने की धमकी पहली बार मिली है। इसके पहले मॉल और स्कूलों को उड़ाने के कई बार फर्जी मेल आ चुके हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

## मुकदमा वापस न लेने पर युवक को लाठी-डंडों से पीटा

- **पीड़ित पक्ष ने छह लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा**
- **तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल**

**नोएडा,** 17 जून (देशबन्धु)। फेज-दो थाना क्षेत्र के गांव भंगेल में एक व्यक्ति को न्यायालय में विचाराधीन चेक बाउंस का मुकदमा वापस न लेना भारी पड़ गया। छह आरोपियों ने रविवार रात लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है। गांव भंगेल बेगमपुरा निवासी अक्षय त्यागी ने पुलिस को बताया कि बड़े भाई तेज प्रकाश त्यागी और हकीम के बीच चेक बाउंस का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। 15 जून की रात भाई गाड़ी से अपने अपने घर जा रहे थे। तभी सद्दाम, इकबाल, इब्राहिम, आसिफ, आमिर और आकिब ने गांव की गली में उनकी गाड़ी को रुकवा लिया। आरोप है कि न्यायालय में विचाराधीन केस की रंजिश के चलते आरोपियों ने उनके भाई पर लाठी-डंडों और नुकीली वस्तु से हमला कर दिया। आिरोपियों ने भागते समय धमकी दी कि यदि मुकदमा वापस नहीं लिया तो वह उसकी हत्या कर देंगे। इस घटना में शिकायतकर्ता के भाई को गंभीर चोट आई हैं। फिलहाल पीड़िता का अस्पताल में उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि छह नामजद आरोपियों में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शेष तीन आरोपियों को भी जल्द पकड़ लिया जाएगा। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## योग सप्ताह के तीसरे दिन ओखला पक्षी विहार में कराया गया योगाभ्यास

- **जिला कारागार, अनाथालयों, वृद्धाश्रम एवं पुलिस लाइन में कराया जाएगा योगाभ्यास**




**ग्रेटर नोएडा/नोएडा,** 17 जून (देशबन्धु)। आयुष मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर एवं डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 15 जून से 21 जून 2025 तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में मंगलवार को योग सप्ताह के तीसरे दिन ओखला पक्षी विहार में जिला होम्योपैथिक अधिकारी प्रीति सिंघल, आयुष विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, योग संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा आम जनमानस की उपस्थिति में योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। योग प्रशिक्षकों द्वारा कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया गया। संवाद के माध्यम से योग से होने वाले लाभों से परिचित भी कराया। इसी के साथ ग्राम पंचायत घोड़ी बछेड़ा के साथ-साथ अन्य ग्राम पंचायतों में भी योग सत्र एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण कैंपों का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि इसी प्रकार बुधवार को सुबह 6 से 10 बजे तक जिला कारागार, अनाथालयों, वृद्ध आश्रम, पुलिस लाइन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में भी योग सप्ताह के तहत योगाभ्यास कराया जाएगा।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरुआत

- **युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बेरोजगारों को ब्याज रहित पांच लाख रुपए मिलेंगे**

**खोड़ा,** 17 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद प्रांगण में आयोजित बैठक में व्यापार संगठनों और सभासदों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का शुभारंभ किया गया। यह जानकारी नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार चौधरी ने दी। उन्होंने बताया कि युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत प्रदेश के बेरोजगार एक लाख युवाओं को प्रत्येक वर्ष तथा दस वर्ष के अंतर्गत 10 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर दिए जाएंगे। 21 वर्ष से 40 वर्ष आयु वाले न्यूनतम 8वीं पास शैक्षणिक योग्यता और मान्यता प्राप्त संस्थान से कौशल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र होना चाहिए। बेरोजगार युवाओं को पांच लाख रुपए स्वरोजगार हेतु ब्याजमुक्त आसान किश्तों के तहत मिलेंगे। इससे युवाओं को स्वरोजगार करने में मदद मिलेगी। युवा स्वरुचि के साथ व्यापार के लिए स्वतंत्र होंगे।बिना कौशल वाले युवाओं को जिला उद्योग कार्यालय की सहायता से कौशल प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक युवा नगर पालिका परिषद कार्यालय में संपर्क करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उद्योग एवं सेवा परियोजनाओं के लिए पांच लाख का लोन 100 प्रतिशत ब्याज मुक्त और बिना गारंटी के ऋण दिया जाएगा। परियोजना लागत पर दस प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान भी मिलेगा। नगर पालिका परिषद के कर अधीक्षक सुशील कुमार और जिला उद्योग कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय यादव योजना की निगरानी करेंगे। नपा के कर अधीक्षक सुशील कुमार ने बताया कि योजना के पहले दिन ही लगभग पंद्रह युवाओं ने ऑनलाइन आवेदन किया।

उवाच

एक सप्ताह के ट्रायल के बाद इसे मंगलवार से शुरू कर दिया गया है। ग्रेटर नोएडा के निवासी इस नंबर पर सीवर से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहीं, मंगलवार को एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सीवर विभाग की समीक्षा के दौरान इसे ग्रेनोवासियों के लिए औपचारिक तौर पर शुरू कर दिया गया है : **विनोद शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक, सीवर विभाग।**



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से युवाओं को रोजगार व व्यापार के अवसर होंगे प्राप्त : मुख्य सचिव

- **मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का किया निरीक्षण**
- **मुख्य सचिव बोले 30 जून तक गुणवत्ता के साथ पूरा हो नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य**





**ग्रेटर नोएडा,**17 जून (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने मंगलवार जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर निर्माण कार्यों की स्थिति की जानकारी ली। विकासकर्ता कंपनी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और ईपीसी कांट्रैक्टर टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के अधिकारियों को 30 जून तक अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जेवर में निर्माणाधीन नोएडा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण कार्यों का प्रगति के बारे में जानकारी लेने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (यापल), टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नियाल) के अधिकारियों ने मुख्य सचिव को रनवे, टर्मिनल भवन, एस टी पी, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, कार्गो सुविधाओं सहित अन्य बुनियादी ढांचे की प्रगति से अवगत कराया। इस दौरान मुख्य सचिव ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया कि एयरपोर्ट के शेष निर्माण कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि यह परियोजना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एयरपोर्ट परियोजना की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार एवं व्यापार के नए अवसर सृजित करेगा।

बैठक के उपरांत मुख्य सचिव ने ए टी सी बिल्डिंग, टर्मिनल भवन, सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लांट, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पथवाया नाला एवं अन्य निर्माणाधीन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। बैठक एवं निरीक्षण के उपरांत मुख्य सचिव ने बंकापुर में स्थित पथवाये नाले के विकास कार्यों का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों का अधिकारियों को निर्देशित किया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर से निकलने वाली ड्रेन को इसी पथवाये से जोड़ा जाएगा इसलिए पथवायें का चौड़ीकरण, साफ सफाई एवं पुलिया निर्माण के कार्य मे तेजी लाते हुए समय से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

निरीक्षण के दौरान यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड के सीईओ क्रिस्टोफ श्रेलमैन, यमुना प्राधिकरण के ओएसडी/नोडल अधिकारी जेवर एयरपोर्ट शैलेंद्र कुमार भाटिया, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर किरन जैन, टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड के विनायक पाई, डीजीसीए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, उप जिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता ऊपरी माट शाखा गंग नहर खुर्जा मोर मुकुट, सहायक अभियंता अशोक कुमार जैन एवं संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# यीडा सिटी के सेक्टरों में घर के नजदीक सुलभ व सस्ती चिकित्सा सुविधा देने की तैयारी

- **आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों में 30 बिस्तर के अस्पताल खोले जाएंगे**
- **स्वयंसेवी संस्थाओं को एक रुपए प्रति वर्गमी की दर से जमीन आवंटित की जाएगी**
- **प्राधिकरण के एसीईओ की अध्यक्षता में गठित समिति निगरानी करेगी**



आम लोगों को इलाज के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े, इसके लिए सेक्टरों में हेल्थ सेंटर एवं फैमिली वेलफेयर सेंटर खोले जाएंगे। कम से कम 30 बिस्तर के अस्पताल होंगे। अस्पताल खोलने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं को एक रुपए प्रति वर्गमीटर की दर पर भूखंड आवंटित किए जाएंगे। मरीजों को उपचार में 25-40 फीसदी छूट का प्रावधान किया जाएगा। बोर्ड की मंजूरी के बाद योजना लाई जाएगी।
डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ, यमुना प्राधिकरण।

**ग्रेटर नोएडा,**17 जून (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने आवासीय एवं औद्योगिक सेक्टरों में सस्ती चिकित्सा सुविधा देने की योजना बनाई है। इसके लिए हेल्थ सेंटर और फैमिली वेलफेयर सेंटर खोले जाएंगे। 30 बिस्तर वाले इन अस्पतालों में उपचार की आधुनिक सुविधाएं होंगी। शर्तों के अनुसार आम लोगों को लाभ मिल पा रहा है या नहीं इसकी निगरानी के लिए एसीईओ की अध्यक्षता में एक समिति गठित की जाएगी।

घर के नजदीक सुलभ एवं सस्ती चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने की पहल से संबंधित यह महत्वपूर्ण प्रस्ताव आज यानी बुधवार को होने वाली प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की मंजूरी के बाद योजना लाई जाएगी। प्राधिकरण अधिकारी के मुताबिक हेल्थ सेंटर एवं फैमिली वेलफेयर सेंटर के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं को एक रुपए प्रति वर्गमी की दर पर भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इसके लिए शर्त यह होगी कि मरीजों को सामान्य चिकित्सा खर्च में 25 से 40 फीसदी तक की छूट देनी होगी। सस्ती दवा, चिकित्सा आदि की निगरानी प्राधिकरण द्वारा गठित समिति करेगी। फैमिली वेलफेयर सेंटर में परिवार नियोजन, मातृ और शिशु स्वास्थ्य सेवाएं सहित अन्य संबंधित सेवाएं होंगी। इससे सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने में भी मदद मिलेगी।

## यमुना प्राधिकरण की 85वीं बोर्ड बैठक आज

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की 85वीं बोर्ड आज बुधवार को प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास व अध्यक्ष आलोक कुमार की अध्यक्षता में होगी। बोर्ड बैठक में यमुना सिटी के विकास को गति देने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष रखा जाएगा। प्राधिकरण के सभी प्रकार के आवंटियों को बकाया ब्याज दर में राहत देने के लिए एक मुश्त भुगतान योजना का प्रस्ताव बोर्ड में रखा जाएगा। किसानों से संबंधित 289 लीजबैक, 88 आबादी भूखंड शिफिटिंग के प्रकरण को बोर्ड से मंजूरी मिल सकती है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट परिसर में नया थाना बनाने, सेक्टर-18 और 32 में दो फायर स्टेशन के लिए भूखंड आवंटित किया जाएगा। प्राधिकरण फेस-दो के मास्टर प्लान को मंजूरी के समक्ष रखा जाएगा।

# एसीईओ ने ग्रेनो वेस्ट का किया दौरा, एफओबी, रोड व सीवर प्रोजेक्ट को हरी झंडी

- **गौड़ सिटी 1 व 2 और इटैड़ा के पास एफओबी बनाने को मंजूरी**
- **खजूर चौक के पास यूटर्न बनाने पर सहमति, सर्विस रोड चौड़ी होगी**
- **सेक्टर-1 में 24 मीटर रोड, 80 मीटर रोड के निर्माण का लिया जायजा**





**ग्रेटर नोएडा,**17 जून (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने मंगलवार को ग्रेनो वेस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गौड़ सिटी व इटैड़ा गोलचक्कर के पास एफओबी बनाने की अनुमति दे दी है। एसीइओ ने 60 मीटर रोड पर तिगड़ी गोलचक्कर से पहले यूटर्न बनाने को भी मंजूरी दे दी है। साथ ही सर्विस रोड को चौड़ा करने के निर्देश दिए। एसीईओ ने सेक्टर-1 में प्रस्तावित 24 मीटर रोड का निरीक्षण कर अप्रूवल दे दिया है। उन्होंने 60 मीटर रोड से 130 मीटर रोड को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन 80 मीटर रोड का भी जायजा लिया। गौड़ चैक पर बन रहे अंडरपास कार्य की प्रगति को भी देखा।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार की मंशा है कि ग्रेनो वेस्ट में मूलभूत सुविधाओं पर तेजी से कार्य हों, ताकि ग्रेनो वेस्ट के निवासियों को मूलभूत सुविधाओं की कमी न झेलनी पड़े। इसीलिए प्राधिकरण जल, सीवर, रोड कनेक्टीविटी, ग्रीनरी से जुड़ी कई परियोजनाओं पर कार्य करवा रहा है। इन परियोजनाओं की एसीईओ स्तर से नियमित निगरानी भी की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसीईओ प्रेरणा सिंह ने ग्रेनो वेस्ट में चल रही परियोजनाओं का जायजा लिया और नई परियोजनाओं को हरी झंडी दी। एसीईओ मंगलवार को सबसे पहले सेक्टर ईकोटेक-3 पहुंचीं। उन्होंने सेक्टर एक स्थित एमपीएस से ईकोटेक-3 स्थित 20 एमएलडी एसटीपी को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन सीवर लाइन का जायजा लिया। एसीईओ ने इस कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इस लाइन का कार्य पूरा हो जाने पर सेक्टर 1 के आसपास के सीवर को ईकोटेक-3 स्थित एसटीपी से शोधित किया जा सकेगा और इस शोधित पानी को सिंचाई और निर्माण कार्य में लिया जाएगा। एसीईओ ने एसटीपी से निकलने वाले स्लज को निस्तारित करने और ग्रीन एनर्जी के विकल्प तलाशने के निर्देश दिए। इसके बाद एसीईओ ने ऐस सिटी के सामने 60 मीटर रोड से 130 मीटर रोड को जोड़ने के लिए निर्माणाधीन 80 मीटर रोड का भी जायजा लिया। उन्होंने अगले माह तक इस रोड का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। सेक्टर 1 में बिसरख को 60 मी रोड से जोड़ने के लिए 24 मीटर रोड के निर्माण को भी अनुमति दे दी है। एसीईओ ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट में इटैड़ा गोलचक्कर के पास और गौड़ सिटी एक और गौड़ सिटी दो के बीच की रोड पर फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए प्रस्तावित लोकेशन पर भी अनुमति दे दी है। एसीईओ प्रेरणा सिंह ने गौड़ चौक पर निर्माणाधीन अंडरपास का भी जायजा लिया और सीवर, बिजली, गैस आदि लाइनों को शीघ्र शिफ्ट करने और निर्माण कार्य तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने 60 मी रोड पर खजूर चौक के पास तिगड़ी गोलचक्कर से पहले यू टर्न बनाने को भी मंजूरी दे दी है। इससे गौड़ सिटी-2 की तरफ से आना-जाना आसान हो जाएगा। वाहन चालकों को तिगड़ी गोलचक्कर से घूम कर नहीं आना पड़ेगा, जिससे तिगड़ी गोलचक्कर पर भी ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो जाएगी। एसीईओ के भ्रमण के दौरान सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा और वर्क सर्किल-1 के प्रभरी प्रभात शंकर भी मौजूद रहे।

## सीवर से जुड़ी शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने सीवर से जुड़ी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के लिए बड़ी पहल की है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर सीवर से जुड़ी शिकायतों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। यह हेल्पलाइन नंबर 9211825118 है। ग्रेटर नोएडा के सेक्टरों और गांवों में सीवर से जुड़ी शिकायत को इस नंबर पर कॉल करके दर्ज करा सकते हैं। कॉल सेंटर कर्मचारी इस शिकायत को दर्ज कर सीवर विभाग को भेज देगा। सीवर विभाग की टीम सीवर से जुड़ी शिकायत को शीघ्र हल कराएंगे। इसकी नियमित मॉनिटरिंग सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक स्तर से होगी। सीवर विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक विनोद शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह के ट्रायल के बाद इसे मंगलवार से शुरू कर दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा के निवासी इस नंबर पर सीवर से जुड़ी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। वहीं, मंगलवार को एसीईओ प्रेरणा सिंह ने सीवर विभाग की समीक्षा के दौरान इसे ग्रेनोवासियों के लिए औपचारिक तौर पर शुरू कर दिया गया है।


**NAME CHANGE**

I, Dhanya Pramod Nair W/o Thalodil Prabhakaran Pramod Kumar R/o A161, Sector-XU1, Greater Noida, Gautam Budh Nagar (U.P.) 201310, have changed my name to Dhanya Chandrasekharan Nair for all future purposes.

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
**Mob.: 9910280173**
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# युवक की सरेराह गोली मारकर हत्या करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**दनकौर,**17 जून (देशबन्धु)। दनकौर कोतवाली पुलिस ने करीब 1 महीने पहले रेलवे स्टेशन के पास सरेराह एक युवक की गोली मारकर हत्या करने



के मामले में 2 नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि इससे पहले करीब चार अन्य और आरोपी गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल तमंचा भी बरामद हुआ है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

ग्रेटर नोएडा के सादोपुर गांव निवासी विशाल कई वर्ष से अपने परिवार के साथ रेलवे स्टेशन के पास रहता था। बताया जाता है कि उस पर एक युवक की हत्या करने का भी केस दर्ज था। जो जमानत पर जेल से बाहर चल रहा था। 12 मई को जब विशाल घर से किसी काम के लिए बाहर बाजार में आया तो बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी। जिसकी अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई थी। पुलिस का कहना है कि जिस युवक की विशाल ने हत्या की थी। उसके ही भाई और अन्य लोगों ने उसकी रंजिश की गोली मारकर हत्या की थी। इस मामले में पुलिस चार आरोपियों को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि दो आरोपी राहुल निवासी सादोपुर और रोहित चंदीला निवासी घंघोला समेत घटना से फरार चल रहे थे। जिनको सूचना के आधार पर मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि विशाल हत्याकांड के दो आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# एयरोबॉट्स क्लब इंटर कॉलेज ड्रोन रेस प्रतियोगिताओं में एनआईईटी को मिला दूसरा स्थान

**ग्रेटर नोएडा,**17 जून (देशबन्धु)। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एनआईईटी) का एरोबॉट्स क्लब एक बार फिर तकनीकी उत्कृष्टता का परिचय देते हुए अंतरमहाविद्यालय ड्रोन रेस प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन कर रहा है। गलगोटिया टेकफेस्ट में आयोजित फ्लाई केस्ट (ड्रोन रेस) प्रतियोगिता में एनआईईटी की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में आठ से अधिक टीमों ने भाग लिया। एनआईईटी की



विजेता टीम में हिमांशु वर्मा, वंश अग्रवाल, दिव्य प्रताप सिंह और आयुष गुंजन मिश्रा शामिल थे, जिन्होंने उत्कृष्ट समन्वय और तकनीकी कौशल का परिचय दिया। इसके पहले आईटीएस इंजीनियरिंग कॉलेज टेकफेस्ट में आयोजित ड्रोन रेस प्रतियोगिता में भी एरोबॉट्स क्लब ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस बार एनआईईटी का प्रतिनिधित्व हिमांशु वर्मा और वंश अग्रवाल ने किया, जिन्होंने ड्रोन संचालन में अद्भुत नियंत्रण और तकनीकी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। इन उपलब्धियों के माध्यम से एरोबॉट्स क्लब ने यह सिद्ध किया है कि वह ड्रोन तकनीक में नवाचार और निरंतर श्रेष्ठता की ओर अग्रसर है। यह सफलता विद्यार्थियों की लगन, परिश्रम और तकनीकी समर्पण का प्रतिफल है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिलेगा सात दिवसीय प्रशिक्षण

- **प्रशिक्षण में बाल विकास एवं पुष्टाहार, महिला एवं शिशुओं के पोषण से संबंधित दी गई जानकारी**



**ग्रेटर नोएडा,**17 जून (देशबन्धु)। जिला ग्राम्य विकास संस्थान दादरी पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण का प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा ने द्वीप प्रज्ज्वलित किया व बाल विकास परियोजना अधिकारी चक्रवीर सिंह ने स्वागत किया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. प्रियंका शर्मा ने अपने उदबोधन में प्रतिभागी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बाल विकास एवं पुष्टाहार तथा महिला एवं शिशुओं के पोषण से सम्बन्धित जानकारियां दी। इसके बाद परियोजना अधिकारी चक्रवीर सिंह ने समेकित बाल विकास परियोजना की जानकारी दी। परियोजना अधिकारी तरुण कुमार ने पोषण पर प्रतिभागियों को अवगत कराया तथा मास्टर ट्रेनर विजयपाल सिंह ने मातृ पोषण पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

इस प्रशिक्षण में जिला गौतमबुद्धनगर से 16 तथा जनपद मेरठ से 23 कुल 39 आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। यह प्रशिक्षण सत्र 16 जून से 22 जून तक आयोजित किया जा रहा है।


## जल ही जीवन है

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उप-जिलाधिकारी सदर सदर परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या/419/एस०टी० एस०डी०एम०/2024 दिनांक 24.05.2024 मृतक श्रीमती सरदारी देवी पत्नी स्व० श्री हरकिशन नि० ग्राम भट्टा की मृत्यु दिनांक 21.08.2020 को हो चुकी है उनके स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भट्टा | 158 | श्रीमती सरदारी देवी पत्नी स्व0 श्री हरकिशन नि0 ग्राम भट्टा तहसील सदर जिला गौतमबुद्धनगर | श्री मांगेराम | पुत्र | 44 वर्ष | |
| | | | श्री सोमवीर | पुत्र | 40 वर्ष | |
| | | | श्री सतीश | पुत्र | 37 वर्ष | |
| | | | श्रीमती बाला | पुत्री | 55 वर्ष | |
| | | | श्रीमती कुसुम | पुत्री | 41 वर्ष | |
| | | | श्रीमती शीला | पुत्री | 43 वर्ष | |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम करौली बांगर में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त 643/एस०टी०-एस०डी०एम०/2024 दिनांक 05.09.2024 स्व० रामस्वरूप पुत्र विपत्ति सिंह निवासी ग्राम नगला हुकम सिंह मा० करौली बांगर परगना व तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर मृत्यु दिनांक 26.07.2024 को हो चुकी है, मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| करौली बांगर | 337 | स्व0 रामस्वरूप पुत्र विपत्ति सिंह निवासी ग्राम नगला हुकम सिंह मा0 करौली बांगर परगना व तहसील जेवर, जिला गौतमबुद्धनगर | अमरवती | पुत्री | 46 वर्ष | विवाहित |
| | | | सीमा | पुत्री | 45 वर्ष | विवाहित |
| | | | गोपाल सिंह | पुत्र | 43 वर्ष | विवाहित |
| | | | सुन्दरी | पुत्री | 36 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम मूंजखेडा में उप जिलाधिकारी सदर जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 362/एस०टी०-एस०डी०एम०/2025 दिनांक 19.05.2025 व परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 163/एस०टी० एस०डी०एम०/2025 दिनांक 28.01.2025 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काशतकार का नाम व पता | वारिसानों का नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| मूंजखेडा | 805 | स्व0 श्री लाल सिंह पुत्र श्री बिहारी स्व0 श्री वादो पत्नी स्व0 श्री लाल सिंह स्व0 श्रीमती कमलेश पत्नी स्व0 श्री श्योराज नि0 ग्राम बल्लूखेडा, माजरा-मूजखेडा, परगना दनकौर, परगना व तहसील व जनपद गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 | राजेन्द्र सिंह | 64 | पुत्र |
| | | | देशराज | 61 | पुत्र |
| | | | गौतम | 51 | पुत्र |
| | | | देवेन्द्र सिंह | 56 | पुत्र |
| | | | ब्रहमपाल सिंह | 49 | पुत्र |
| | | | श्रीमती कमलेश | 27 | पुत्री |
| | | | अमर पाल पुत्र स्व0 श्री श्यौराज सिंह | 35 | पौत्र |
| | | | राजीव कुमार पुत्र स्व0 श्री श्यौराज सिंह | 28 | पौत्र |
| | | | राकेश कुमार पुत्र स्व0 श्री श्यौराज सिंह | 27 | पौत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा
**तहसीलदार**
**यमुना एक्सप्रेसवे औ0 वि0 प्राधिकरण**

**उत्तर रेलवे**

**इ-निविदा (इ-प्रोक्यूर्मेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

**सं. 128-W/280/इ-निविदा सूचना/16/2025-26/W-3** **दिनांक: 17.06.2025**

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम** | सीनियर एडीईएन/एनडीएलएस के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/एनडीएलएस/स्टेशन के सेक्शन में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के सर्कुलेशन क्षेत्र, पीजी और एजी साइड, स्टेशन साइडिंग, पौधों आदि में लैंडस्केपिंग और बागवानी कार्य की मरम्मत और रखरखाव और एसएसई/डब्ल्यू/एएनवीटी के सेक्शन में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल के मुख्य पहुंच मार्ग, कॉनकोर्स क्षेत्र और सबवे पहुंच मार्ग पर लैंडस्केपिंग और बागवानी कार्य की मरम्मत और रखरखाव का कार्य, एक वर्ष के लिए। |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) | ₹ 2,29,92.588.00/- (रुपये दो करोड़ उनतीस लाख बानवे हजार पांच सौ अट्ठासी मात्र) |
| 3 | बयाना राशि (रुपये) | ₹ 2,65.000/- (रुपये दो लाख पैंसठ हजार मात्र) |
| 4 | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) | रु. 0.00, |
| 5 | निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय | 09.07.2025 को 15:00 तक। |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | निविदा **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर उपलब्ध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।
**1805/25**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, बुधवार 18 जून 2025

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## युद्ध के साए में दिखावे का जी-7

कनाडा के कनानास्किस में जी-7 की बैठक में हिस्सा लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी पहुंच चुके हैं, हालांकि उन के पहुंचने से पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप वहां से रवाना हो चुके थे। ये बात श्री मोदी के लिए राहत की है क्योंकि अब भारत-पाकिस्तान के बीच युद्धविराम के दावे को लेकर ट्रंप से कोई चर्चा नहीं होगी। ट्रंप इस बात को कम से कम 14 बार कह चुके हैं। ऐसे में अगर श्री मोदी ट्रंप से मिलते और इस बारे में सवाल नहीं करते तब देश में उनकी काफी आलोचना होती। तो इसलिए एक तरह से उन के लिए ये राहत ही है कि वे ट्रंप के साथ किसी अप्रिय स्थिति में उलझने से बच गए।

उधर ट्रंप के जल्दी निकल जाने पर भी विवाद खड़ा हो ही गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा था कि मध्य पूर्व में युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए ट्रंप वापस गए हैं, जो सकारात्मक पहल है। लेकिन ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दिए अपने जवाब में मैंक्रो को गलत बताते हुए लिखा, 'प्रचार चाहने वाले इमैनुएल मैंक्रो ने गलती से कहा कि मैं कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन छोड़कर वापस वाशिंगटन डीसी जा रहा हूं ताकि इजरायल-ईरान के बीच 'युद्ध विराम' पर काम कर सकूं। गलत! उन्हें नहीं पता कि मैं अब वाशिंगटन क्यों जा रहा हूं, लेकिन इसका निश्चित रूप से युद्ध विराम से कोई लेना-देना नहीं है। इससे कहीं ज्यादा बड़ा। चाहे जानबूझ कर हो या अनजाने में, इमैनुएल हमेशा गलत ही बोलते हैं। देखते रहिए!'

ट्रंप के इस बयान से संकेत मिल रहे हैं कि इजरायल-ईरान युद्ध में अब अमेरिका भी सीधा हिस्सा बन सकता है। वैसे इस बार जी-7 का एजेंडा मौजूदा वैश्विक हालात को देखते हुए पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। इस बार बैठक के एजेंडे में वैश्विक शांति और सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता, विकास और डिजिटल विकासशील जैसे मुद्दों पर चर्चा होनी है। लेकिन एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच जंग छिड़ी है, इजरायल ने गज़ा में कत्लेआम मचाया है और अब ईरान के साथ भी जंग छेड़ दी है। इस बैठक की शुरुआत करते हुए कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने कहा था कि, आज हम जिस वक्त जी-7 मीटिंग कर रहे हैं तब दुनिया में काफी हलचल है। देश बंटे हुए हैं। अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, जापान, यूनाइटेड किंगडम और इटली के नेता एक साथ बैठे हैं। दुनिया हमारी तरफ देख रही है। अगले दो दिन हम खुलकर चर्चा करेंगे।

लेकिन जिस तरह ट्रंप पहले चले गए, मैक्रों उन पर तंज कस रहे हैं, उससे नजर आ रहा है कि बैठक में न खुलकर चर्चा हो रही है, न सदस्य देशों में एकता दिखाई दे रही है। वैसे जी-7 नेताओं ने इजरायल और ईरान के हालात पर जो बयान जारी किया है, उसमें कहा है कि च्व्हम, जी-7 के नेता, मध्य-पूर्व में शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हैं। जी-7 नेताओं ने कहा है कि 'इजराइल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है, इस बयान में ईरान को 'क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का असल स्रोत' कहा गया है। जी-7 नेताओं ने कहा, 'हम लगातार कहते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार कभी हासिल नहीं कर सकता है। ईरानी संकट के समाधान से मध्य-पूर्व में युद्ध की स्थिति में व्यापक कमी आएगी, जिसमें गज़ा में युद्धविराम भी शामिल है।'

इस बयान को गौर से देखें तो झोल ही झोल नजर आएगा। एक तरफ जी-7 शांति की बात करता है, दूसरी तरफ दो देशों से युद्ध कर रहे इजरायल का साथ दे रहा है और कह रहा है कि इजरायल को रक्षा का अधिकार है। अब सवाल ये है कि अगर इजरायल को रक्षा का अधिकार है, तो वही अधिकार ईरान या फिलीस्तीन को क्यों नहीं है। ईरानी संकट के समाधान की बात जी-7 कर रहा है, यानी सीधे-सीधे ईरान को घुटने टेकने की नसीहत दे रहा है और इसे गज़ा के युद्ध विराम से जोड़ने का दिखावा कर रहा है। अगर जी-7 को वैश्विक शांति की इतनी ही चिंता थी तो अब तक इजरायल को गज़ा को तबाह करने से क्यों नहीं रोका गया।

जी-7 के देशों को शायद यह गुमान है कि उनके पास दुनिया की जीडीपी का 28.4 प्रतिशत हिस्सा है तो वह सारे देशों को अपने मुताबिक नचा सकता है। लेकिन ये समूह आपस में ही बिखरा हुआ दिख रहा है। ट्रंप की तरफ से शुरु किए गए टैरिफ युद्ध की चपेट में दुनिया के कई देश आ चुके हैं। ट्रंप अब भी अपनी टैरिफ नीति से पीछे हटने तैयार नहीं हैं, ऐसे में कई देश खुलकर अपनी नाराजगी जता चुके हैं। इनमें फ्रांस, इटली जैसे देश तो जी-7 के सदस्य ही हैं। वैसे ट्रंप ने जी-7 की अहमियत को लेकर एक बार फिर से सवाल खड़े किए हैं, 2020 में वे इस समूह को आउटडेटेड बता चुके हैं। और अब उन्होंने कहा कि 2014 में रूस को जी-7 से निकालना गलत था, जिससे दुनिया अस्थिर हुई। इसके लिए ट्रंप ने बराक ओबामा और जस्टिन ट्रूडो को जिम्मेदार बताया है।

ट्रंप तो पहले भी अपने पूर्ववर्ती शासकों की सार्वजनिक आलोचना कर चुके हैं, लेकिन मार्क कार्नी के लिए भी उन्होंने अजीब हालात बना दिए हैं, क्योंकि कार्नी का ध्यान इस समय रिश्तों को सुधारने पर है। भारत को आमंत्रित करने के पीछे भी यही कारण बताया गया है, क्योंकि निज्जर हत्याकांड के बाद से कनाडा-भारत के संबंध बिगड़ गए थे। हालांकि अब भी नरेन्द्र मोदी का विरोध कनाडा में हो रहा है। इसके अलावा आतंकवाद, पर्यावरण को नुकसान, कमजोर देशों पर आक्रमण जैसे कई मुद्दों पर जी-7 के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। कनाडाई न्यूज चैनल के मुताबिक, कनानास्किस के सीनियर पुलिस ऑफिसर डेविड हॉल ने कहा है कि प्रदर्शन के लिए 3 जोन तय किए गए हैं, जहां से विरोध प्रदर्शन जी-7 में शामिल हो रहे नेताओं को लाइव दिखाया जाएगा।'

दरअसल, कनाडा सरकार 'शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट' को जनता का अधिकार बताती है। इससे पहले भी भारत के ऐतराज के बावजूद कनाडा ने भारतीय दूतावास के सामने विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी थी। यानी नरेन्द्र मोदी को अच्छा लगे या बुरा, कनाडा में उनके खिलाफ प्रदर्शन होने दिए जाएंगे।

कुल मिलाकर युद्धों के साए में 2025 की जी-7 की बैठक से कुछ खास हासिल होने की उम्मीद नहीं दिख रही है, क्योंकि सभी देश पहले अपनी स्वार्थपूर्ति में लगे हैं, दुनिया के बारे में सोचने का केवल दिखावा ही हो रहा है।

# न्यायपालिका को अपना घर भी ठीक करना चाहिए

बीसवीं सदी के मशहूर जर्मन कवि-नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त ने कहा है कि 'हमें छोटे-छोटे न्याय दिए जाते हैं ताकि बड़े अन्याय छिपाए जा सकें।' हमारे देश में भी ऐसा ही हो रहा है। पिछले कुछ वर्षों से देश की अन्य संवैधानिक संस्थाओं की तरह हमारी न्यायपालिका भी संक्रमण के दौर से गुजर रही है। न सिर्फ उसकी कार्यशैली और फैसलों पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि उसकी हनक भी लगातार कम हो रही है। यह बात सर्वोच्च और उच्च अदालतों के कई पूर्व और वर्तमान न्यायाधीश भी कई मौकों पर कह चुके हैं। इस सिलसिले में कोई सात साल पहले सुप्रीम कोर्ट के चार वरिष्ठ जजों की ऐतिहासिक प्रेस कांफ्रेन्स उल्लेखनीय है।

साल 2018 के जनवरी महीने में सुप्रीम कोर्ट के चार जजों ने एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से शीर्ष अदालत में प्रशासनिक गड़बड़ियों को उजागर करते हुए कहा था कि- ये गड़बड़ियां न्यायपालिका को नुकसान पहुंचा रही हैं और देश के लोकतंत्र को नष्ट कर सकती हैं। इन चार जजों का मीडिया के सामने आकर ऐसा कहना आजाद भारत के इतिहास में अपनी तरह की पहली घटना थी। उस घटनाक्रम की एक हैरान करने वाली बात यह भी थी कि चार जजों ने जो कुछ कहा था, उस पर सफाई या उनकी बातों का खंडन सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा की ओर से नहीं आया था बल्कि भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठन के नेता प्रधान न्यायाधीश के बचाव में आगे आए थे।

बहरहाल इस पूरे घटनाक्रम के बाद सुप्रीम कोर्ट की प्रशासनिक कार्यप्रणाली में कोई सुधार हुआ हो या न हुआ हो, लेकिन देश की न्याय व्यवस्था में तो कोई सुधार हर्गिज नहीं आया। हालांकि तब से लेकर अब तक सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों ने कुछ फैसले बहुत अच्छे दिए, जिनसे लोगों को लगा कि अभी सब कुछ खत्म नहीं हुआ है। अलबत्ता सत्ता प्रतिष्ठान को वे फैसले रास नहीं आए और इसी वजह से सत्तापक्ष की ओर से सुप्रीम कोर्ट को कई तरह की नसीहतें भी दी गईं। फिर भी लोक महत्व के कई फैसले बेहद निराशाजनक रहे, जिन्हें किसी भी दृष्टि से तार्किक या निष्पक्ष नहीं कहा जा सकता। इसी दौरान सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्टों के कुछ जजों का व्यक्तिगत आचरण भी बेहद आपत्तिजनक रहा, जिससे न्यायपालिका की विश्वसनीयता पर सवाल उठे।

ज्यादा पुरानी बात न करें तो हाल के दिनों में ही सुप्रीम कोर्ट के कुछ अजीबोगरीब फैसले आए हैं, जो पहलगाम कांड और उसके बाद भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य टकराव के शोर में दब गए और लोगों का उन पर ध्यान नहीं गया। इनमें से कुछ फैसले शीर्ष अदालत की निष्पक्षता पर सवाल खड़ा करते हैं तो कुछ फैसले ऐसे हैं जो शीर्ष अदालत ने अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर दिए हैं।

सबसे महत्वपूर्ण मामला इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज शेखर यादव का है। विश्व हिंदू परिषद के एक कार्यक्रम में भाषण देते हुए जस्टिस यादव ने मुसलमानों को कठमुल्ला बताते हुए कहा था कि देश बहुसंख्यकों की इच्छा के मुताबिक ही चलना चाहिए। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस यादव से सफाई मांगी थी और तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना उनके खिलाफ



अनिल जैन

> भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले में तो सुप्रीम कोर्ट का रवैया बेहद ही हैरतअंगेज और अफसोसनाक रहा। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए पुलिस को शाह के खिलाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था जिसकी देश भर में सराहना हुई थी

इन-हाउस जांच के लिए कमेटी गठित करने वाले थे लेकिन राज्यसभा सचिवालय ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिख कर जस्टिस यादव के खिलाफ जांच रुकवा दी। मामला रफा-दफा हो गया। जस्टिस यादव को उनके पद से हटाने के लिए राज्यसभा के 55 सदस्यों के हस्ताक्षर वाला प्रस्ताव भी सदन के सभापति के पास गया था लेकिन उसमें भी कुछ नहीं हुआ।

एक अन्य मामला अवमानना का है जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट रूप से दोहरा रवैया अपनाया है। एक यूट्यूबर अजय शुक्ल ने अपने यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर सुप्रीम कोर्ट से हाल ही में रिटायर हुई जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी की कार्यशैली और उनके दिए कुछ फैसलों को लेकर आलोचनात्मक टिप्पणियां की थीं, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने अपमानजनक मानते हुए उनका स्वत: संज्ञान लिया और सुप्रीम कोर्ट की रजिस्टरी को निर्देश दिया कि वह यूट्यूबर शुक्ल के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू करे। जबकि इसी वाकये से कुछ दिनों पहले भाजपा के वरिष्ठ सांसद निशिकांत दुबे ने तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना का नाम लेकर कहा था कि उनकी वजह से देश में गृह युद्ध छिड़ा हुआ है। देश के इतिहास में यह पहला मौका था जब सुप्रीम कोर्ट के मुखिया पर किसी ने इतना गंभीर आरोप लगाया था लेकिन उसके खिलाफ अदालत ने अवमानना का मामला शुरू नहीं किया, बल्कि अदालत के सामने जब यह मामला आया तो उसे खुद जस्टिस संजीव खन्ना ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 'न्यायपालिका ऐसी छुई मुई नहीं है कि जो ऐसी टिप्पणियों से बिखर जाएगी।'

इन मामलों के अलावा सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर तमिलनाडु के दो मंत्रियों के इस्तीफे का मामला भी कम हैरान करने वाला नहीं रहा। तमिलनाडु के बिजली और आबकारी मंत्री सेंथिल बालाजी और वन मंत्री के. पोनमुडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से धमकी दी थी कि अगर उन्होंने मंत्रिपरिषद से इस्तीफा नहीं दिया तो उनकी जमानत रद्द कर उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। सवाल है कि कोई भी अदालत किसी मंत्री को यह कैसे कह सकती है कि वह मंत्री पद छोड़े नहीं तो जमानत रद्द करके उसे जेल भेज दिया जाएगा? क्या यह कार्यपालिका के काम में न्यायपालिका का असंवैधानिक हस्तक्षेप नहीं है? किसी आरोपी या दागी व्यक्ति को मंत्रिमंडल में रखने का फैसला नैतिकता की कसौटी पर हो सकता है कि सही नहीं हो लेकिन अगर कानूनी और संवैधानिक रूप से सही है तो उसमें अदालत का दखल क्यों होना चाहिए? गौरतलब है कि सेंथिल बालाजी और पोनमुडी धन शोधन और आय से अधिक संपत्ति के मामलों में लंबे समय तक जेल में रहने के बाद जमानत पर रिहा हुए थे और फिर से मंत्री बनाए गए थे, क्योंकि अगर कोई व्यक्ति विधायक है और उसे अयोग्य नहीं ठहराया गया है तो वह भारत के संविधान के मुताबिक मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बन सकता है। जैसे पिछले साल धन शोधन के मामले में जेल से छूटने के बाद हेमंत सोरेन फिर से झारखंड के मुख्यमंत्री बने थे और अरविंद केजरीवाल तो जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री बने रहे।

भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले में तो सुप्रीम कोर्ट का रवैया बेहद ही हैरतअंगेज और अफसोसनाक रहा। मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने इस मामले में सख्त रवैया अपनाते हुए पुलिस को शाह के खिलाफ सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था जिसकी देश भर में सराहना हुई थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर दो महीने का रहस्यमय स्थगन देकर देश को निराश ही किया।

हाल के वर्षों में हेट स्पीच यानी नफरत फैलाने वाले भाषणों को लेकर भी शीर्ष अदालत और हाई कोर्टों का रवैया बेहद विचित्र रहा है। जेएनयू के दो छात्र खालिद उमर और शरजील इमाम हेट स्पीच के मामले में करीब पांच साल से जेल में हैं। सुप्रीम कोर्ट कई बार कह चुका है कि 'जमानत नियम है और जेल अपवाद' लेकिन सुप्रीम कोर्ट की यह व्यवस्था इन दोनों पर लागू नहीं हो रही है। इसके विपरीत कई केंद्रीय मंत्री और सत्ताधारी पार्टी के सांसद आए दिन हेट स्पीच देते रहते हैं पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की अपील तक अदालतों में नहीं सुनी जाती।

ऐसा नहीं है कि न्यायपालिका में जारी गड़बड़ियों से आम आदमी बेखबर हो। पारंपरिक मीडिया भले अपने निहित स्वार्थों की खातिर इन गड़बड़ियों से मुंह फेरे हुए हो, परन्तु वैकल्पिक और सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के विस्तार के चलते हर आदमी न्यायपालिका में व्याप्त भ्रष्टाचार और विसंगतियों से भरी न्याय व्यवस्था से बाखबर है। यह और बात है कि ये गड़बड़ियां अवमानना के डंडे के डर की वजह से कभी भी व्यापक तौर पर सार्वजनिक बहस का मुद्दा नहीं बन पातीं। वक्त का तकाजा है कि न्यायपालिका खुद अपने गिरेबान में झांके और अपनी विश्वसनीयता बहाल करे। अपनी तमाम विसंगतियों और गड़बड़ियों के बावजूद न्यायपालिका ही आज भी हमारे लोकतंत्र का सबसे असरदार स्तंभ है और हर तरफ से लाचार-हताश देशवासियों की उम्मीद का आखिरी आसरा भी। यह स्तंभ भी अगर पूरी तरह ढह गया तो फिर बचा-खुचा लहूलुहान लोकतंत्र भी धर्मांधता, कॉरपोरेट की लूट और व्यक्तिपूजा के पैरों तले पूरी तरह कुचल कर दम तोड़ देगा।

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**

# प्रबंधन से ज्यादा जरूरी है आपदा रोकना

सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों और आपदा प्रबंधन के मुखिया लोगों के बीच जब केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आपदा प्रबंधन में भारत को दुनिया का अगुआ और मोदी राज के दस वर्षों में यह उपलब्धि हासिल करने का दावा कर रहे थे तब डरावने विमान हादसे से बिखरे मलबे और मानव अंगों को समेटने और पहचानने का काम पूरा नहीं हुआ था और जिस किसी ने भी प्रत्यक्ष या वीडियो वगैरह के जरिए राहत एजेंसियों के लोगों को लगन और धैर्य से काम करते देखा होगा वह एक बार गृह मंत्री के दावे पर भरोसा कर लेगा। वैसे यह अलग बात है कि इसी अमित शाह ने इसी दुर्घटना को लेकर जैसा कैजुअल बयान दिया था उसकी काफी आलोचना हुई थी।

आपदा प्रबंधन वाले लोगों के काम की मुश्किल इस बात से भी समझी जा सकती थी कि जब शायद ही कोई शव साबुत मिला हो तब टुकड़ों के आधार पर उसकी पहचान करके घरवालों को सही व्यक्ति की लाश सौंपना असंभव बन गया। लगभग आधे शव ही पहचाने जा सके। हजारों हजार रुपए देकर यात्रा करने वाले यात्रियों और आकाश से आने वाली मौत से अनजान डाक्टर बनने का सपना लेकर आगे बढ़ रहे हास्टल वाले बच्चों के परिवार वालों को अगर शव सौंपना संभव न हो तब सफलता-विफलता और दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनने का दावा क्यों नहीं करना चाहिए यह समझ तो इतने जिम्मेदार नेता में होनी चाहिए।

अब यह दुर्घटना या इसके ठीक बाद हुई उतराखंड में हेलीकाप्टर दुर्घटना या पुणे में पुल टूटने की घटना या बेंगलुरु में भगदड़ या कुम्भ की भगदड़ या हाथरस की भगदड़ या फिर बाढ़ और प्राकृतिक आपदाओ या कोविड जैसी महामारी के बीच हमारी इन आपदा प्रबंधन एजेंसियों के कामकाज पर नजर डालेंगे तो रिकार्ड फिफ्टी-फिफ्टी का ही मिलेगा। इन पर होने वाले खर्च को जोड़ेंगे तो हिसाब और महंगा लगेगा। इनकी जरूरत और इनकी कार्यकुशलता की मांग तो लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन गृह मंत्री का यह दावा राजनैतिक लगता है कि एजेंसियों ने मोदी राज में नुकसान को न्यूनतम या कम करने की जगह शून्य करने में सफलता पाई है। वे यह कहने से भी नहीं चूके कि आपदा एक वैश्विक समस्या है क्योंकि जलवायु परिवर्तन और वैश्विक तापमान में वृद्धि के चलते इनका क्रम बढ़ गया है। इस बात में सच्चाई हो सकती है लेकिन सारी आपदाओं को प्रकृति और जलवायु के बदलाओं के मत्थे मढ़ना ठीक नहीं है। असल में उस बदलाव और बिगड़ाव के लिए हमी दोषी हैं, हमारी सरकारों की नीतियां दोषी हैं।

अपने यहां अहमदाबाद या उत्तराखंड हादसे से लेकर कोविड के नाम पर तालाबंदी के जरिए देश भर के करोड़ों प्रवासी मजदूरों के जीवन में तबाही लाने जैसे अधिकांश मामलों में मुख्य भूमिका सरकार की दिखती है या उसकी तरफ से दी गई ढील की है। अगर सिंगल इंजन के विमानों को दुर्गम पहाड़ियों वाले उत्तराखंड में ऑटो की तरह पैसेंजर ढोते सब लोग देख लेते हैं तो यह सरकार को क्यों नहीं दिखता। उसके साथ दलालों और पैसों की लूट करने वाली कंपनियों का रिश्ता क्यों नहीं दिखता। हवाई यातायात ही नहीं, सड़क और रेल परिवहन जितना लूटने लगे है उनमें सुविधाओं और सुरक्षा की उतनी ही कमी क्यों आती जा रही है। सड़े गले पुल पर ट्रैफिक न जाए यह देखना किसका जिम्मा है? लोगों के बड़े जमावड़े की इजाजत देते समय कायदे कानून को क्यों बिसरा दिया जाता है? ऐसी दुर्घटनाएं बार-बार हो रही हैं और एनडीआरएफ के जवानों की बहादुरी और कर्तव्यपरायणता के बावजूद बड़ी संख्या में मौत हो जाती है। ऐसी जगह सरकार किसके पक्ष में होती है यह बताया न भी जाए तो इतना जरूर होता है कि वह नुकसान को कम से कम बताकर अपनी जिम्मेवारी से बचना चाहती है।

इस बात का सबसे अच्छा उदाहरण पहलगाम कांड और हमारी सैनिक कार्रवाई की गहमागहमी के बीच कोविड से हुई मौतों का आंकड़ा जारी करना है। यह काम गृह मंत्रालय का ही था और जन्म तथा मृत्यु के आंकड़े जारी करने का रूटीन काम भी कई साल बाद किया गया। इस सरकारी आंकड़े से पता चला कि अकेले 2021 में कोविड से मौत के आंकड़े तीन लाख नहीं बीस लाख से ज्यादा है- पहले बताए जाने वाले आंकड़े से लगभग सात गुना। गुजरात जैसे राज्य में आंकड़ों का फासला साठ गुना लगता है तो उत्तर प्रदेश में भी सात के कई गुना ज्यादा। इस बीच कोविड प्रबंधन में दुनिया भर में झण्डा फहराने जैसे न जाने कितने दावे किए गए। इन मौतों को लेकर सारे चैनल और अखबार सरकार की भक्ति में न थे लेकिन हिन्दू की रिपोर्टों को अनदेखा किया गया तो भास्कर को डांटकर चुप करा दिया गया। अंग्रेजी मीडिया की खबरों से सरकार को ज्यादा चिंता नहीं होती। याद कीजिए, दानिश सिद्दीकी द्वारा लाश से पटी सीमापुरी श्मशान की तस्वीरों पर क्या कहा गया या भास्कर को किस तरह माफी मांगने पर मजबूर किया गया। अफ़गान युद्ध में फोटोग्राफी करते वक्त जान गंवाने वाले दानिश को तब शासक दल के प्रवक्ता गिद्ध कहते थे।

ऐसा ही मामला हाल में हुए कुम्भ हादसे में मरने वालों और उनके परिजनों के साथ हुए व्यवहार का है। कुम्भ को सदी का ही नहीं सदा का सर्वश्रेष्ठ आयोजन बताने और इस भगदड़ को दुर्घटना बताने वाले मामले की पोल बीबीसी के कुछ पत्रकारों ने खोली जब साफ हुआ कि मुआवजे किस भेदभावपूर्ण तरीके से बंटे, कम लोगों को दिए गए और अधिकांश को नहीं मिले।

मौत का आंकड़ा भी सरकारी दावे से कई गुना है। कहीं नकदी तो कहीं बैंक ट्रांसफर क्यों किया गया? यह साफ नहीं है। लेकिन इस बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस भगदड़ के मुख्य जिम्मेदार को किस तरह बेदाग बचा लिया यह खबर कुम्भ भगदड़ जितनी चर्चा भी नहीं पा सका। उस बाबा पर प्राथमिकी तक दर्ज नहीं हुई और पूछताछ भी औपचारिकतावश हुई। कोविड वाले लाकडाउन में तो प्रवासी मजदूरों की दुर्गति किसी बाबा के चलते न होकर सरकार के गलत फैसले से हुई जिसमें मोदी और शाह सभी शामिल थे। इसलिए साफ लगता है कि दावे जो किए जाए, आपदा प्रबंधन एजेंसियों का काम जितना सुधारा हो आपदा लाने वाले ज्यादा गैर जिम्मेदार हुए हैं, नैतिकता गायब हुई है और फैसलों में कामकाज सुधारने और अच्छे प्रबंधन की जगह दूसरी वजहें प्रभावी होती जा रही हैं।



अरविन्द मोहन

> अहमदाबाद या उत्तराखंड हादसे से लेकर कोविड के नाम पर तालाबंदी के जरिए देश भर के करोड़ों प्रवासी मजदूरों के जीवन में तबाही लाने जैसे अधिकांश मामलों में मुख्य भूमिका सरकार की दिखती है या उसकी तरफ से दी गई ढील की है। अगर सिंगल इंजन के विमानों को दुर्गम पहाड़ियों वाले उत्तराखंड में ऑटो की तरह पैसेंजर ढोते सब लोग देख लेते हैं तो यह सरकार को क्यों नहीं दिखता।



## ललित सुरजन की कलम से

### पत्रकारिता: भावना बनाम तर्कबुद्धि

*मेरी राय में जिस भी पत्रकार की दिलचस्पी पानी के मसले में हो, उसे राष्ट्रीय जलनीति और यदि प्रदेश की जलनीति हो तो उसका भी अध्ययन करना चाहिए। तभी उसे मालूम होगा कि जलसंकट के विभिन्न आयाम क्या हैं और मूल कारण क्या हैं। जल के आवर्धन, संरक्षण, वितरण और स्वच्छता- इन चारों पहलुओं के बारे में अपनी जानकारी बढ़ाने में उसे तत्पर रहना चाहिए। एक पत्रकार जहां भी पदस्थ है वहां जलस्रोत क्या हैं, वर्षाजल की क्या स्थिति है, जल संरक्षण की पारंपरिक विधियां क्या हैं, नई तकनीकी का इस्तेमाल किस रूप में हो रहा है, उसकी लागत नागरिक की जेब पर भारी है या उचित, जलस्रोत प्रदूषित कैसे हो रहे हैं, स्थानीय निकायों की क्या भूमिका है, जलप्रदाय के लिए आर्थिक प्रावधान क्या हैं, श्रमशक्ति का कैसा इंतजाम है- इन सबको जान-समझकर जब रिपोर्ट बनेगी तब ही उस पर समुचित व प्रभावी कार्रवाई होने की संभावना बन सकती है।*

**( देशबन्धु में 14 मार्च 2013 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/03/blog-post_13.html

## पावन प्रसंग

### अंहकार रूपी व्याधि से सावधान

लोक-व्यवहार में कोई भी व्यक्ति अहंकारी का सम्मान नहीं करता। सभी ऐसे व्यक्ति से बचते फिरते हैं, दूर भागते हैं। परिस्थितिवश मजबूरन उनके साथ व्यवहार करना पड़े तो शिष्टाचारवश उनके आगे सर झुकाते हैं, लेकिन पीठ पीछे उनका वह आदर नहीं रहता; क्योंकि व्यक्ति की अंतरात्मा एक अहंकारी व्यक्ति की क्षुद्रता के सामने श्रद्धानत् नहीं हो सकती और अध्यात्म क्षेत्र में तो इसका विधान और भी स्पष्ट एवं कठोर है।

अध्यात्म-क्षेत्र में अहंकार को भयंकर व्याधि माना गया है। जब तक व्यक्ति में अहंकार का लेशमात्र भी शेष है, अध्यात्म के साम्राज्य में उसका प्रवेश नहीं होता।

गीता में भगवान श्रीकृष्ण का उपदेश तब प्रस्फुटित होता है, जब अर्जुन शरणागत स्थिति में हाथ जोड़कर एक जिज्ञासु के भाव में सामने खड़े होते हैं। अपने शास्त्रबल के अहंकार को त्यागकर, एक भक्त-शिष्य की मनोभूमि में ईश्वरीय वाणी को सुनने के लिए तैयार होते हैं। अत: शिष्य-साधक को अहंकाररूपी महाव्याधि से हर हालत में सावधान रहने की आवश्यकता है।

अध्यात्म-क्षेत्र में प्रगति का मार्ग अहंकार के त्याग एवं गुरु के प्रति भक्तिभाव के साथ ही प्रारंभ होता है। हृदय में जीवन के परम सत्य को जानने की उत्कंठा तथा गुरु के प्रति श्रद्धा-समर्पण के आधार पर ही भक्ति का उदय होता है, अहंकार का विगलन होता है और अध्यात्म-क्षेत्र में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ होती है।

अहंकार के मिटते ही व्यक्ति में सज्जनता शालीनता, सादगी, सात्विकता जैसे सद्गुण अनायास ही बढ़ते चले जाते हैं; जबकि अहंकार की भ्रांति व्यक्ति को पग-पग पर आत्मप्रदर्शन के पाखंड रचने के लिए प्रेरित करती है।

अहंकार शक्ति की तनिक-सी उपलब्धि से मदोन्मत्त हो उठता है। तनिक-सा धन, सत्ता, विभूति और प्रशंसा पाकर अहंकार अपनी औकात को भुला बैठता है। अहंकार से फूला व्यक्ति एक ऐसे भ्रम में जीता है कि जैसे उसने क्या पा लिया और वह क्या बन गया?

अहंकाररूपी भेद-बुद्धि न केवल मनुष्य को स्वयं से दूर कर देती है, बल्कि मूल स्त्रोत परमात्मा से भी भिन्न कर देती है। अपने जीवन एवं अस्तित्व के यथार्थ से कटा व्यक्ति अहंकार के अंधकार में अपनी सही स्थिति को अनुभव नहीं कर पाता और विराट अस्तित्व से अपने संबंध को भुला बैठता है और परिणामस्वरूप जीवन के मूल ध्येय से वंचित रह जाता है।

अहंकार का जाल-जंजाल ऐसा है, जिसमें फंस जाने वाला अपनी वास्तविक शक्तियों का इस प्रकार उद्धत प्रयोग करता है कि घाटा निरंतर बढ़ता ही चले। जो कुछ पास में था, उसका सदुपयोग करते कुछ बना और आगे बढ़ा जा सकता था-वह आत्मप्रदर्शन के कुचक्र में ही बरबाद हो जाता है। अहंकारी हर दृष्टि से घाटा-ही-घाटा उठाता है।

इस तरह मनुष्य के विनाश का सबसे प्रबल कारण अहंकार ही है और यह भगवान के सबसे अप्रिय गुणों में से एक है। फिर भी आश्चर्य कि यह अहंकार भाव कितना बलवान है कि यह जो मनुष्य को बार-बार अपने शिकंजे में कसता रहता है। इसके बचाव का एक ही तरीका है कि अपनी विवेक-बुद्धि को जाग्रत रखा जाए, अपनी भाव संवेदना को जीवंत रखा जाए और गुरु के वचनों के प्रति प्रगाढ़ आस्था एवं ईश्वर के प्रति समर्पण भाव के साथ अपने जीवन ध्येय की ओर नैष्ठिक रूप से बढ़ते रहा जाए।

**-अखण्ड ज्योति**

## आपके पत्र

### देश में इतने भविष्यवक्ता फिर भी किसी बड़े हादसे की ख़बर तक नहीं मिलती?

यह विडंबना नहीं, त्रासदी है कि भारत जैसे देश में जहां विज्ञान, तकनीक और आपदा प्रबंधन की व्यापक ज़रूरत है, वहां संकट की घड़ी में लोग अब भी किसी बाबा की 'फेसबुक लाइव' पर आश्वासन खोजते हैं। यह एक गहरी सामाजिक असुरक्षा और वैज्ञानिक सोच की कमी का परिचायक है। यहीं पर जिम्मेदारी बनती है सरकारों, शिक्षकों और सामाजिक संस्थानों की। धर्म आस्था का विषय है, लेकिन जब वह वैज्ञानिक विवेक, सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवता से दूर जाकर एक 'कॉरपोरेट माया' बन जाए, तो उसके खिलाफ खड़ा होना जरूरी है। यह कोई धर्म-विरोध नहीं, बल्कि अंधविश्वास-विरोध है।

भविष्यवाणी की आड़ में जो व्यवसायिक ढांचा खड़ा हुआ है, वह न केवल जन-संवेदनाओं से खिलवाड़ करता है, बल्कि आपदा के समय नागरिकों को दिग्भ्रमित भी करता है। जब किसी नदी में बाढ़ आती है, तो मौसम विभाग तो चेतावनी जारी करते हैं, लेकिन भगवा पोशाकधारी बाबा लोग चुप रहते हैं। जब ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त होती है, तब न तो किसी ज्योतिषी का वीडियो वायरल होता है, न ही कोई 'भविष्यवक्ता' ग्रीन रूम से बाहर आता है।

सवाल यह भी है कि इनका सीधा संपर्क किससे है? क्या वह संपर्क केवल उन्हीं दिनों काम करता है जब 'दस लाख का यज्ञ', 'एक करोड़ का चढ़ावा', या च्विशेष पूजा आयोजित की जाती है? क्या ईश्वर को संपर्क में लाने के लिए भी 'डेटा पैक' रिचार्ज कराना पड़ता है? यह कटाक्ष नहीं, कटु सत्य है कि धार्मिक विश्वास अब एक टेलीकॉम योजना जैसा हो गया है—पैसा दो, नेटवर्क भरोसेमंद होगा। एक आम नागरिक के नज़रिए से देखें, तो यह धोखा है। क्योंकि जब जनता किसी संकट में होती है, तब उसे सही, सटीक, और वैज्ञानिक जानकारी चाहिए होती है—न कि दाढ़ी वाले किसी स्वयंभू ईश्वर के प्रवचन की। इस पूरे परिदृश्य में कुछ संतुलित, विद्वान और सच्चे आध्यात्मविद अपवाद हो सकते हैं, जो वास्तव में समाज सेवा और आत्मकल्याण की बात करते हैं। लेकिन बहुसंख्यक मंचों पर जो चल रहा है, वह एक भविष्य बेचने का उद्योग है—जिसमें भविष्य के नाम पर वर्तमान की चेतना को शिथिल किया जा रहा है। अब समय है कि हम इस 'पाखंडी भविष्यवाणी तंत्र' की पड़ताल करें। सरकारों को ऐसे फर्जी दावों पर निगरानी रखनी चाहिए। शिक्षा व्यवस्था में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और तर्कशीलता को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। मीडिया को भी यह समझना चाहिए कि बाबा के चक्कर में वे किस तरह जनता को एक अंधकारमय राह पर ले जा रहे हैं। और अंत में, यह भी जरूरी है कि हम, आप, आम लोग—अब सवाल करना सीखें। अगली बार जब कोई बाबा मंच से यह कहे कि -अगले महीने बड़ी घटना घटेगी, तो उनसे पूछें—क्या, कब, कहां, कैसे? यदि उनके पास उत्तर नहीं है, तो उनका भविष्य नहीं, आपकी जागरूकता उनका अंत तय करेगी।

**-प्रियंका सौरभ**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव,
( पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

## इजरायल को खुद की रक्षा का अधिकार है- जी 7

**अल्बर्टा ( कनाडा )।** कनाडा के अल्बर्टा में 51वें शिखर सम्मेलन के लिए बैठक कर रहे जी-7 नेताओं ने मंगलवार को ईरान को 'क्षेत्रीय अस्थिरता और आतंक का मुख्य स्रोत' बताते हुए इजरायल के लिए अपने समर्थन की पुष्टि की। इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के लोगों को तेहरान खाली करने की चेतावनी देने के बाद बैठक से स्वदेश वापस चले गए हैं। दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे जी-7 नेताओं ने पश्चित एशिया में शांति और स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता दोहराई और ईरानी संकट के समाधान का आह्वान किया ताकि क्षेत्र में शत्रुता में कमी आ सके और गाजा में युद्ध विराम हो सकें।

# देश विदेश

### फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने की जी-7 नेताओं से मुलाकात

# मध्य-पूर्व में दिया तनाव कम करने पर जोर

**कनानास्किस,** 17 जून (एजेंसियां)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को कनाडा के कनानास्किस में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान कई विश्व नेताओं के साथ उच्च-स्तरीय बैठक कीं। उन्होंने इजरायल और ईरान के बीच तनाव कम करने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत शुरू करने की जरूरत पर जोर दिया। मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की। उनकी चर्चा मध्य पूर्व की अस्थिर स्थिति, यूक्रेन युद्ध और रक्षा, ऊर्जा तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित थी। कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और यूरोपीय संघ से मिलकर बने जी-7 ने शिखर सम्मेलन से एक संयुक्त बयान जारी किया। इस बयान में उन्होंने मध्य पूर्व में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की, जबकि इजरायल के आत्मरक्षा के अधिकार का स्पष्ट रूप से समर्थन



किया। मैक्रों ने ट्रंप के साथ रूस-यूक्रेन युद्ध में युद्धविराम और इजरायल-ईरान तनाव कम करने पर चर्चा की। दोनों ने व्यापार संबंधों को स्थिर करने पर भी बात की। मैक्रों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, हमने रूस पर दबाव डालकर जल्द से जल्द युद्धविराम करने और यूक्रेन के लिए स्थायी शांति की बात की। उन्होंने

**■ मैक्रों ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की**

कहा कि इजरायल और ईरान के बीच तनाव कम करना जरूरी है। सख्त बातचीत से ही यह सुनिश्चित होगा कि ईरान कभी परमाणु हथियार न बनाए और मध्य पूर्व में सभी की सुरक्षा हो। मैं इस मुश्किल स्थिति में गाजा को नहीं भूला। इजरायल को युद्ध खत्म करना चाहिए, हमास को बंधकों को रिहा करना चाहिए और नागरिकों को राहत मिलनी चाहिए।

## रूस को 6 हजार सैन्य इंजीनियर सैनिक भेजेगा उत्तर कोरिया

**सियोल,** 17 जून (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया रूस में लगभग 6 हजार सैन्य इंजीनियर सैनिकों को भेजने की योजना बना रहा है। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई। मॉस्को के सुरक्षा परिषद के सचिव सर्गेई शोइगु उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन के साथ वार्ता के लिए प्योंगयांग गए थे। शोइगु के हवाले से योनहाप ने बताया कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में तैनात किए जाने वाले सैनिकों में 5 हजार सैन्य निर्माण श्रमिक और 1 हजार सैपर शामिल होंगे। इस बीच, मंगलवार को रूस के सुरक्षा परिषद सचिव सर्गेई शोइगु उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन से मुलाकात करने के लिए दो सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार प्योंगयांग पहुंचे। यह इस महीने में शोइगु की दूसरी उत्तर कोरिया यात्रा है, इससे पहले जून की शुरुआत में उन्होंने यात्रा की थी।



**■ कोरियाई नेता किम जोंग-उन से मुलाकात करने के लिए दो सप्ताह से भी कम समय में दूसरी बार प्योंगयांग पहुंचे**

## इजरायल का दावा, मारा गया ईरान का टॉप कमांडर अली शादमानी



**तेल अवीव,** 17 जून (एजेंसियां)। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने मंगलवार को दावा किया कि उसने ईरान के युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ अली शादमानी को मार गिराया है। शादमानी सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी थे। 'आईडीएफ' ने 'एक्स' पोस्ट पर लिखा, इंटेलिजेंस ब्रांच की सटीक खुफिया जानकारी और रात के दौरान अचानक मिले मौके के बाद, एयरफोर्स के फाइटर जेट्स ने तेहरान के मध्य में एक हेडक्वार्टर पर हमला किया। इस हमले में युद्धकालीन चीफ ऑफ स्टाफ अली शादमानी को मार गिराया गया, जो ईरानी नेता अली खामेनेई के सबसे करीबी और सबसे वरिष्ठ सैन्य कमांडर थे। हाल के हफ्तों में यह दूसरी बार है, जब इजरायल ने ईरान के सैन्य नेतृत्व को बाधित करने के मकसद से शासन के एक हाई-रैंकिंग मिलिट्री कमांडर को निशाना बनाया और उसे मार डाला। इजरायली सेना के अनुसार, शादमानी ने चीफ ऑफ वॉर स्टाफ और आर्म्ड फोर्सेस इमरजेंसी कमांड के कमांडर के रूप में कार्य किया। उन्होंने रिवोल्यूशनरी गार्ड और ईरानी सेना की कमान संभाली।

## ट्रंप का जी-7 की बैठक से जल्दी निकलने से इनकार

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की उनके हालिया बयानों को लेकर आलोचना की। मैक्रों ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति इजरायल और ईरान के बीच युद्ध विराम पर काम करने के लिए ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) शिखर सम्मेलन से जल्दी चले गए थे। ट्रंप ने स्पष्ट किया है कि शिखर सम्मेलन से उनके जल्दी चले जाने का इजरायल-ईरान संघर्ष से कोई संबंध नहीं है। ट्रंप ने 'ट्रूथ' सोशल पर लिखा, पब्लिसिटी चाहने वाले फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गलती से कहा कि मैं इजरायल और ईरान के बीच 'युद्ध विराम' पर काम करने के लिए कनाडा में जी7 शिखर सम्मेलन से वापस डीसी चला गया।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

**■ बेजान दारूवाला**

**ग्रह स्थिति : बुधवार 18 जून , 2025 आषाढ़ कृष्ण पक्ष 7**

### राशिफल

मेष - आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम में वृद्धि हो सकती है। सामाजिक रूप से यश और कीर्ति मिलेगी। व्यापार में लाभ होगा। विवाह के योग्य जातकों का रिश्ता पक्का हो सकता है।

वृषभ - आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यापार में स्थिति अनुकूल रहेगी। आपके काम की उचित प्रशंसा होगी। सामाजिक रूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। काम भी सरलता से संपन्न होंगे। आर्थिक लाभ होगा।

मिथुन - विरोधियों और अधिकारियों के साथ आज किसी भी तरह से वाद-विवाद में ना पड़ें। आनंद- प्रमोद से सम्बंधित वस्तुओं को खरीदने में अधिक खर्च हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में वातावरण अच्छा रहेगा।

कर्क - आज नेगेटिव विचार आपको घेरे रखेंगे। वाणी पर संयम रखें। परिवार में तकरार होने से शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता आपको सताएगी। दोपहर के बाद विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

सिंह - स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आप प्रसन्न और आनंदित रहेंगे। मित्रों तथा संबंधियों के साथ घूमने- फिरने की योजना बनाएंगे और आनंददायी प्रवास भी कर पाएंगे। सामाजिक रूप से सम्मान प्राप्त होगी।

कन्या - आप के स्वभाव में आज कुछ अधिक संवेदनशीलता रहेगी। काम की सफलता से मानसिक रूप से आप प्रफुल्लित रहेंगे। यश और कीर्ति में भी वृद्धि होगी। मायके से अच्छे समाचार मिलेंगे।

तुला - लेखनकार्य और साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। किसी चर्चा में भाग ले सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपने टैलेंट की बदौलत कुछ अच्छा काम कर पाएंगे। यश और कीर्ति में वृद्धि होगी।

वृश्चिक - आज किसी बात को लेकर जिद्दी ना बने रहें। अपने इमोशन पर नियंत्रण रखें। वित्तीय मामलों में लाभ की आशा रख सकते हैं। वस्त्र-आभूषण एवं सौंदर्य प्रसाधनों के मामले में खर्च होगा। माता से लाभ होगा।

धनु - आज मन की कोई चिंता दूर होने से आप काफी हलकापन महसूस करेंगे। परिजनों के साथ किसी खास पारिवारिक चर्चा में भाग ले सकते हैं। मित्रों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी और विरोधी के समक्ष विजय होगी।

मकर - आज धार्मिक विचारों के साथ-साथ धार्मिक कामों पर धन खर्च होगा। अधिक वाद-विवाद से परिवार का वातावरण सौहार्दपूर्ण नहीं रहेगा। ऑफिस में काम में मन नहीं लगेगा। दोपहर के बाद आप का मन चिंता से मुक्त रहेगा।

कुंभ - आज सांसारिक विषयों की बजाए आध्यात्मिक विषयों की तरफ आप का झुकाव अधिक रहेगा।किसी नेगेटिव भावनाओं को महत्व न देकर मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का प्रयत्न करें।

मीन - धन के लेन-देन, उगाही या निवेश करते समय आज सावधानी रखें। किसी के भी काम में जल्दबाज़ी करने से विघ्न आ सकता है। कोर्ट कचहरी की बातों में संभलकर चलने की सलाह आपको दी जाती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1576-अकबर और महाराणा प्रताप के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हुआ।
1758-फ्रेंच जनरल बुस्सी ने निजाम सलाबत जंग से जाने की इजाजत ली, जो भारत से फ्रांस की मौजूदगी का अंत था।
1812-अमेरिका के राष्टपति जेम्स मेडिसन ने ब्रिटेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
1815-वाटरलू के युद्ध में नेपोलियन बोनापार्ट को हार का सामना करना पड़ा।
1858-झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ग्वालियर के निकट लड़ाई के मैदान में ब्रिटिश सेना से लोहा लेने के बाद मारी गईयी।
1941-तुर्की ने नाजी जर्मनी के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1946-गोवा को पुर्तगालियों से आजाद कराने के लिए पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू किया गया।
1956-भारतीय संसद ने हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम को पास किया।
1972-ब्रिटिश यूरोपियन विमान 548 उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में विमान में सवार 118 लोगों की मौत।
1978-चीन और पाकिस्तान को जोड़ने वाले 1300 किलोमीटर लंबे काराकोरम हाईवे का काम पूरा हुआ।
1979-अमेरिका और सोवियत संघ के बीच हथियार नियंत्रण समझौता हुआ।
1983-अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सैली राइड को अंतरिक्ष में भेजा गया। अंतरिक्ष में जाने वाली वे पहली अमेरिकी महिला हैं।
1987-एम एस स्वामीनाथन को पहला वर्ल्ड फूड प्राइज मिला।
2009-नासा ने चांद पर पानी की तलाश में विशेष यान भेजा।


## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर – ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर-201308 (उ0प्र0)
टॉल फ्री नंबर : 18001808296, वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक : वाई.ई.ए./भूलेख/382/2025 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 13.06.2025

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है –

**(ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी, सै0-21 के अन्तर्गत)**

| क्र. सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 747 | 789 | 0.9780 | में से | 0.0326 | खैमचन्द पुत्र मोहनलाल नि0 भाईपुर |
| 2 | 747 | 789 | 0.9780 | में से | 0.2363 | विनय पुत्र बहोरीलाल चन्द्रवती पत्नी बहोरीलाल नि0 भाईपुर |
| 3 | 747 | 789 | 0.9780 | में से | 0.2363 | राधेश्याम उर्फ राधेलाल पुत्र मोहनलाल व शकुन्तला पत्नी राधेश्याम |
| 4 | 278 | 914 | 0.8740 | में से | 0.2185 | जगदीश पुत्र श्यामा नि0 भाईपुर |
| 5 | 278 | 914 | 0.8740 | में से | 0.2185 | रेवती पुत्र श्यामा नि0 भाईपुर |
| 6 | 59 | 1014 | 0.9310 | में से | 0.0843 | तनुज कुमार सिंघल पुत्र सुरेन्द्र कुमार किशनलाल पुत्र रामप्रसाद व किशोर अग्रवाल पुत्र श्याम सुन्दर नि0 रबूपुरा |
| 7 | 485 | 600 | 0.6610 | में से | 0.2203 | शकुन्तला व शिवहरी, सतीश, रेवती पुत्र व पुत्री व पत्नी परमानन्द |
| 8 | 485 | 600 | 0.6610 | में से | 0.2204 | अंगूरी व मनवीर व ऋषिपाल धर्म युधिष्ठिर शर्मा पत्नी व पुत्रगण बुद्धीपाल नि0 रबूपुरा |
| 9 | 49 | 857 | 2.7170 | में से | 0.0632 | धर्मपाल पुत्र चन्दपाल नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 10 | 009<br>009 | 558<br>549म/2 | 0.1830<br>0.6890 | में से | 0.0291<br>0.0497 | नरायन सिंह पुत्र फगनी नि0 रबूपुरा |
| 11 | 647 | 1008 | 1.0240 | में से | 0.1137 | देवराज सिंह पुत्र खजान नि0 रबूपुरा |
| 12 | 747 | 789 | 0.9780 | में से | 0.0944 | मनोज शर्मा व जयदेव पुत्रगण राजपाल नि0 भाईपुर |
| 13 | 747 | 789 | 0.9780 | में से | 0.0944 | देवेन्द्र व भूदेव पुत्र राजपाल नि0 भाईपुर |
| 14 | 174 | 1117<br>1169 | 0.8750<br>0.2030 | | 0.0730<br>0.0169 | राकेश कुमार पुत्र बिन्नी नि0 भाईपुर |
| 15 | 1093 | 506 | 0.6430 | में से | 0.0843 | मिथुन पुत्र राजवीर दीपांशु पुत्र जितेन्द्र अंनुष्का ना0 बा0 संरक्षक चाचा मिथुन पुत्री जितेन्द्र नि0 रबूपुरा |
| 16 | 924<br>924<br>924<br>924 | 355म/2<br>355म/2<br>357<br>361/3 | 1.0240<br>0.1970<br>0.1520<br>0.1700 | में से | 0.2048<br>0.0197<br>0.0152<br>0.0170 | रमेशचंद पुत्र रामचंद्र नि0 रबूपुरा |

**(ग्राम – रबूपुरा, सैक्टर-28, मेडिकल डिवाईस पार्क, डाटा सेन्टर पार्क, कॉमर्शियल व फ्यूचर यूजके अन्तर्गत)**

| क्र. सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | 741 | 1140 | 1.8270 | में से | 0.9135 | राजकुमार पुत्र प्यारेलाल नि0 भाईपुर |
| 18 | 741 | 1140 | 1.8270 | में से | 0.3045 | देवदत्त शर्मा पुत्र महीलाल नि0 भाईपुर |
| 19 | 741 | 1140 | 1.8270 | में से | 0.3045 | श्यामदेव पुत्र महीलाल नि0 मूँगा नगर करावल रोड |
| 20 | 343 | 1180 | 0.8730 | में से | 0.0727 | शीशपाल पुत्र बुद्धि नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 21 | 343 | 1180 | 0.8730 | में से | 0.0727 | ऋषिकुमार पुत्र बुद्धि नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 22 | 343 | 1180 | 0.8730 | में से | 0.0727 | राजेश पुत्र बुद्धि नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 24 | 343 | 1180 | 0.8730 | में से | 0.2910 | टेकचन्द पुत्र जलसिंह नि0 भाईपुर ब्रहमनान |
| 25 | 997 | 1391 | 2.5650 | में से | 0.8550 | दयावती पत्नी महीपाल सिंह नि0 अमरपुर बुलंदशहर |
| 26 | 826 | 2284 | 0.5690 | में से | 0.0190 | किरनपाल पुत्र रमचन्दी नि0 रबूपुरा |
| 27 | 826 | 2284 | 0.5690 | में से | 0.0190 | सुनील व गायत्री पुत्र व पत्नी जगपाल नि0 रबूपुरा |
| 28 | 847 | 2219 | 2.3180 | में से | 0.0552 | उपासना मीणा पुत्री धर्मपाल मीणा नि0 रबूपुरा |
| 29 | 848 | 1356 | 1,5760 | में से | 0.0492 | आसिफ पुत्र इब्राहिम नि0 रबूपुरा |
| 30 | 1091 | 885 | 1.1640 | में से | 0.5820 | सियाराम पुत्र तिरखा नि0 भाईपुर ब्रहमनान |

**(ग्राम भुन्नातगा, सै0-11 व 33 के अन्तर्गत)**

| क्र. सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | 157<br>157<br>157<br>157 | 119<br>122<br>134<br>136 | 0.0380<br>6.4760<br>0.0250<br>0.0130 | में से | 0.0043<br>0.7196<br>0.0028<br>0.0015<br>**0.7282** | हरीश कुमार शर्मा पुत्र सोरनलाल नि0 भुन्नातगा |
| 32 | 157<br>157<br>157<br>157 | 119<br>122<br>134<br>136 | 0.0380<br>6.4760<br>0.0250<br>0.0130 | में से | 0.0041<br>0.7195<br>0.0028<br>0.0014<br>**0.7278** | नेत्रपाल शर्मा पुत्र सोरनलाल नि0 भुन्नातगा |
| 33 | 157<br>157<br>157<br>157 | 119<br>122<br>134<br>136 | 0.0380<br>6.4760<br>0.0250<br>0.0130 | में से | 0.0032<br>0.5396<br>0.0021<br>0.0011<br>**0.5460** | मामराज पुत्र गंगाराम नि0 भुन्नातगा |
| 34 | 157<br>157<br>157<br>157 | 119<br>122<br>134<br>136 | 0.0380<br>6.4760<br>0.0250<br>0.0130 | में से | 0.0031<br>0.5397<br>0.0021<br>0.0011<br>**0.5460** | जगदीश पुत्र गंगाराम नि0 भुन्नातगा |
| 35 | 157<br>157<br>157<br>157 | 119<br>122<br>134<br>136 | 0.0380<br>6.4760<br>0.0250<br>0.0130 | में से | 0.0032<br>0.5397<br>0.0021<br>0.0010<br>**0.5460** | धर्मपाल शर्मा पुत्र गंगाराम नि0 भुन्नातगा |
| 36 | 157<br>157<br>157<br>157 | 119<br>122<br>134<br>136 | 0.0380<br>6.4760<br>0.0250<br>0.0130 | में से | 0.0043<br>0.7195<br>0.0028<br>0.0014<br>**0.7280** | सत्यपाल शर्मा पुत्र सोरनलाल नि0 भुन्नातगा |
| 37 | 157<br>157<br>157<br>157 | 119<br>122<br>134<br>136 | 0.0380<br>6.4760<br>0.0250<br>0.0130 | में से | 0.0032<br>0.5397<br>0.0020<br>0.0011<br>**0.5460** | सर्वेश पत्नी सुरेशचन्द व प्रेमकुमार शर्मा पुत्र सुरेशचन्द नि0 भुन्नातगा |
| 38 | 157<br>157<br>157<br>157 | 119<br>122<br>134<br>136 | 0.0380<br>6.4760<br>0.0250<br>0.0130 | में से | 0.0126<br>0.8937<br>0.0083<br>0.0044<br>**0.9190** | सुभाष पुत्र मुरारीलाल नि0 भुन्नातगा |
| 39 | 219 | 123 | 0.0870 | में से | 0.0870 | श्रीमती लालमनी देवी पत्नी मोमराज नि0 भुन्नातगा |
| 40 | 157 | 122 | 6.4760 | में से | 0.6325 | राहुल शर्मा पुत्र सुभाष नि0 भुन्नातगा |
| 41 | 157 | 122 | 6.4760 | में से | 0.6325 | तरूणा शर्मा पत्नी पवन कुमार व अंश ना0 बा0 9 वर्ष व टिकूं शर्मा ना0 बा0 13 वर्ष सं माता स्वंम पुत्रगण पवन कुमार नि0 भुन्नातगा |
| 42 | 66 | 178 | 4.7690 | में से | 0.2530 | सुभाषचन्द शर्मा पुत्र कन्हैयालाल शर्मा नि0 वीर खेडा |
| 43 | 14 | 474/1 | 1.3080 | में से | 0.1897 | मंजू सिंह पुत्र स्वतंत्रपाल सिंह नि0 रबूपुरा |
| 44 | 63 | 174 | 1.6680 | में से | 0.5060 | पुनीत त्यागी पुत्र प्रताप त्यागी व गरिमा त्यागी पत्नी पुनीत त्यागी नि0 से0 5 वसुन्धरा गाजियाबाद |
| 45 | 64<br>66 | 176<br>178 | 0.1800<br>4.7690 | में से | 0.0300<br>0.7948<br>**0.8248** | पंकज पुत्र सत्यदेव नि0 भुन्नातगा |
| 46 | 23<br>126<br>182 | 126<br>142<br>145<br>160<br>144/6<br>144/8 | 0.0130<br>0.3490<br>0.0130<br>3.1300<br>0.1060<br>0.3620 | में से | 0.0033<br>0.0872<br>0.0033<br>0.7825<br>0.0150<br>0.0302<br>**0.9215** | धर्मचन्द पुत्र खैमचन्द नि0 भुन्नातगा |
| 47 | 23<br>126<br>182 | 126<br>142<br>145<br>160<br>144/6<br>144/8 | 0.0130<br>0.3490<br>0.0130<br>3.1300<br>0.1060<br>0.3620 | में से | 0.0032<br>0.0873<br>0.0033<br>0.7825<br>0.0150<br>0.0301<br>**0.9214** | ताराचन्द पुत्र खैमचन्द नि0 भुन्नातगा |
| 48 | 23 | 126<br>142<br>145<br>160 | 0.0130<br>0.3490<br>0.0130<br>3.1300 | में से | 0.0065<br>0.1745<br>0.0130<br>1.5650<br>**1.7590** | उदय चन्द शर्मा पुत्र महरचन्द शर्मा किरनवती पत्नी महरचन्द शर्मा नि0 भुन्नातगा |
| 49 | 04<br>130<br>130 | 163<br>149<br>150 | 2.5900<br>0.0250<br>0.0250 | में से | 0.2159<br>0.0010<br>0.0010<br>**0.2179** | रमेश चन्द शर्मा पुत्र सोहन नि0 भुन्नातगा |
| 50 | 24<br>04 | 157<br>163 | 3.4870<br>2.5900 | में से | 0.0872<br>0.0775<br>**0.1627** | विमलेश शर्मा पत्नी उदयचन्द शर्मा नि0 भुन्नातगा |
| 51 | 04 | 163 | 2.5900 | में से | 0.43166 | सुधा शर्मा पत्नी किरनपाल शर्मा नि0 पारसौल |
| 52 | 04 | 163 | 2.5900 | में से | 0.0670 | आलोक पुत्र नरायन सिंह नि0 नगला श्री गोपाल |
| 53 | 24 | 157 | 3.4870 | में से | 0.0871 | कविता देवी पत्नी ताराचन्द नि0 भुन्नातगा |
| 54 | 181 | 161मि | 0.3810 | में से | 0.3810 | रामकिशोर पुत्र श्यामलाल नि0 भुन्नातगा |
| 55 | 130<br>130<br>04 | 149<br>150<br>163 | 0.0250<br>0.0250<br>2.5900 | में से | 0.0010<br>0.0010<br>0.2159<br>**0.2179** | नरेश पुत्र सोहनलाल नि0 भुन्नातगा |
| 56 | 167<br>149<br>149 | 144/9<br>118<br>117 | 0.0330<br>0.0380<br>0.0240 | में से | 0.0028<br>0.0015<br>0.0010<br>**0.0053** | सुन्दरलाल पुत्र रोशनलाल नि0 भुन्नातगा |
| 57 | 103 | 484स | 0.3160 | में से | 0.3160 | पप्पू व विनोद व सोनपाल पुत्रगण श्याम सिंह व रामवती पत्नी श्याम सिंह नि0 म्याना |
| 58 | 03 | 472स | 0.2150 | | 0.2150 | प्रेमदास पुत्र मनफूल नि0 भुन्नातगा |
| 59 | 239<br>109 | 177स<br>164<br>168 | 0.0380<br>0.0190<br>0.0140 | | 0.0253<br>0.0190<br>0.0140 | |
| 60 | 225 | 184 | 0.9350 | | 0.2338 | उदयवीर पुत्र कुमरपाल नि0 भुन्नातगा |
| 61 | 225 | 184 | 0.9350 | | 0.2337 | सत्यवीर पुत्र कुमरपाल नि0 भुन्नातगा |
| 62 | 225 | 184 | 0.9350 | | 0.1487 | रनवीर पुत्र कुमरपाल नि0 भुन्नातगा |
| 63 | 225 | 184 | 0.9350 | | 0.1265 | धर्मपाल पुत्र रामजीलाल नि0 नीलौनी शाहपुर |

**(ग्राम रबूपुरा, सैक्टर-11 के अन्तर्गत)**

| क्र. सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 64 | 1211 | 2038 | 0.6280 | में से | 0.6280 | अंजलि त्रिवेदी पत्नी राहुल त्रिवेदी नि0 दिल्ली |
| 65 | 922<br>429 | 2024<br>2023 | 0.6780<br>0.2600 | में से | 0.1695<br>0.0433 | केवल सिंह व गौरव पुत्र कृपाल नि0 मौहम्मदपुर जादौ |
| 66 | 429<br>922 | 2023<br>2024 | 0.2600<br>0.6780 | में से | 0.0217<br>0.1695 | पीतम पुत्र कृपाल नि0 मौहम्मदपुर जादौ |
| 67 | 1183 | 2061 | 8.0150 | में से | 0.1687 | राकेश कुमार त्यागी पुत्र कर्मवीर सिंह नि0 गाजियाबाद |
| 68 | 1183 | 2061 | 8.0150 | में से | 0.4658 | सुशील पुत्र प्रहलाद नि0 रबूपुरा |
| 69 | 1000<br>1041 | 2005मि<br>2054 | 0.0673<br>1.1920 | में से<br>में से | 0.0673<br>0.0745 | सुरभी बंसल पत्नी आलोक बंसल नि0 नोएडा |

प्रस्तावित भूमि प्राधिकरण के नियोजित सै0 यथा 11, 21, 28, 33 के अन्तर्गत होने के कारण क्रय हेतु प्रस्तावित है।

- उक्त भूमि को क्रय करने हेतु तालिका में अंकित काश्तकारो द्वारा सहमति प्रदान की गयी है जिसके क्रम में प्राधिकरण द्वारा उक्त भूमि आपसी सहमति के आधार पर क्रय की जानी प्रस्तावित है।
- प्रस्तावित भूमि को प्राधिकरण की 84वीं बोर्ड बैठक की मद संख्या 03 के अनुसार रूपये 3808/प्रति वर्ग मी0 की दर से सम्बन्धित भूस्वामी के पक्ष में भुगतान किया जाएगा व 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड आंवटित किया जाएगा।

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय/सी0आर0 सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेषकार्याधिकारी**


# प्रादेशिकी

## जाति जनगणना पर अफवाह फैला रही कांग्रेस: चुग

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ ने मंगलवार को कांग्रेस पर जातिगत जनगणना के मुद्दे पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाते हुये कहा कि कांग्रेस ने हमेशा पिछड़े वर्गों और वंचित समाज के अधिकारों को कुचलने का ही काम किया है। श्री चुघ ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार ने 165 करोड़ रुपये खर्च कर जातिगत सर्वे कराया, लेकिन अब वही कांग्रेस उस रिपोर्ट से पीछे हट गयी है। यह साबित करता है कि कांग्रेस के लिये अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) और सामाजिक न्याय महज चुनावी नारे हैं, कोई नीति या प्रतिबद्धता नहीं। श्री चुघ ने कहा कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस का इतिहास ही वंचितों के विरोध का रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट को ठुकराया, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने मंडल आयोग का खुला विरोध किया, राजीव गांधी ने संसद के भीतर खड़े होकर आरक्षण का विरोध किया था और खुद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने विदेशी धरती से आरक्षण का विरोध किया था।

# उत्तराखंड से शुरू होगी राष्ट्रीय जनगणना, पहली बार देश में जातीय जनगणना

- अधिसूचना जारी, दो चरणों में होगी गणना
- 12000 करोड़ के अनुमानित खर्च की संभावना




**देहरादन,** 17 जून (देशबन्धु)। देश में पहली बार जातीय डिजिटल जनगणना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। देश की 16वीं और आजादी के इतिहास में आठवीं जनगणना की खास बात यह है कि इस बार जनगणना में जाति के बारे में जानकारी ली जाएगी। जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल तथा लद्दाख क्षेत्र में बर्फबारी के कारण 6 महीने पहले जनगणना का काम शुरू किया जाएगा तथा इन राज्यों में जनगणना 1 अक्टूबर 2026 से शुरु होगी जबकि देश के अन्य सभी राज्यों में 1 मार्च 2027 से यह जनगणना का काम शुरू होगा। जनगणना का काम दो चरणों में कराया जाएगा। पहले चरण में जनगणना कर्मियों द्वारा हर घर की आवासीय स्थिति संपत्ति एवं सुविधाओं की जानकारी ली जाएगी तथा दूसरे चरण में हर घर के व्यक्तियों की संख्या, लिंग, उनकी उम्र, आय के साधन, सामाजिक आर्थिक स्थिति की जानकारी एकत्रित की जाएगी। खास बात यह है कि पहली मर्तबा होगा कि जनगणना अधिकारियों द्वारा उनकी जाति भी पूछी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 2021 में देश में जनगणना की जानी थी लेकिन कोरोना के कारण सही समय पर जनगणना न हो पाने के कारण अब जनगणना का यह चक्र बदल गया है। अब 2027 में यह जनगणना हो सकेगी तथा इसके बाद हर 10 साल के अंतराल पर जनसंख्या की गणना होगी। इस जनगणना के लिए 34 लाख कर्मचारी एवं पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे तथा कुल मिलाकर 1लाख 30 हजार कर्मचारी काम पर लगाये जाएगें। इस जनगणना में 12 हजार करोड रुपए अनुमानित खर्च आने की बात कही जा रही है। बीते कुछ दिनों से देश में जातीय आधार पर जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी की बात उठाये जाने के बाद यह जातीय जनगणना कराई जा रही है।

# नदां देवी राजजात यात्रा की सभी तैयारियों में तेजी लाई जाए : धामी

- यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत हेल्पलाइन नंबर किया जाएगा जारी

■ अमरनाथ तिवारी





**देहरादून,** 17 जून (देशबन्धु)। उत्तराखण्ड में 2026 में होने वाली नदां देवी राजजात यात्रा की सभी तैयारियों में तेजी लाई जाए। भव्य नंदा राजजात यात्रा के आयोजन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। यात्रा की बेहतर व्यवस्थाओं के लिए जन प्रतिनिधियों, नंदा राजजात यात्रा समिति के सदस्यों और हितधारकों के सुझाव लिये जाएं। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को वर्चुअल बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि नंदा राजजात यात्रा के सफल संचालन के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाए। पिछली यात्राओं के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

यात्रा से संबंधित सभी पैदल मार्गों की अच्छी व्यवस्थाओं के साथ स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। यात्रा के पड़ाव पर श्रद्धालुओं को ठहरने की बेहतर व्यवस्थाओं के साथ ही भोजन और स्नान घरों की व्यवस्था के भी उन्होंने निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। यात्रा के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। यात्रा मार्ग पर दूरसंचार की व्यवस्थाओं के साथ डिजिटल ट्रेकिंग सिस्टम बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत यात्रा के दौरान हेल्पलाईन नंबर जारी किया जाए। यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। मेडिकल कैंप और चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### भीड़ प्रबंधन और यातायात सिस्टम को मजबूत बनाने पर दिया जोर

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नदां राजजात यात्रा के दौरान भीड़ प्रबंधन और यातायात सिस्टम को मजबूत बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जाए। पार्किंग स्थलों पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। यात्रा मार्गों पर पेयजल, शौचालय अवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिये कि वे प्रतिमाह नदां राजजात यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करें। गढ़वाल और कुमांऊ आयुत्तफ भी प्रत्येक सप्ताह यात्रा से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़वाल और कुमांऊ के जिन क्षेत्रों से श्रद्धालु और डोलियां आती हैं, उन सभी क्षेत्रों में भी सड़क, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए।

### 2027 में हरिद्वार में कुंभ को लेकर हो रही तैयारियां

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में अगले साल होने वाली 280 किमी की ऐतिहासिक नदां देवी राजजात यात्रा के भव्य आयोजन और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। 2027 में हरिद्वार में होने कुंभ के लिए भी सभी तैयारियां की जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में नदां देवी राजजात और हरिद्वार कुंभ का भव्य और दिव्य आयोजन किया जाएगा।

## धामी ने राजनाथ से की उत्तराखंड के विभिन्न अह्म मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नयी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर राज्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। श्री धामी ने रक्षा मंत्री से रानीखेत और लैंसडाउन छावनी क्षेत्र को नगर पालिकाओं के साथ विलय करने का अनुरोध किया। जिससे इन क्षेत्रों में पर्यटन एवं जनसुविधाओं के समग्र विकास में सहयोग मिलेगा। धारचूला और जोशीमठ के सैन्य हेलीपैड को आरसीएस हवाई सेवा के अंतर्गत उपयोग करने के लिए अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। राज्य के आपदा एवं राहत कार्यों के लिए भारतीय वायुसेना की सेवाओं के लिए देय शुल्क को माफ किये जाने का भी मुख्यमंत्री ने अनुरोध किया।श्री धामी ने ग्वालदम से नंदकेसरी होते हुए थराली देवाल-मुन्दोली-वाण मोटर मार्ग के रख-रखाव एवं अनुरक्षण का कार्य भविष्य में भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए जाने का अनुरोध भी श्री सिंह से किया। उन्होंने कहा कि यह सड़क मार्ग राज्य की महत्वपूर्ण नंदा देवी राजजात यात्रा का मुख्य मार्ग है। प्रत्येक 12 वर्षों में आयोजित होने वाली यह महत्वपूर्ण यात्रा है, जो वर्ष 2026 में प्रस्तावित है।

# हर्षवर्धन चौहान का निशाना: संवेदनशील मामले को मुद्दा बनाकर जनता को भड़का रहे भाजपा नेता

- दो समुदायों में घृणा बढ़ाकर राजनीतिक रोटियां सेकना ठीक नहीं
- बल्क ड्रग पार्क भूमि विकास के लिए निविदा खोली गई
- बिजली पानी पहुंचाने का काम 80 से 90 फीसदी हुआ
- मेडिकल डिवाइस पार्क बनाने के लिए चाहिए 350 करोड़,
- विभाग ने स्टेट फंड या पीपी मोड पर बनाने के दो प्रस्ताव भेजे



**शिमला,** 17 जून (देशबन्धु)। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पावंटा-साहिब में एक 18 वर्षीय किशोरी के अपहरण मामले पर भाजपा पर राजनीति करने को लेकर निशाना साधा है। सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी पर संवेदनशील मसले को मुद्दा बनाने और भीड़ को उकसाने के आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने भाजपा नेताओं को नसीहत देते हुए कहा कि दो समुदायों में घृणा पैदा कर राजनीतिक रोटियां सेकना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सिरमौर की घटना दो परिवारों के बीच का मामला थी। दो परिवार के बच्चे लापता हुए, इसके बाद परिवार के लोग चिंतित थे और पुलिस इस मामले में कार्रवाई कर रही थी। लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल और पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी समेत कुछ भाजपा नेताओं ने इस संवेदनशील मसले को मुद्दा बनाकर और जन भावनाओं को भड़काने का काम किया। भाजपा नेताओं ने धरना प्रदर्शन किया और पुलिस के साथ भी संघर्ष हुआ। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि बच्ची 18 साल की है और घर लौटकर न्यायालय में बयान दे चुकी है कि दोनों घूमने गए थे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक लोगों को ऐसे संवेदनशील मामलों में सोच समझकर बयानबाजी करनी चाहिए। खास तौर पर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए दो समुदाय हिन्दू-मुस्लिम के बीच घृणा फैलाना उचित नहीं है।

**बल्क ड्रग पार्क निर्माण में तेजी आई**

वहीं, बल्क ड्रग पार्क को लेकर हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि सरकार ने बल्क ड्रग पार्क को विकसित करने के काम में तेजी लाई है। उन्होंने कहा कि पार्क के लैंड डेवलपमेंट के काम के लिए टेंडर कर दिए गए हैं साथ ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने का काम भी तेजी से हो रहा है। ड्रग पार्क के लिए बिजली पहुंचाने का काम 80 फीसदी तक हो चुका है। इसके अलावा 15 एमएलडी पानी की उपलब्धता के लिए 15 ट्यूबवेल खोदे गए हैं। पानी पहुंचाने का 90 प्रतिशत काम किया जा चुका है। इसके अलावा सड़कों को चौड़ा करने के लिए लोक निर्माण विभाग को पैसा दे दिया गया है जिसमें भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है। उधर, मेडिकल डिवाइस पार्क के मामले पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मेडिकल डिवाइस पार्क अभी तक खड़ा है। मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए केंद्र से 35 करोड रुपये मिले थे जो लौटा दिए गए है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित करने के लिए प्रदेश के हितों की अवहेलना की। परिणामस्वरूप मेडिकल डिवाइस पार्क सिरे नहीं चढ़ पाया।

## सार संक्षेप


### रामनगर में खेत में गिरा मोटर पैराग्लाइडर

**रामनगर।** नैनीताल जनपद के रामनगर क्षेत्र में एक बड़ा हादसा होने से बाल-बाल बच गया। रामनगर के छोई क्षेत्र में एक मोटर पैराग्लाइडर अचानक तकनीकी खराबी के चलते अनियंत्रित होकर एक खेत में जा गिरा। हादसे के समय पैराग्लाइडर में दो लोग सवार थे। गनीमत रही कि दोनों की जान बच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, हादसा रविवार शाम करीब 5 बजे के आसपास हुआ। जब आसमान में उड़ रहा मोटर पैराग्लाइडर अचानक नीचे गिरने लगा और देखते ही देखते एक खेत में आकर गिरा। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। राहत और बचाव कार्य शुरू किया। पैराग्लाइडर में सवार दोनों लोग सुरक्षित हैं, हालांकि उन्हें हल्की फुल्की चोटें आई हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हादसे की वजह तकनीकी खराबी मानी जा रही है। मौके पर मौजूद विशेषज्ञों ने बताया कि उड़ान के दौरान मोटर पैराग्लाइडर के इंजन में खराबी आ गई, जिसके चलते वह हवा में संतुलन खो बैठा और नीचे गिर गया। गौरतलब है कि रामनगर क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों के तहत पैराग्लाइडिंग और अन्य साहसिक खेलों का संचालन किया जाता है। छोई में भी पैराग्लाइडिंग कराई जाती है। हालांकि इस तरह की गतिविधियों में सुरक्षा मानकों का ध्यान न रखा जाना, बड़ा सवाल खड़ा करता है। स्थानीय प्रशासन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

### हरियाणा के 10 जिलों में बारिश, सबसे ज्यादा हिसार में

**हिसार।** हरियाणा के 10 जिलों में मंगलवार को जम कर बारिश हुई और इनमें सबसे ज्यादा पानी हिसार शहर में बरसा। सोमवार रात करीब एक बजे बूंदाबांदी शुरू हुई और उसके बाद मंगलवार सुबह तक तेज बारिश होती रही चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने कहा है कि पश्चिम विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके कारण 19 जून तक हरियाणा का मौसम इसी प्रकार बना रह सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश हिसार में हुई है। हिसार में सुबह साढ़े 8 बजे तक 61.8 एमएम बारिश हो चुकी है। इसके अलावा भिवानी, रेवाड़ी, सिरसा में 5 एमएम, जींद में 9.5 एमएम मेवात और सोनीपत में 2.5 एमएम अंबाला में 7.6 एमएम, महेंद्रगढ़ में 3.5 एमएम, कैथल में 3एमएम और रोहतक, पंचकूला, करनाल व चरखी दादरी में बारिश दर्ज की गई है।

# हरिद्वार में भूमि घोटाले के बाद अब पीएम कृषि सिंचाई योजना में घोटाला




- अधिकारियों से मिली भगत कर लाखों रुपए डकारने का लगाया आरोप

**हरिद्वार,** 17 जून (एजेंसियां)। जिले के लक्सर और बहादराबाद ब्लॉक के 32 किसानों के नाम पर पीएम सिंचाई योजना में 27.65 लाख रुपए की अनियमितता का मामला सामने आया है। इसका खुलासा आरटीआई यानी सूचना के अधिकार (आरटीआई) में हुआ है। उद्यान विभाग के अधिकारियों पर फर्जी दस्तावेजों से सरकारी पैसा हड़पने का आरोप लगा है। अब शिकायतकर्ता ने एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर एसआईटी जांच की मांग की है। दरअसल, शिकायतकर्ता आरटीआई कार्यकर्ता फैजान अंसारी ने लक्सर उप जिलाधिकारी सौरभ असवाल को एक शिकायती पत्र सौंपा है। उन्होंने बताया है कि लक्सर और बहादराबाद ब्लॉक में 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के अंतर्गत ड्रिप सिंचाई, माइक्रोड्रिप व स्प्रिंकलर इरीगेशन के नाम पर घोटाला किया गया है। फैजान अंसारी ने आरोप लगाया है कि योजना के तहत जिन किसानों को लाभ दिया गया, उनकी जमीन पर कोई काम नहीं हुआ, फिर भी सरकारी रिकॉर्ड में लाभांश दिखाकर बड़ी रकम निकाल ली गई है। शिकायत में बताया गया कि कुल 32 लाभार्थियों के नाम पर 27,65,004 (सत्ताईस लाख पैंसठ हजार चार रुपए) की सरकारी धनराशि का गबन किया गया है। इन लाभार्थियों में से ज्यादातर को योजना की जानकारी तक नहीं है। जिनके नाम पर भुगतान दिखाया गया, उनके खेतों में कोई माइक्रोड्रिप या स्प्रिंकलर सिस्टम नहीं लगाया गया है। कुछ लाभार्थियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनसे कोई सहमति नहीं ली गई और उनके नाम से फर्जी शपथ पत्र तक तैयार कर फर्जी हस्ताक्षर दिखाए गए हैं। शिकायत में ये भी कहा गया है कि उद्यान अधिकारी और ब्लॉक स्तर के कर्मचारियों ने योजनाओं की सफलता दर्शाने के लिए किसानों के फर्जी फोटो एवं लोकेशन दिखाकर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज की। मौके पर कोई काम नहीं हुआ है। इतना ही नहीं एक लाभार्थी मदनपाल के नाम पर 87,657 और 1,53,140 का भुगतान दिखाकर फर्जी हस्ताक्षर व रजिस्ट्रेशन के कागज लगाए गए। जबकि, लाभार्थी ने किसी भी प्रकार के दस्तावेज पर हस्ताक्षर न किए जाने की पुष्टि की है। शिकायतकर्ता फैजान अंसारी ने मामले में एसआईटी जांच की मांग की है और दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की अपील की है।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया वेयर हाउस का निरीक्षण

**हरिद्वार,** 17 जून (एजेंसियां)। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ वेयर हाउस का निरीक्षण किया। आज यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ.बीवीआरसी पुरूषोत्तम ने मंगलवार को जनपद हरिद्वार स्थित वेयर हाउस पहुंचकर त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में डबल लोक में रखी बीयू, सीयू, वीवीपैट का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ गहनता से निरीक्षण किया और वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि अग्निशमन यंत्रों को एक्सपायर होने से पहले ही बदल दिया जाए। उन्होंने बरसात के दृष्टिगत ईवीएम को सीलन से बचाव तथा विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी लेते हुए महत्वपूर्ण दिशाकृ निर्देश दिये। ईवीएम की सुरक्षा व्यवस्था पर सभी दलों के प्रतिनिधियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कंट्रोल रूम, ईवीएम एवं वीवीपीएटी रूम, आगंतुक पंजिका, पुलिस निरीक्षण पंजिका, पॉवर सप्लाई, फायर फाइटिंग उपकरण, पुलिस कर्मियों की तैनाती, वेयर हाउस परिसर के चारों ओर सुरक्षात्मक व्यवस्थाओं आदि का विस्तार से जायजा लिया।



# वैष्णव ने मानेसर में सबसे बड़े वाहन गति शक्ति कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन किया



- मानेसर प्लांट 10 किलोमीटर के रेल लिंक के माध्यम से पाटली रेलवे स्टेशन से जुड़ा हुआ है

**चंडीगढ़,** 17 जून (एजेंसियां)। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड प्लांट में देश के सबसे बड़े ऑटोमोबाइल मल्टी-मॉडल कार्गो टर्मिनल का उद्घाटन किया। मारुति सुजुकी के प्लांट में नया गति शक्ति कार्गो टर्मिनल ऑटोमोबाइल परिवहन की लॉजिस्टिक्स दक्षता को काफी हद तक बढ़ाता है। मानेसर प्लांट 10 किलोमीटर के रेल लिंक के माध्यम से पाटली रेलवे स्टेशन से जुड़ा हुआ है, जो हरियाणा रेल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एचआरआईडीसी) द्वारा विकसित किए जा रहे 121.7 किलोमीटर लंबे हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का हिस्सा है। इस 10 किलोमीटर के लिंक के निर्माण के लिए 800 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है, जिसमें एचआरआईडीसी ने 684 करोड़ रुपए का योगदान दिया और शेष राशि मारुति सुजुकी द्वारा दी गई।

इस गति शक्ति कार्गो टर्मिनल की लोडिंग क्षमता 4.5 लाख ऑटोमोबाइल प्रति वर्ष के साथ भारत में सबसे अधिक है। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे में बड़ा बदलाव आया है। 2014 से पहले भारतीय रेलवे का वार्षिक बजट 24,000 से 25,000 करोड़ रुपए था, जो कि बढ़कर अब 2.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले ढाई वर्षों में जनरल कोचों की संख्या बढ़ाने के लिए एक केंद्रित अभियान शुरू किया गया है। पिछले वर्ष ही 1,200 से अधिक जनरल कोच जोड़े गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारतीय रेलवे ने लगभग 720 करोड़ यात्रियों और 1,617 मिलियन टन माल का परिवहन किया। इस आंकड़े ने भारतीय रेलवे को वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे अधिक माल ढुलाई वाली रेल सेवा बनने में मदद की, जिससे 2023-24 एक ऐतिहासिक वर्ष बन गया। वैष्णव ने कहा कि सोनीपत स्थित रेलवे कोच फैक्ट्री का आधुनिकीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह एडवांस रेलवे फैक्ट्री जल्द ही उद्घाटन के लिए तैयार हो जाएगी और हमारी कोच उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, राज्य के उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह और मारुति सुजुकी के सीईओ और प्रबंध निदेशक हिसाशी टेकाउची मौजूद थे।

# आगामी श्री गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव 2025 के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक



> गुरुपूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, यह गुरु-शिष्य परंपरा की दिव्यता और आंतरिक उन्नयन का महान अवसर है : सरला बोथरा

**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। विश्व धर्म चेतना मंच के तत्वावधान में आगामी श्री गुरु पूर्णिमा महामहोत्सव 2025 के भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर एक बैठक की गई। यह महामहोत्सव सिद्धगुरुव सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव के दिव्य सान्निध्य में आगामी 12 जुलाई को तालकटोरा इनडोर स्टेडियम नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। जिसमें देश व विदेश से काफी संख्या में गुरु भक्त भाग लेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर दिल्ली के एक होटल में आयोजित बैठक में दिल्ली एनसीआर सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, आयोजक, सेवाव्रती एवं भक्तगण सम्मिलित हुए। बैठक में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं, प्रचार-प्रसार, आयोजन स्थलीय व्यवस्था, सुरक्षा, सेवाभाव, आमंत्रण पत्र वितरण, और स्वैच्छिक सेवाओं की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सरला बोथरा (ग्लोबल महिला चेयरपर्सन, सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि आश्रम तिरुपति ने कहा कि गुरुपूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, यह गुरु-शिष्य परंपरा की दिव्यता और आंतरिक उन्नयन का महान अवसर है। सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मर्षि गुरुदेव का दिव्य सान्निध्य हम सभी के लिए आत्मिक जागरण का स्रोत बनेगा। बैठक में दूसरे गुरु भक्तों ने भी अपने विचार रखे। सभी ने एकमत से इस बात पर जोर दिया कि यह आयोजन केवल एक धार्मिक उत्सव न होकर जनजागृति, संस्कार और समाज के नवनिर्माण का भी माध्यम बनेगा। वक्ताओं ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक और प्रेरणास्पद बनाने के लिए निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। जिसमें जनसंपर्क एवं अधिकाधिक लोगों तक आमंत्रण का प्रसार, सोशल मीडिया एवं डिजिटल माध्यमों द्वारा व्यापक प्रचार, सेवाव्रती टीमों का गठन और स्वैच्छिक सेवाओं का समन्वय, आवास, भोजन एवं यातायात व्यवस्थाओं का प्रबंधन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ध्यान-योग एवं आध्यात्मिक प्रवचनों की रूपरेखा प्रमुख था। भक्तों से आग्रह किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में इस शुभ समाचार का प्रचार-प्रसार कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को गुरु पूर्णिमा के इस दिव्य अवसर से जोड़ें। यह आयोजन केवल एक पर्व न रहकर एक आध्यात्मिक आंदोलन का स्वरूप ले, इस संकल्प के साथ बैठक का समापन किया गया। जिसमें देश व विदेश से काफी संख्या में गुरु भक्त भाग लेंगे।

# विजनिंग अभ्यास सभी सरकारी विभागों के लिए मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए: सीएस

**देहरादून,** 17 जून (देशबन्धु)। मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन एवं सेतु आयोग के सीईओ शत्रुघ्न सिंह ने विकसित उत्तराखण्ड विजन 2047 कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रतिभाग किया। कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने कहा कि विजनिंग अभ्यास सभी सरकारी विभागों के लिए मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वर्तमान के लिए एक योजना नहीं है, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक निवेश है। उन्होंने दीर्घकालिक नीति को आकार देने और लागू करने में सरकारी अधिकारियों की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेतु आयोग, यूएनडीपी के साथ मिलकर इसके परिभाषित मापदंडों और मापने योग्य परिणामों को महत्त्वपूर्ण ढांचा प्रदान करेगा। सेतु आयोग के सीईओ श्री शत्रुघ्न सिंह ने एक व्यापक आर्थिक परिप्रेक्ष्य पेश किया। उन्होंने पूंजी निवेश, वैश्विक तकनीकी अपनाने और समावेशी विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे उत्तराखण्ड के निम्न-मध्यम आय वाले राज्य से उच्च आय वाले राज्य में परिवर्तन की कुंजी बताया।

# प्रादेशिकी

## एक दिवसीय मण्डलीय संगोष्ठी का आयोजन कल

**मेरठ,** 17 जून (देशबन्धु)। मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण ने बताया कि मत्स्य उत्पादन को बढ़ाने हेतु मंत्री मत्स्य विभाग उप्र. सरकार की अध्यक्षता में 19 जून को एक दिवसीय मण्डलीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संगोष्ठी के माध्यम से मत्स्य विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी जायेगी एवं संगोष्ठी में मेरठ मण्डल के सभी जनपदों से मछुआ समुदाय एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े मत्स्य पालकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। उन्होने मेरठ जिले के सभी मत्स्य पालकों से अपील की है कि वह दिनांक 19 जून 2025 को सुबह 9:30 बजे, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (नेता जी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षाग्रह) मेरठ में पहुंचकर मण्डलीय संगोष्ठी में प्रतिभाग करें।

# उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में मूंग व 15 जिलों में मूंगफली खरीद शुरू

- जायद सीजन में किसानों की आमदनी बढ़ाने की सरकार की मंशा
- दो सितम्बर तक खरीदी जाएगी मूंग, 29 अगस्त तक मूंगफली
- 8,682 रुपए प्रति क्विंटल मूंग और 6,783 रुपए प्रति क्विंटल मूंगफली की होगी खरीद



**लखनऊ,** 17 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किसानों की आय बढ़ाने के लिए जायद सीजन में मूंग और मूंगफली की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद शुरू कर दी गई है। यह खरीद सभी 75 जिलों में मूंग और 15 जिलों में मूंगफली के लिए की जा रही है, जिससे प्रदेश के लाखों किसानों को मुनाफा होगा। योगी सरकार मूंग की खरीद 2 सितंबर तक और मूंगफली की खरीद 29 अगस्त तक करेगी। खरीद मूल्य के रूप में मूंग के लिए 8,682 रुपए प्रति क्विंटल और मूंगफली के लिए 6,783 रुपए प्रति क्विंटल तय किया गया है। सरकार ने 34,720 मीट्रिक टन मूंग और 50,750 मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत किसानों को क्रय केंद्रों पर अपनी उपज लाकर समर्थन मूल्य का लाभ मिलेगा। नैफेड और एनसीसीएफ को खरीद की जिम्मेदारी दी गई है। जो राज्य एजेंसियां यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड, यूपीएसएस द्वारा खरीद करेंगी। नैफेड 24,304 मीट्रिक टन मूंग और 35,525 मीट्रिक टन मूंगफली खरीदेगा। वहीं एनसीसीएफ 10,416 मीट्रिक टन मूंग और 15,225 मीट्रिक टन मूंगफली खरीदेगा।

सरकार ने मूंग और मूंगफली की खरीद के लिए जिलावार क्रय केंद्रों का निर्धारण कर नैफेड और एनसीसीएफ को जिम्मेदारी सौंपी है। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए स्पष्ट दिशा निर्देश भी जारी किए गए हैं। नैफेड उत्तर प्रदेश के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने बताया कि प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। यह अभियान किसानों को प्रोत्साहित करेगा और उनकी आर्थिक स्थिति को और मजबूत बनाएगा। नैफेड इन जिलों में खरीदेगा मूंगफली : मैनपुरी, हरदोई, इटावा। इन जिलों में एनसीसीएफ खरीदेगा मूंग। कानपुर देहात, इटावा, फतेहपुर, प्रयागराज, फिरोजाबाद, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, हमीरपुर, कन्नौज, बुलंदशहर, कासगंज, शाहजहांपुर, चंदौली, सुल्तानपुर, बदायूं, रायबरेली, बलिया, हापुड़, फर्रुखाबाद। इन जिलों में एनसीसीएफ खरीदेगा मूंगफली।

### इन जिलों में नैफेड खरीदेगा मूंग

मथुरा, अलीगढ़, जालौन, आगरा, औरैया, ललितपुर, हाथरस, मैनपुरी, एटा, कानपुर नगर, गौतमबुद्ध नगर, झांसी, बांदा, उन्नाव, गाजीपुर, अयोध्या, महोबा, हरदोई, अमेठी, आजमगढ़, सम्भल, मऊ, जौनपुर, चित्रकूट, वाराणसी, बहराइच, संत रविदास नगर, पीलीभीत, मीरजापुर, बागपत, लखीमपुर खीरी, सोनभद्र, अम्बेडकर नगर, रामपुर, कुशीनगर, लखनऊ, सीतापुर, बाराबंकी, महाराजगंज, गोंडा, देवरिया, गोरखपुर, श्रावस्ती, बस्ती, सिद्धार्थनगर, शामली, मेरठ, गाजियाबाद, बरेली, मुरादाबाद, संत कबीर नगर, मुजफ्फरनगर, अमरोहा, बलरामपुर, सहारनपुर, बिजनौर।

## किसानों की समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

**फर्रुखाबाद,** 17 जून (देशबन्धु)। भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत ने मुख्यमंत्री संबंधित मांग पत्र जिलाधिकारी को राष्ट्रीय महासचिव रामबीर जाटव के नेत्रत्व पांच सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा जिसमें मुख्य बिंदु कम्पिल अटेना घाट से ढाई घाट तक गंगा नदी के दक्षिण दिशा में गंगा का बन्दा बनाया जाए जनपद फर्रूखाबाद के डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल में पचास प्रतिशत डॉक्टर नहीं बैठते मरीज इलाज के लिए आते हैं और डॉक्टर न मिलने की वजह से मजबूरन प्राइवेट इलाज कराने को मजबूर हो जाते है कि अंत लोहिया अस्पताल की व्यवस्था सही करवाई जाए। जनपद फरुखाबाद में प्रधानमंत्री द्वारा जलजीबन मिशन के तहत पानी की टंकी बनाई जा रही हैं 60 प्रतिशत गांवों का अधूरा पड़ा है तत्काल पूरा कराया जाए। गाबसभा गुरऊं शादीक नगर में जो कि ब्लाक मोहम्मदाबाद के अन्तर्गत आता है जिला पंचायत द्वारा लाइटें लगाई गई थी उन्हें अबिलम्ब सही करवाई जाएं। मोहम्मदाबाद ब्लाक के गाब बरारिक में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क बनाई गई थी जिसमें दूसरे ही दिन गिट्टी उखड़ गई इसकी गुणवत्ता की जांच करवाई जाए और ठेकेदार के प्रति कानूनी कार्रवाई की जाए ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव रामबीर जाटव राष्ट्रीय संगठन मंत्री रामबीर सिंह पाल प्रदेश मीडिया प्रभारी रीता देवी युवा प्रदेश अध्यक्ष बिक्रम यादव आदि मौजूद रहे।



## काशी में मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक 24 जून को होगी



- मुख्यमंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा
- बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री के साथ ही यूपी, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी होंगे शामिल

**लखनऊ/ वाराणसी,** 17 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दौरान मंगलवार सुबह होटल ताज पहुंचे। यहां 24 जून को मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक होगी, जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों का जायजा लिया और आयोजन की तैयारियों से जुड़ी जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा बैठक के संबंध में की गयी तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया। सोमवार को समीक्षा बैठक के दौरान भी मुख्यमंत्री का मध्य क्षेत्रीय परिषद के बैठक की तैयारियों पर जोर था। गौरतलब है कि मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी रहेंगे।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह, सुशील सिंह, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

**सार** संक्षेप

### कावंड़ यात्रा की तैयारियो के संबंध में की बैठक



**मेरठ।** आयुक्त सभागार में आयुक्त मेरठ मंडल मेरठ हृषिकेश भास्कर यशोद एवं डीआईजी कलानिधि नैथानी की उपस्थिति में आगामी श्रावण शिवरात्रिध्कावंड यात्रा-2025 को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु तैयारियों के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में मंडल के समस्त जनपदो के जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा कांवड़ यात्रा की व्यवस्था का विवरण प्रस्तुत किया गया। आयुक्त ने समस्त कांवड मार्गां व मंदिरों के आसपास साफ-सफाई, पथ प्रकाश, झांडियों की छंटाई, संवेदनशील स्थानों पर कैमरों की व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा, सडक मरम्मत तथा कांवड़ के दौरान सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफवाहों पर निगरानी रखने, बाईक एम्बुलेन्स की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### शिकायतों का निस्तारण शासन की प्राथमिकता : सिंह



**मेरठ।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह द्वारा आईजीआरएस की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को समयबद्ध रूप से संबंधित विभाग अधिकारी को प्रेषित किया जाए ताकि कोई भी संदर्भ डिफाल्टर श्रेणी में न रहे। लंबित संदर्भो का संतोषजनक व गुणवत्तापरक निस्तारण ससमय साक्ष्य सहित पोर्टल पर अपलोड किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर संदर्भों का संतोषजनक व गुणवत्तापरक निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतो का निस्तारण शासन की प्राथमिकता में है, अधिकारी स्वयं मौके पर पहुंचकर शिकायतो का निस्तारण करें। उन्होने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**मरठ।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए जिला गंगा समिति मेरठ द्वारा कृषि विभाग मेरठ के सहयोग से हस्तिनापुर के कृषि विज्ञान केंद्र में गंगा किनारे ग्रामों एवं अन्य स्थानों पर प्राकृतिक खेती पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के साथ जैविक उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। मुख्य अतिथि डॉक्टर वी. के सिंह जिलाधिकारी, अध्यक्ष जिला गंगा समिति मेरठ एवं नूपुर गोयल, मुख्य विकास अधिकारी, नोडल जिला गंगा समिति मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से प्रदर्शनी एवं कार्यशाला का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रदर्शनी में लगे प्रत्येक स्टाल का निरीक्षण किया गया तथा विस्तृत जानकारी ली।

## पुलिस चयनित विद्यार्थियों का किया भव्य सम्मान

**मवाना,** 17 जून (देशबन्धु)। ग्राम सकोती में एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित गांव के होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में मवाना कोचिंग संघ के संरक्षक राहुल कुमार, अध्यापक मुकेश कुमार, विपिन कुमार तथा ए.एस. कॉलेज के पूर्व प्राचार्य बी.के. शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस सेवा में चयनित आकाश बूटार, अनमोल बूटार, प्रेशांत बूटार, अभिषेक बूटार, मिंटू बूटार, अतुल बूटार, हिमांशु बूटार, प्रियांशु बूटार, आकाश बूटार और आशा को ग्रामवासियों की उपस्थिति में विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, अधविका पुस्तकालय के संचालक विपिन प्रधान को भी उनके शिक्षा क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए बी.के. शर्मा, अन्य अध्यापकों व ग्रामवासियों द्वारा सम्मानित किया गया। विपिन कुमार ने पुस्तकालय के माध्यम से गांव के युवाओं को शिक्षित करने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने में अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के दौरान ग्राम सकोती में उत्सव जैसा माहौल रहा।



- गांव में खुशी का माहौल

## पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गैंग को किया गिरफ्तार



- 124 किलो गांजा, कार-ट्रक और नकदी बरामद
- गौरव राठी गैंग का पर्दाफाश, मवाना में 124 किलो गांजे के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**मवाना,** 17 जून (देशबन्धु)। मवाना पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफबड़ी सफलता हाथ लगी है। मवाना थाना क्षेत्र में एएनटीएफ (नारकोटिक्स) यूनिट, स्वाट टीम व स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश किया गया।

आरोपियों के कब्जे से करीब 124 किलोग्राम नाजायज गांजा, एक ट्रक, एक कार, नगदी 20,200 रुपए, मोबाइल फोन, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं। बरामद गांजे की कीमत करीब 75 लाख रुपए आंकी गई है। मुखबिर की सूचना पर मेरठ-बिजनौर हाईवे पर कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया गया। ट्रक में छिपाकर उड़ीसा से लाया जा रहा 124 किलो गांजा बरामद किया गया, जिसकी कीमत करीब 75 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने मौके से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फरार है। मामला सोमवार देर रात का है, जब नारकोटिक्स टीम को सूचना मिली कि गांजा लेकर एक ट्रक और कार मवाना खुर्द पुलिस चौकी के पास आने वाली है। टीम ने सक्रियता दिखाते हुए फ्लाईओवर के पास ट्रक को रोका और तलाशी ली। ट्रक के भीतर भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। कार और ट्रक सवार चारों व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

## योग जागरूकता व अभ्यास का किया आयोजन

**मेरठ,** 17 जून (देशबन्धु)। शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय ने योग पखवाड़ा -2025 के तहत स्कूली बच्चों और रक्षा अकादमी के लिए योग जागरूकता और अभ्यास पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रोफेसर इंदिरा सिंह, विभागाध्यक्षा, शिक्षा विभाग, शिक्षा संकाय ने दीपक गुप्ता प्रशासनिक अधिकारी द्वितीय और डॉ. शशिराज तेवतिया, कार्यक्रम समन्वयक, एनएसएस के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के. थपलियाल, सीईओ डॉ. शल्या राज ने कार्यक्रम के सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। लेफ्टिनेंट प्रो संदीप कुमार, डीन, शिक्षा संकाय, अपने भाषण में वर्तमान जीवन शैली में योग की उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए और छात्रों और शिक्षकों को दैनिक जीवन में योग को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



## टीएवीआई कनीक बदल रही हृदय रोग उपचार का तरीका : डॉ. आनंद

**मेरठ,** 17 जून (देशबन्धु)। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के कार्डियोलॉजी विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. आनंद कुमार पांडे ने बताया कि भारत में हृदय रोग से पीड़ित उन मरीजों के लिए, जो उम्र, कमजोरी या अन्य गंभीर बीमारियों के कारण ओपन-हार्ट सर्जरी के लिए उपयुक्त नहीं माने जाते, अब उम्मीद की एक नई किरण उभर रही है टीएवीआई या ट्रांसकैथेटर एओर्टिक वाल्व इम्प्लांटेशन। बीएलएस टीएवीआर (रिप्लेसमेंट) भी कहा जाता है।



यह एक अत्याधुनिक, न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया है जो गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित मरीजों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है। एओर्टिक स्टेनोसिस एक ऐसी स्थिति है जिसमें दिल का एओर्टिक वाल्व संकरा हो जाता है, जिससे रक्त प्रवाह बाधित होता है और हृदय पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। यदि समय रहते इसका इलाज न किया जाए, तो यह दिल की विफलता, चक्कर आना, सीने में दर्द और यहां तक कि अचानक मृत्यु का कारण बन सकता है। अब तक इसका मुख्य इलाज ओपन-हार्ट सर्जरी रहा है, लेकिन सभी मरीज इसके लिए सक्षम नहीं होते। ऐसे में टीएवीआई एक क्रांतिकारी विकल्प बनकर सामने आता है। इसमें मरीज की छाती खोले बिना, आमतौर पर पैर के रास्ते एक कैथेटर के जरिए, क्षतिग्रस्त वाल्व को एक नए वाल्व से बदला जाता है। यह तकनीक खास तौर पर उन मरीजों के लिए उपयोगी है जो बुजुर्ग हैं, पहले से मधुमेह, किडनी की बीमारी या अन्य हृदय संबंधी सर्जरी से गुजर चुके हैं, या जिनमें जोखिम मध्यम स्तर का है।

## स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता में पूर्वी गोला के समूह ने मारी बाजी

**मवाना,** 17 जून (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना में भारतीय मानक ब्यूरो की गाजियाबाद शाखा के अंतर्गत मानक क्लब के छात्र-छात्राओं के लिए स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने हेलमेट, गैस सिलेंडर, फुटबॉल, स्कूल बैग आदि पर अपनी स्टैंडर्ड लिखें सर्वप्रथम भारतीय मानक ब्यूरो के स्टैंडर्ड प्रमोशन अधिकारी आयुष राज, रिसोर्स पर्सन प्रियांशु के साथ सूरज एवं आशीष कुमार का मुख्य द्वार पर छात्र-छात्राओं के द्वारा पुष्प वर्षा एवं अंग वस्त्र के द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया उसके उपरांत छात्र-छात्राओं को स्टैंडर्ड राइटिंग से संबंधित वीडियो तथा प्रेजेंटेशन के द्वारा समझाया गया छात्र-छात्राओं के समूह बनाए गए समूह के रूप में सभी ने अपने स्टैंडर्ड लिखें जिसमें पूर्वी गोला ग्रुप में उपस्थित सुरभि अग्रवाल, भूमि गोला,राधिका रस्तोगी अक्षरा रस्तोगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया दिव्यांशी चौधरी के ग्रुप में उरवीं नैना , वंशिका ने दूसरा स्थान प्राप्त किया तथा रिया सिंह के ग्रुप में प्राची सागर ,सिया एवं अंशु ने तीसरा स्थान प्राप्त किया प्रधानाचार्य मेघराज सिंह, संजय कुमार निमेष, कीर्ति शर्मा, कोर्डिनेटर अंजु सिंह, प्रमोशन अधिकारी आयुष राज, प्रियांशु के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं नगद धनराशि देकर सम्मानित किया।



## सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर दिए कड़े निर्देश

**मवाना,** 17 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद मवाना में सफाई विभाग की साप्ताहिक विभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक ने की। इस दौरान उन्होंने नगर की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने के लिए सफाई नायकों को विशेष दिशा-निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष ने रात्रिकालीन सफाई अभियान के रोस्टर का रजिस्टर तैयार करने व उसे आगामी विभागीय बैठक में प्रस्तुत करने के निर्देश सफाई लिपिक को दिए। इसके साथ ही उन्होंने बेरियों स्थित श्मशान घाट की साफ-सफाई के आदेश भी जारी किए। अध्यक्ष कौशिक ने निर्देश दिए कि नगर की मुख्य सड़कों मैन रोड, हस्तिनापुर रोड, फलावदा रोड, भैसा रोड, मील रोड, मखदुमपुर रोड व मुबारिकपुर रोड पर प्रतिदिन वाटर स्प्रिंकलर मशीन से पानी का छिड़काव कराया जाए। इसके अतिरिक्त, एमआरएफसेंटर पर प्रतिदिन नगर पालिका की आठ गाड़ियों के माध्यम से कूड़ा पहुंचाया जाएगा। सफाई व्यवस्था की समयबद्धता पर बल देते हुए अध्यक्ष ने कहा कि सुबह 7: 30 बजे तक पालिका वाहन कूड़ा उठाना प्रारंभ करें और इस दौरान वाहनों के स्पीकर लगातार बजते रहें। उन्होंने साफ निर्देश दिए कि सफाई अभियान सुबह 9: 00 से 11: 00 बजे तक तथा रात्रि अभियान शाम 7: 00 से रात 9: 00 बजे तक अनिवार्य रूप से संचालित किया जाए।



**उपलब्धि** *वेंक्टेश्वरा समूह के खाते में एक और शानदार उपलब्धि हुई दर्ज*

## अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगा भारतीय टैलेंट : गडकरी

**मेरठ, 17 जून (देशबन्धु)। वेंक्टेश्वरा समूह के खाते में मंगलवार को एक और शानदार उपलब्धि दर्ज हो गई। मेडिकल ऐजुकेशन एवं शानदार चिकित्सीय व स्वास्थ्य सेवाओं के लिए वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यश सुधीर गिरि को 'एक्सीलेन्स इन हैल्थ एण्ड मेडिकल सर्विसेज' के लिए ''मेडिकल हेल्थ ऐजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड-2025'' से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें भारत सरकार के केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने प्रदान किया। नई दिल्ली स्थित भारत मण्डपम में आयोजित 'मेडिकल हेल्थ ऐजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड-2025।**


- मेडिकल हेल्थ ऐजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड-2025 से नवाजे गए सुधीर गिरि

का शुभारम्भ केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी ने कहा कि आज मोदी की गारन्टी के कारण भारतीय टेलेंट अब विदेशों का रूख न करके अपने देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में लगे हैं। मोदी जी के विकसित भारत 2047 अभियान में स्वास्थ्य संस्थानों की भूमिका सर्वोच्च होगी। केन्द्रीय मंत्री ने वेंक्टेश्वरा की प्रशंसा करते हुए कहा कि वेंक्टेश्वरा मेडिकल कॉलेज की तर्ज पर देश के बाकी स्वास्थ्य संस्थानों को भी आगे आकर राष्ट्र विकास में अपना योगदान देना चाहिए। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के बल पर भारत अगले एक दशक में दुनिया का सिरमौर बनेगा। वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति एवं समूह चेयरमैन सुधीर गिरि के आधिकारिक प्रतिनिधि डॉ. राजीव त्यागी एवं कुलपति कृष्णकान्त दवे ने उपस्थित जनसमूह को विवि एवं मेडिकल कॉलेज द्वारा शिक्षा एवं चिकित्सा क्षेत्र में किए जा रहे शानदार कार्यो की विवरण रिपोर्ट प्रस्तुत की। वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन सुधीर गिरि को 'मेडिकल हेल्थ ऐजुकेशन एक्सीलेंस अवॉर्ड-2025 मिलने पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। उनको बधाई देने वालों में प्रधान सलाहकार डॉ. वी.पी.एस. अरोड़ा, समूह सलाहकार आर.एस. शर्मा, कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे, डीन अकेडमिक अफेयर्स डॉ. राजेश सिंह, तेजपाल सिंह, डॉ. अनिल जयसवाल, आशुतोष सिंह, ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. अश्विन कुमार सक्सेना, राम निवास शर्मा, डॉ. सर्वानन्द साहू, डॉ. दिनेश कुमार गौतम, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, डॉ. एल. एस. रावत, एस. एस. बघेल, अरूण कुमार गोस्वामी, मारूफ चौधरी, अभिषेक जैन, मेरठ परिसर निदेशक डॉ. प्रताप सिह मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग रहे।



## महिला सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मौर्य

**लखनऊ,** 17 जून (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत प्राथमिकता श्रेणी मे पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 वर्ष से 40 वर्ष) को सम्मिलित करने का निर्णय गत वर्ष लिया गया था। यह आयु सीमा अब (18 से 50 वर्ष) कर दी गई है। उन्होंने बताया कि पति की मृत्यु के उपरान्त निराश्रित महिला (आयु 18 से 50 वर्ष) एक अत्यन्त ही संवेदनशील वर्ग है, जिससे सामाजिक एवं सरकारी स्तर पर बेहद सुरक्षा की आवश्यकता होती है। इस उम्र की विधवा महिलाएं प्रायः ऐसी होती है ,जिनमें से अधिकांश के बहुत छोटे-छोटे बच्चे होते हैं, जिससे इनके सुरक्षा एवं सहयोग की आवश्यकता और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति की दिशा में ग्राम्य विकास विभाग का यह क्रान्तिकारी कदम हैं। इससे ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मातृ शक्ति को बहुत बड़ा सम्बल मिला है। महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है।



### 'फतेह' में एक्शन और इमोशन्स का संगम : सोनू सूद

**मुंबई।** अभिनेता-निर्देशक सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' 22 जून को टीवी चैनल स्टार गोल्ड पर प्रीमियर के लिए तैयार है। सोनू ने बताया कि उनके दो दशक के करियर में कम ही किरदार ऐसे मिले, जिनमें शारीरिक शक्ति और भावनात्मक गहराई दोनों को एक साथ दिखाने का मौका मिला। 'फतेह' ऐसा ही एक किरदार है। अपने निर्देशन की पहली फिल्म के बारे में सोनू ने बताया कि मैं हमेशा से चाहता था कि अगर मैं निर्देशन करूंगा, तो पहली फिल्म एक्शन-थ्रिलर होगी। 'फतेह' की खासियत है कि इसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक्शन दृश्य हैं, जो पूरी तरह भारतीय संदर्भ में हैं। हर लड़ाई का एक मकसद है, यह महज एक्शन के लिए नहीं है, इसमें और भी कई खास बातें हैं।

## 'त्रिदोषनाशक' फिटकरी सर्वगुण संपन्न

# शरीर की परेशानी से लेकर टोटके में भी असरदार

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। फिटकरी सिर्फ पानी साफ करने या शेव के बाद लगाने तक सीमित नहीं है। आयुर्वेद में इसे रोगनाशक, त्वचा रक्षक और दंत स्वास्थ्य का रक्षक माना गया है। इतना ही नहीं इसकी मदद से घर की नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर किया जा सकता है।

- त्वचा रोग, पाचन विकार और सूजन संबंधी समस्याओं से राहत
- नकारात्मक शक्तियों को दूर करने के लिए भी फिटकरी का करें प्रयोग



चरक संहिता में फिटकरी को 'स्फटिक' के नाम से जाना जाता है और इसे 'त्रिदोषनाशक' माना गया है, जिसका अर्थ है कि यह वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को शांत करती है। ऋषि चरक के अनुसार, फिटकरी का कसैला और शीतल गुण इसे त्वचा रोग, पाचन विकार और सूजन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाता है। यह त्रिदोष संतुलन वाली औषधि मानी गई है - कफ दोष को खास तौर पर कम करती है, साथ ही वात और पित्त को भी नियंत्रित करती है। फिटकरी में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं, जो मुंहासे, खुजली, फोड़े-फुंसी से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

आयुर्वेद के अनुसार, फिटकरी को शहद के साथ मिलाकर खाने के भी बड़े लाभ हैं। यह काली खांसी और बलगम की समस्या से राहत दिलाती है। इसके अलावा, डैंड्रफ और खुजली से राहत पाने के लिए आप शैम्पू में 1-2 चम्मच फिटकरी मिलाकर बाल धो लें। ऐसा करने से स्कैल्प साफ हो जाएगा।

फिटकरी के पाउडर को गुलाबजल या सादे पानी में मिलाकर चेहरे पर लगाने से भी लाभ मिलता है। वहीं, मुलायम त्वचा पाने के लिए एक चम्मच फिटकरी पाउडर में बराबर मात्रा में शहद मिलाकर और कुछ बूंदें नींबू के रस की डालकर बनाया पेस्ट फायदा पहुंचाता है। इसे चेहरे पर 20 से 30 मिनट लगाने के बाद हल्के हाथों से छुड़ाते हुए धोकर हटाने से त्वचा मुलायम हो जाती है।

फेस मसाज के लिए पोटैशियम एलम आधे चम्मच पानी के साथ मिलाकर चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाने से त्वचा कसी हुई और स्वस्थ दिखाई देती है।

वहीं, अगर आप गैस और पेट भारीपन से परेशान हैं तो खाने के बाद थोड़ी मात्रा में फिटकरी पानी पीने से पेट संबंधी परेशानी कम हो सकती है। इतना ही नहीं, बारिश के मौसम में जब मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है तो पूल या पानी की बाल्टी में फिटकरी डालने से पानी साफ होता है और मच्छर का लार्वा खत्म होता है।

फिटकरी में पोटैशियम और एल्युमिनियम सल्फेट होते हैं, जो जल की अशुद्धियों को दूर कर संक्रामक सूक्ष्मजीवों को मारते हैं। घर से बुरी या नकारात्मक शक्तियों को दूर करने के लिए भी फिटकरी का टोटका आजमाया जाता है। विशेषज्ञ ही नहीं, हमारे बड़े बुजुर्ग भी इसकी सलाह देते हैं। फिटकरी घर में रखने से 'नजर दोष' दूर होता है; इसे तकिए के नीचे रखने, जलाने या पानी में डालकर प्रयोग करने से नेगेटिविटी दूर होती है।

# मोटापा घटाएं, सेहत बढ़ाएं

## '5पी' के साथ करें स्वस्थ जीवनशैली की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। आज के आधुनिक जीवन में मोटापा और फिटनेस में तेजी से आती गिरावट एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन गए हैं। इस संबंध काफी हद तक कुपोषण के साथ जुड़ा हुआ है। इस समस्या से निपटने के लिए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने आहार में '5 पी' के सिद्धांत को अपनाने के लिए बढ़ावा दिया है।



**आहार में ताजे फल, सब्जियां और पर्याप्त पानी शामिल करना**

यह नई पहल न केवल सुरक्षित भोजन को बढ़ावा देती है, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने के लिए प्रेरित करती है। यह अभियान मोटापा कम करने और फिट रहने और लोगों को बेहतर भोजन की आदतें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

'5 पी' क्या हैं? एफएसएसएआई ने '5 पी' की अवधारणा को पेश किया है। अपने आहार में ताजे फल, सब्जियां और पर्याप्त पानी शामिल करना आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद है। यह आपके शरीर को आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है, आपको हाइड्रेटेड रखता है, और कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है।

'5 पी' में पहले 'पी' से 'प्लेंटी ऑफ फ्रूट्स वेजिटेबल एंड वॉटर' है, यानी फलों, सब्जियों और पानी की प्रचुरता। आप अपने आहार में ताजे फल और हरी पत्तेदार सब्जियां और पर्याप्त पानी शामिल कर सकते हैं, यह न केवल पोषण देता है, बल्कि मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने और शरीर को हाइड्रेट रखता है।

दूसरी 'पी' है 'पिक हेल्दी फैट', जिसका मतलब है- आहार में स्वस्थ वसा चुनें। 'गुड फैट' वह वसा होती है जो शरीर की कार्यप्रणाली को सुचारू रूप से चलाने में योगदान देने के अलावा शरीर में हृदय रोग, कोलेस्ट्रॉल का स्तर और शरीर में मोटापे को कम करने में मदद करते हैं। ये मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैट होते हैं, जिन पर आपको ध्यान देना चाहिए। नट्स, सीड्स या ऑलिव ऑयल से प्राप्त होने वाली वसा 'गुड फैट' के अच्छे उदाहरण हैं।

तीसरा 'पी' है- 'पावर योर प्लेट विद बैलेंस्ड न्यूट्रिशन' - यह संतुलित आहार बनाए रखने के बारे में है। संतुलित आहार में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा का संतुलन होता है। प्रोटीन शरीर की कार्यप्रणाली के लिए अहम पोषक तत्व होने के अलावा मांसपेशियों को मजबूत रखने के लिए जरूरी है। कार्बोहाइड्रेट से हमें दैनिक कार्यों को करने की ऊर्जा मिलती है। वसा भी ऊर्जा का एक सोर्स है जो संतुलित मात्रा में लेने से शारीरिक कार्यप्रणाली में अपनी भूमिका निभाता है।

चौथा 'पी' है- 'प्लान मिल टाइम माइंडफुली' - यानी भोजन की टाइमिंग पर सजगता से ध्यान देना। इसके लिए आप नियत समय पर भोजन करें। दो मील के बीच में कम से कम चार घंटे का गैप रखने की सलाह कई विशेषज्ञ देते हैं। इससे शरीर को भोजन पचाने में पर्याप्त समय मिल जाता है, जो बेहतर पाचन में अहम भूमिका अदा करता है। इसलिए बार-बार बेवजह कुछ न कुछ खाने की आदत से छुटकारा पाना चाहिए। इसके अलावा आयुर्वेद के अनुसार भोजन को चबा-चबाकर खाना चाहिए। भोजन करते समय पानी न पीएं। हालांकि आप भोजन करने के आधा घंटा पहले पहले और बाद में पानी पी सकते हैं।

पांचवां 'पी' है- 'पे अटेंशन टू पोर्सन्स एंड फूड च्वाइस' यानी अपने भोजन के चयन और उसकी मात्रा पर खास ध्यान देना। इसके लिए सही मात्रा में भोजन करें और प्रोसेस्ड या जंक फूड से दूर रहें। पेट को ज्यादा भरने से भी पाचन प्रभावित होता है। साथ ही, जंक फूड का ज्यादा सेवन करने से कई बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जबकि पोषक भोजन शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

इस तरह से संतुलित आहार के साथ, आहार में विविधता न सिर्फ मोटापे के जोखिम को कम कर सकती है, क्योंकि यह मेटाबॉलिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है।

भारत में पिछले दो दशकों में प्रोसेस्ड फूड की खपत बहुत तेजी से बढ़ी है। यह मोटापे की बढ़ती समस्या का एक प्रमुख कारण है। '5 पी' के तहत प्लान किया गया भोजन आपका जीवन शैली का वह हिस्सा हो सकता है जो केवल वजन कम करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।

# टीवी इंडस्ट्री में बदलाव जरूरी : रेणुका शहाणे

**मुंबई,** 17 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री और फिल्म निर्माता रेणुका शहाणे ने टेलीविजन पर महिलाओं की रूढ़िगत और पुरातन छवि को लेकर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि टीवी की कहानियां आज भी सास-बहू के घिसे-पिटे झगड़ों तक सीमित हैं, जो समाज में महिलाओं की प्रगति को नहीं दिखाती। समाचार रेणुका शहाणे ने बताया कि उन्हें टेलीविजन के लिए ऑफर मिलते हैं, लेकिन कंटेंट की गुणवत्ता के कारण वह इन्हें स्वीकार नहीं करतीं।



**महिलाओं को बेहतर कहानियों की जरूरत**

हम आपके हैं कौन फेम अभिनेत्री ने बताया कि मुझे टीवी के लिए अक्सर ऑफर मिलते हैं, लेकिन आज टीवी डेली सोप्स तक सीमित है। मेरे लिए घर, लेखन, निर्देशन और अभिनय के बीच संतुलन बनाना मुश्किल है। दुर्भाग्य से, टीवी की कहानियां पुराने ढर्रे पर चल रही हैं।(रेणुका ने सास-बहू के टकराव पर आधारित कहानियों की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मुझे ऑफर मिलते हैं कि आप सास की भूमिका निभाएंगी, जिसकी बहू से नहीं बनती। मैं ऐसी कहानियां सुनना भी नहीं चाहती। सास और बहू के किरदारों में कई रंग हो सकते हैं।

आज महिलाएं इतना कुछ कर रही हैं, लेकिन टीवी पर यह नहीं दिखता। उन्होंने अफसोस जताया कि एक समय टीवी सामाजिक बदलाव और प्रगतिशीलता का सशक्त माध्यम था, लेकिन अब इस भूमिका को फिल्में, वेब सीरीज और शॉर्ट फिल्म निभा रही हैं। रेणुका ने कहा कि टीवी पर महिलाओं को सशक्त और विविध कहानियों के साथ सामने आने की जरूरत है। टीवी को फिर से सामाजिक बदलाव का मंच बनना चाहिए।

# असल जिंदगी में मुझसे 'तू है आशिकी' की 'नूर' बहुत अलग है : अमनदीप सिद्धू

**मुंबई,** 17 जून (एजेंसियां)। अभिनेत्री अमनदीप सिद्धू का शो 'तू है आशिकी' प्रीमियर के लिए तैयार है। शो में नूर का किरदार निभा रही अभिनेत्री ने बताया कि वह नूर के साथ पूरी तरह जुड़ नहीं पातीं। नूर एक साधारण, बिंदास, मैच्योर और परिवार से प्यार करने वाली कॉलेज स्टूडेंट है। वह असल जिंदगी में इससे अलग हैं।



अमनदीप ने कहा कि मैं नूर के परिवार से प्यार और उनकी राय को महत्व देने के तरीके से जुड़ सकती हूं, लेकिन, मैं उससे अलग हूं। उन्होंने बताया कि नूर अपनी खुशी के लिए ज्यादा कुछ नहीं करती, जबकि मैं हमेशा अपने दिल की सुनती हूं। उन्होंने कहा कि मैं अपनी मां और परिवार की सलाह लेती हूं, लेकिन अंतिम फैसला मेरा होता है। इस तरह नूर और मैं अलग हैं। मैं अपनी जिंदगी की कमान खुद संभालती हूं। अमनदीप खुद को बहुत रोमांटिक मानती हैं और शो का नाम उन्हें खासा पसंद है। उन्होंने कहा कि मैं कर्क राशि की हूं और बहुत रोमांटिक हूं। शो का नाम प्यार से भरा है। 'पम्मा' और 'नूर' की प्रेम कहानी को जीना मेरे लिए नया और शानदार अनुभव था। यह एक फिल्मी रोमांस जैसा है, जिसे मैं जीना चाहती थी।

अमनदीप ने शो के निर्माता रवि दुबे और सरगुन मेहता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि रवि और सरगुन कहानी से ज्यादा किरदारों पर ध्यान देते हैं। अगर किरदार मजबूत हो तो दर्शक उससे जुड़ते हैं और कहानी खुद-ब-खुद चल पड़ती है। उन्होंने बताया कि पम्मा का किरदार इतना दमदार है कि हर कोई उससे और नूर से प्यार करेगा। अभिनेत्री को यकीन है कि दर्शकों को यह साधारण और रिलेटेबल कहानी पसंद आएगी।

# बुढ़ापे में मैं थोड़ी अनुशासनहीन हो गई हूं : जीनत

**मुंबई,** 17 जून (एजेंसियां)। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री जीनत अमान ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर खुलासा किया है कि वह बुढ़ापे में थोड़ी आलसी और अनुशासहीन हो गई हैं।



अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर पश्चिमी घाट की अपनी हाल ही की तस्वीर शेयर की है, जिसमें उन्होंने लिखा है, 'मैं थोड़ी अनुशासनहीन हो गई हूं। पश्चिमी घाट में हवा के झोंके! बुढ़ापे में मैं थोड़ी अनुशासनहीन हो गई हूं और मुझे यह स्वीकार करते हुए खेद है कि मैंने अपनी हाल ही में हुई सर्जरी को ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया, बेझिझक खाया और व्यायाम भी नहीं किया और अपना समय यूट्यूब पर बकवास देखने में बिताया। मुझे लगता है कि आप भी मेरी इस बात से सहमत होंगे कि इस तरह की आत्मसंतुष्टि अपनाना आसान है और इसे नजरअंदाज करना मुश्किल। इसलिए मैंने खुद को इस परेशानी से निकालने का फैसला किया है। मैंने खुद के लिए स्पा बुक किया। उन्होंने आगे कहा, पश्चिमी घाट के फूल और हरियाली से भरे प्राकृतिक वातावरण के बीच, मैंने अपने लिए आयुर्वेदिक और प्राकृतिक उपचारों की एक लंबी सूची तैयार की है। यह मेरे लिए परम आनंद था। यह बिल्कुल वैसी शांति और आराम था जिसकी मुझे जरूरत थी क्योंकि मैं दिल्ली में एक कार्यक्रम से वापस आ गई हूं। उन्होंने कहा कि वास्तव में, मैं अभी दिल्ली में एक कार्यक्रम से वापस आई हूं और अपनी कपूर सीरीज के लिए अगली पोस्ट के बारे में सोच रही हूं।

# बेटियों के लिए छोड़ी एक्टिंग, अब वापसी के लिए तैयार सुम्बुल तौकीर

**मुंबई,** 17 जून (एजेंसियां)। मशहूर एक्ट्रेस सुम्बुल तौकीर के पिता तौकीर खान बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने बताया कि पहले 'क्राइम पेट्रोल' जैसे टीवी शोज़ और कुछ सीरियल्स में नजर आ चुके हैं। लेकिन, उन्होंने एक्टिंग छोड़ दी थी, ताकि वह अपनी बेटियां, सुम्बुल और सानिया का करियर शुरू करने में उनकी पूरी मदद कर सकें। तौकीर ने खुलासा किया कि कैसे वह बेटियों के शेड्यूल संभालते थे, उन्हें अलग-अलग शूटिंग सेट पर लेकर जाते थे और पूरा समय उनकी तरक्की में लगाते थे। अब जब दोनों बेटियां अपने करियर में अच्छा कर रही हैं और खुद पर निर्भर हो गई हैं, तो वह फिर से एक्टिंग की दुनिया में लौटने के लिए तैयार हैं।



तौकीर खान ने कहा कि यह मेरी पहली बॉलीवुड फिल्म है। इससे पहले मैं क्राइम पेट्रोल और कुछ सीरियल्स में काम कर चुका हूं। जब मैं मुंबई आया था, तब हमारे पास ज्यादा पैसे नहीं थे, इसलिए मैंने क्राइम पेट्रोल में एक्टिंग करना शुरू किया, ताकि घर का गुजारा हो सके। बाद में, जब सानिया और सुम्बुल को लगातार काम मिलने लगा, तो मैंने उनकी मदद करने के लिए एक्टिंग छोड़ दी। दोनों की शूटिंग अलग-अलग जगहों पर या एक ही समय पर होती थी, तो सारा समय उसी में चला जाता था। अब जब दोनों बेटियां अपने पैरों पर खड़ी हो गई हैं, तो उन्होंने मुझसे कहा- पापा, अब आपकी बारी है फिर से शुरुआत करने की। इसलिए अब मैंने दोबारा एक्टिंग करने का फैसला लिया है।

अपनी पहली फिल्म के बारे में बात करते हुए तौकीर खान ने कहा कि इस समय फिल्म की शूटिंग नालासोपारा में हो रही है, जहां एक झुग्गी बस्ती का सेट तैयार किया गया है। मैं इस फिल्म में एक स्थानीय विधायक का किरदार निभा रहा हूं, जो लोगों के घर-घर जाकर वोट मांगता है। यह फिल्म युवाओं में नशे की लत के गंभीर मुद्दे पर दर्शकों का ध्यान खींचेगी।

# सिने जगत का 'परी-चेहरा' सायरा की 'अम्मी' नसीम बानो

**मुंबई,** 17 जून (एजेंसियां)। भारतीय सिनेमा की 'पहली सुपरस्टार', 'पहली रानी' और 'परी-चेहरा' नाम से जानी जाती थीं नसीम बानो। 18 जून को हिंदी सिने जगत की मशहूर हस्ती की पुण्यतिथि है। 4 जुलाई 1916 को पुरानी दिल्ली में जन्मी नसीम बानो ने 1930 और 1940 के दशक में अपनी खूबसूरती और अभिनय की ताकत से सिनेमा जगत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया।



**जिनकी फिल्म देखने जूते उतार कर जाते थे लोग**

जब हिन्दी सिनेमा में स्वर्णलता, मुमताज शांति और नूरजहां सरीखी अभिनेत्रियों का बोलबाला था, तब भी नसीम की चमक फीकी नहीं पड़ी। गजब की खूबसूरत थीं, इस बात का जिक्र साहित्यकार, उपन्यासकार सआदत हसन मंटो ने अपनी एक रचना में भी किया था।

उन्होंने नसीम की तारीफ में लिखा कि उन दिनों अभिनेत्रियों में से एक थीं नसीम बानो, जो खासा मशहूर थीं। खूबसूरती की बहुत चर्चा थी। इश्तिहारों में परी चेहरा नसीम कहा जाता था। मैंने अपने ही अखबार में उसके कई फोटो देखे थे। खुश शक्ल थीं, जवान थीं। खासतौर पर आंखें बड़ी पुर-कशिश थीं और जब आंखें पुर-कशिश हों तो सारा चेहरा पुर-कशिश बन जाता है।

संगीतकार नौशाद ने उन्हें परी-चेहरा उपनाम दिया, जो उनकी खूबसूरती और आभा का प्रतीक बना। दिलीप कुमार और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गजों ने उन्हें भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री करार दिया। उनकी बेटी और बीते जमाने की खूबसूरत अभिनेत्री सायरा बानो ने खुद बताया, उनकी सुंदरता सिर्फ चेहरे तक सीमित नहीं थी। उनकी परंपरा में भी झलकता था। नसीम बानो की कहानी न केवल एक अभिनेत्री की है, बल्कि एक ऐसी महिला की है, जिसने अपने समय की रूढ़ियों को तोड़ा और भारतीय सिनेमा में अमिट छाप छोड़ी। नसीम बानो का जन्म रोशन आरा बेगम के रूप में एक ऐसे परिवार में हुआ, जहां कला और संगीत की गहरी जड़ें थीं। उनकी मां चमियान बाई, जिन्हें शमशाद बेगम के नाम से भी जाना जाता था, उस दौर की मशहूर गायिका और तवायफ थीं।

नसीम की परवरिश दिल्ली में हुई, जहां उन्होंने क्वीन मैरी हाई स्कूल में पढ़ाई की। उनकी मां चाहती थीं कि वह डॉक्टर बनें, लेकिन नसीम का दिल तो सिनेमा में बसता था, और उनकी धड़कन उसी के लिए धड़कती थी। अभिनेत्री सुलोचना की प्रशंसक नसीम का सपना था कि वह भी बड़े पर्दे पर चमकें। इस सपने को हकीकत में बदलने की शुरुआत तब हुई, जब बॉम्बे की एक यात्रा के दौरान सोहराब मोदी ने उन्हें अपनी फिल्म खून का खून में अभिनय के लिए चुना। हालांकि, नसीम की मां नहीं चाहती थीं कि उनकी लाडली अभिनय की दुनिया में कदम रखे। मां के विरोध के बावजूद नसीम ने भूख हड़ताल कर अनुमति हासिल की, और इस तरह उनके सिनेमाई सफर की शुरुआत हुई।

नसीम की असली पहचान 1939 में आई सोहराब मोदी की फिल्म पुकार से बनी, जिसमें उन्होंने महारानी नूरजहां का किरदार निभाया। इस फिल्म का प्रभाव इतना गहरा था कि दर्शक सिनेमा हॉल में जूते उतारकर प्रवेश करते थे, मानो वे मुगल दरबार में कदम रख रहे हों।

नसीम ने अपने करियर में बड़े प्रयोग किए। उन्होंने सिनेमाई फैशन और मेकअप के क्षेत्र में क्रांति ला दी।

# आसन हमें सिखवाते हैं स्वस्थ जीवनशैली

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। योग प्राचीनकाल से शरीर और मन को संतुलित रखने के अभ्यास के तौर पर भारतीय समाज का हिस्सा रहा है। खासकर योग के अंतर्गत आने वाले कई आसन बेहद लोकप्रिय हैं। इनमें से अधिकतर आसन के नाम पशु-पक्षियों से प्रेरित हैं- जैसे मयूरासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, कपोतासन जैसे आसन न केवल प्रकृति से जुड़ाव दिखाते हैं, बल्कि इनके पीछे गहरा दर्शन भी छिपा है। योगासनों के नाम पशु-पक्षियों पर रखने के पीछे एक बड़ी वजह प्रकृति से सीखने से संबंधित है। कोबरा की शक्ति, मोर का संतुलन और ऊंट का लचीलापन हमें जीवन में संतुलन और शक्ति का पाठ पढ़ाते हैं। ये आसन न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाते हैं। योग विशेषज्ञों के अनुसार, इन आसनों के नाम पशु-पक्षियों की गतिविधियों, शक्ति और लचीलापन से प्रेरित हैं, जो हमें स्वस्थ जीवनशैली सिखाते हैं। भुजंगासन, जिसे कोबरा मुद्रा भी कहते हैं। यह आसन पीठ दर्द को कम करता है, फेफड़ों की कई समस्याओं को खत्म कर पाचन को बेहतर बनाता है और तनाव से भी राहत देता है।

**आसनों के नाम पशु-पक्षियों की गतिविधियों, शक्ति से प्रेरित**

उष्ट्रासन, यह ऊंट की तरह रीढ़ को लचीला बनाने वाला आसन है, जो शरीर को कई तरह की समस्याओं से राहत देता है। यह रीढ़ की हड्डियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होता है। यह आसन कई तरह से तन और मन को लाभ पहुंचाता है। रीढ़ को पीछे की ओर झुकाने से उसका लचीलापन बढ़ता है, जिससे पीठ दर्द में राहत मिलती है। पेट की मांसपेशियों पर खिंचाव होने से पाचन तंत्र बेहतर होता है और कब्ज जैसी समस्याएं कम होती हैं। यह आसन हृदय चक्र को खोलता है, जिससे तनाव और चिंता में कमी आती है। छाती का विस्तार होने से फेफड़ों की क्षमता बढ़ती है और श्वसन प्रणाली मजबूत होती है।

## *जलयोग : प्रयागराज में योग के प्रति जागरूकता के लिए तैराकों ने किया योगासन*

*उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में विश्व योग दिवस को खास बनाने के लिए बरगद घाट के पास यमुना नदी में जलयोग का आयोजन किया गया। इसके लिए तैराकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तैराक योगासन के पोस्टर हाथों में लिए लोगों को योग के प्रति जागरूक भी करते नजर आए। इसमें तैराकी सीखने वाले प्रशिक्षुओं के साथ ही शहर के युवाओं और छात्रों ने हिस्सा लिया। इन लोगों में योग दिवस को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा गया। तैराकी प्रशिक्षक ने लोगों से विभिन्न योग मुद्राओं में जलयोग करवाया। इसमें सूर्य नमस्कार, शवासन, वज्रासन, मत्स्यासन, अनुलोम-विलोम के साथ ही 'ओम' का उच्चारण कराया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके भी जलयोग का आयोजन किया जाएगा। जलयोग के बारे में बात करते हुए प्रशिक्षक प्रणव उपमन्यु ने बताया कि पानी के अंदर सांस को रोकने और उसको छोड़ने से शरीर की क्षमता बढ़ती है। जलयोग हमारे शरीर के लिए बहुत लाभकारी है। इससे भौतिक और आध्यात्मिक रूप से फायदा पहुंचता है। विश्व योग दिवस को भव्य तरीके से मनाने के लिए हम तैयारी कर रहे हैं। वही प्रशिक्षण लेने पहुंचे तैराकों का कहना है कि जलयोग से दोहरा फायदा होता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे फेफड़े के लिए बहुत फायदेमंद है। योग के जरिए हम बीमारियों से बच सकते हैं।*



# [अर्थ जगत]

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.01 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.93 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.57 प्रतिशत |
| मारुति | 0.48 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| अल्ट्रासिम्को | 1.93 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 1.44 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.38 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.25 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.25 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 99,373 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,700 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## भारत एक ब्राइट स्पॉट, सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा : एचएसबीसी

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। एचएसबीसी ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग रिपोर्ट में कहा गया कि भारत इस साल की तीसरी तिमाही में वैश्विक स्तर पर निवेश के लिए एक उज्ज्वल स्थान बना रहेगा, जिसे मजबूत घरेलू उपभोग, अनुकूल व्यापार गतिशीलता और सहायक मौद्रिक नीति का समर्थन प्राप्त है। साथ ही, भारत की जीडीपी 2025 में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है, जिससे यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

एचएसबीसी ने अपने लेटेस्ट इंवेस्टमेंट आउटलुक में कहा कि वह भारतीय इक्विटी और स्थानीय मुद्रा बॉन्ड पर सकारात्मक रुख बनाए रखता है। इक्विटी में यह लार्ज-कैप स्टॉक को प्राथमिकता देता है। साथ ही, अधिक घरेलू क्षेत्रों जैसे वित्तीय, स्वास्थ्य सेवाओं और उद्योगों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह देता है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'मजबूत घरेलू उपभोग, अनुकूल व्यापार गतिशीलता और अकोमोडेटिव मौद्रिक नीति द्वारा समर्थित भारत की आर्थिक मजबूती 2025 की दूसरी छमाही के लिए एक आशाजनक मंच तैयार करती है।' बैंक ने बताया कि निवेशकों को इस साल अब तक बाजारों में उतार-चढ़ाव के




बाद भी अप्रत्याशित की उम्मीद कैसे रखनी चाहिए।

अमेरिकी नीति घोषणाओं की उच्च मात्रा के साथ, निवेशकों को दो-तरफा बाजार अस्थिरता देखने की संभावना है। एचएसबीसी ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग एंड प्रीमियर वेल्थ में दक्षिण पूर्व एशिया और भारत के मुख्य निवेश अधिकारी जेम्स चेओ ने कहा, 'हम बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता को स्वीकार करते हैं और उम्मीद करते हैं कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.2 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी, जिससे यह सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बन जाएगी।' उन्होंने कहा कि मजबूत घरेलू निवेशक-आधार और हाल ही में विदेशी निवेशकों का प्रवाह सहायक तकनीकी की ओर इशारा करता है। निवेशकों के लिए 2025 की तीसरी तिमाही में चार


**'मजबूत घरेलू उपभोग, अनुकूल व्यापार गतिशीलता और अकोमोडेटिव मौद्रिक नीति द्वारा समर्थित भारत की आर्थिक मजबूती 2025 की दूसरी छमाही के लिए एक आशाजनक मंच तैयार करती है' : एचएसबीसी**

प्राथमिकताओं में विविध इक्विटी एक्सपोजर, एआई अपनाने के अवसर, मुद्रा जोखिमों को कम करना और एशिया की घरेलू वृद्धि का लाभ उठाना शामिल रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया है, 'निवेशकों को ऐसे पोर्टफोलियो विकसित करने चाहिए जो अनिश्चित आर्थिक माहौल से निपटने के लिए राजनीतिक और बाजार के आश्चर्यों के प्रति मजबूत हों।' एचएसबीसी ग्लोबल प्राइवेट बैंकिंग और प्रीमियर वेल्थ के ग्लोबल चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर विलेम सेल्स ने कहा, 'हालांकि हमें इस साल अमेरिका में कम विकास दर की उम्मीद है, लेकिन अर्थव्यवस्था को मंदी या मुद्रास्फीति की स्थिति में नहीं जाना चाहिए। आय वृद्धि की उम्मीदें पहले ही कम हो चुकी हैं और मूल्यांकन ऐतिहासिक औसत के आसपास उचित हैं।'

## वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत का सेवा निर्यात चमक रहा : फियो

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने कहा कि भारत के नवीनतम व्यापार आंकड़े देश के सेवा क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन को दर्शाते हैं, जो वैश्विक मांग में कमी, भू-राजनीतिक तनाव और उच्च ब्याज दरों की चुनौतियों के खिलाफ बफर के रूप में काम करना जारी रखता है। वैश्विक आर्थिक प्रतिकूलताओं के बावजूद, भारत के वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर समग्र निर्यात ने मजबूती दिखाते हुए मई 2025 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कुल निर्यात मई 2024 के 69.20 बिलियन डॉलर से बढ़कर 71.12 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया। फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा, 'यह उछाल सेवा निर्यात, विशेष रूप से सॉफ्टवेयर, परामर्श और फाइनेंशियल सर्विस में निरंतर मजबूती के कारण हुआ है।'

रल्हन ने कहा, 'निर्यातक कठिन वैश्विक माहौल के साथ अच्छी तरह से तालमेल बिठा रहे



- **समग्र निर्यात ने मजबूती दिखाते हुए मई 2025 में 2.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की**
- **निर्यात मई 2024 के 69.20 बिलियन डॉलर से बढ़कर 71.12 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया**

हैं। खासकर मध्य पूर्व में लॉजिस्टिक्स संबंधी व्यवधानों के बावजूद निर्यात वृद्धि को बनाए रखने की क्षमता इस क्षेत्र के नीतिगत समर्थन का प्रमाण है।' वस्तु और सेवाओं के कुल आयात में मई 2024 के 78.55 बिलियन डॉलर की तुलना में मामूली गिरावट देखी गई, जो मई 2025 में 77.75 बिलियन डॉलर थी। यह आवश्यक इनपुट और सेवाओं के लिए स्थिर घरेलू मांग का संकेत देती है।

रल्हन ने बताया कि वस्तुओं के आयात में गिरावट आयात प्रतिस्थापन और घरेलू क्षमता निर्माण में बढ़ती सफलता को दर्शाती है, जो सरकार के आत्मनिर्भरता के प्रयास के साथ जुड़ा है। निर्यात वृद्धि को बनाए रखने और तेज करने के लिए फियो अध्यक्ष ने ब्याज समानीकरण योजना के माध्यम से एमएसएमई के लिए निरंतर समर्थन की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

साथ ही, उन्होंने बाजार पहुंच को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से अमेरिका के साथ बीटीए के लिए त्वरित मुक्त व्यापार समझौता वार्ता, लेन-देन की लागत को कम करने के लिए व्यापार प्रक्रियाओं के सरलीकरण और डिजिटलीकरण और विभिन्न प्रक्रियात्मक मुद्दों को संबोधित कर ई-कॉमर्स निर्यात को निर्बाध बनाने पर जोर दिया।

## मामूली सस्ता हुआ सोना, चांदी ऑल-टाइम हाई पर पहुंची



**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां) सोना खरीदारों के लिए खुशखबरी है। पीली धातु की कीमत में मंगलवार को 200 रुपए से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। वहीं, चांदी ने नया ऑल-टाइम हाई बनाया है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम 226 रुपए कम होकर 99,147 रुपए हो गया है, जो कि पहले 99,373 रुपए था। 22 कैरेट के सोने का दाम कम होकर 90,819 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 91,026 रुपए था। वहीं, 18 कैरेट के सोने की कीमत 74,530 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 74,360 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। सोने के विपरीत चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है। चांदी का दाम 2,148 रुपए बढ़कर 1,09,100 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 1,06,952 रुपए प्रति किलो था। वायदा बाजार में सोने और चांदी दोनों में तेजी देखने को मिली है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 5 अगस्त 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 0.02 प्रतिशत बढ़कर 99,202 रुपए और चांदी के 4 जुलाई 2025 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 1.91 प्रतिशत बढ़कर 1,08,600 रुपए थी।

## कमर्शियल माइनिंग के लिए 200 कोयला ब्लॉक आवंटित करने की महत्वपूर्ण उपलब्धि पर पहुंची सरकार

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। कोयला मंत्रालय ने मंगलवार को जानकारी दी कि सरकार ने कमर्शियल माइनिंग शुरू करने के लिए आर्थिक सुधारों के हिस्से के रूप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। कोयला मंत्रालय ने अपनी 200वीं कोयला खदान का आवंटन किया है। यह भारत के कोयला क्षेत्र में बदलाव लाने की मुहिम को रेखांकित करता है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'सिंघल बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड को मारवाटोला-II कोयला ब्लॉक के लिए आवंटन आदेश जारी करना क्षेत्रीय सुधारों को आगे बढ़ाने, निजी भागीदारी को बढ़ावा देने और कोयला उत्पादन में राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता को मजबूत करने की मंत्रालय की प्रतिबद्धता की पुष्टि



- **कोयला मंत्रालय ने अपनी 200वीं कोयला खदान का आवंटन किया**

करता है। इस उपलब्धि के साथ, मंत्रालय एक मजबूत, पारदर्शी और फ्यूचर-रेडी कोल इकोसिस्टम का मार्ग प्रशस्त करना जारी रखता है।'


कोयला मंत्रालय ने कहा कि सरकार निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने, प्रक्रियागत बाधाओं को कम करने और देश भर में कोयला ब्लॉकों के शीघ्र संचालन को सक्षम करने की अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग है। यह मील का पत्थर घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ाने के प्रयास के साथ मंत्रालय के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाता है। साथ ही, आयात पर निर्भरता को कम करने और दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के साथ राष्ट्रीय ऊर्जा मैट्रिक्स को फिर से संतुलित करता है। बयान में कहा गया है कि इस तरह की पहल का संचयी प्रभाव आर्थिक विकास और रणनीतिक स्वायत्तता दोनों को बढ़ाता है। पिछले कई वर्षों में, मंत्रालय ने कमर्शियल कोल माइनिंग के आगमन और सिंगल-विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के रोलआउट से लेकर डिजिटल निगरानी और शासन उपकरणों को अपनाने तक कई परिवर्तनकारी सुधारों की शुरुआत की है।

## इजराइल-ईरान तनाव से गिरा बाजार

- **सेंसेक्स 212.85 अंक लुढ़ककर 81,583.30 अंक पर रहा**
- **निफ्टी 93.10 अंक टूटकर 24853.40 अंक पर बंद हुआ**

मुंबई, 17 जून (एजेंसियां)। इजराइल और ईरान में लगातार बढ़ रहे तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के तेहरान खाली करने की अपील से विश्व बाजार में आई गिरावट से सहमे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार गिर गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 212.85 अंक लुढ़ककर 81,583.30 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 93.10 अंक टूटकर 24853.40 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत उतरकर 45,846.36 अंक और स्मॉलकैप 0.67 प्रतिशत कमजोर रहकर 53,212.80 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4118 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2482 में बिकवाली जबकि 1497 में लिवाली हुई वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2961 कंपनियों के शेयरों में से 1946 में गिरावट जबकि 939 में तेजी रही वहीं 76 में टिकाव रहा। बीएसई में टेक, आईटी और फोकस्ड आईटी की 0.74 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 18 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 0.86, सीडी 0.64, ऊर्जा 0.73, एफएमसीजी 0.31, वित्तीय सेवाएं 0.43, हेल्थकेयर




1.82, इंडस्ट्रियल्स 0.26, दूरसंचार 0.23, यूटिलिटीज 0.63, ऑटो 0.56, बैंकिंग 0.26, कैपिटल गुड्स 0.22, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.63, धातु 1.29, तेल एवं गैस 0.92, पावर 0.26, रियल्टी 0.64 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.09 प्रतिशत लुढ़क गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.46, जर्मनी का डैक्स 1.24, हांगकांग का हैंगसेंग 0.34 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत उतर गया। हालांकि जापान के निक्केई में 0.59 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 73 अंक बढ़कर 81,869.47 अंक पर खुला और लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,890.15 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, इसके बाद हुई बिकवाली से यह लगातार गिरता हुआ दोपहर तक 81,427.01 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, अंत में पिछले दिवस के 81,796.15 अंक के मुकाबले 0.26 प्रतिशत टूटकर 81,583.30 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 31 अंक बढ़कर 24,977.85 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,982.05 अंक के उच्चतम जबकि 24,813.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,946.50 अंक की तुलना में 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,853.40 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में अल्ट्रासिम्को 1.93, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.44, एनटीपीसी 1.38, टाटा मोटर्स 1.25, आईसीआईसीआई बैंक 1.25, आईटीसी 1.17, टीसीएस 1.15, एक्सिस बैंक 1.14, रिलायंस 1.13, बजाज फिनसर्व 1.11, पावरग्रिड 1.10, टाइटन 1.06, इंफोसिस 1.06, एलटी 1.06, इटरनल 1.04, कोटक बैंक 1.03, एचसीएल टेक 1.02, बजाज फाइनेंस 0.99, एचडीएफसी बैंक 0.93, मारुति 0.82, टेक महिंद्रा 0.62, अडानी पोर्ट्स 0.58, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.47, भारती एयरटेल 0.46, एसबीआई 0.37, एसबीआई 0.37, सन फार्मा 0.34, नेस्ले इंडिया 0.34 और एशियन पेंट 0.21 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, टेक महिंद्रा 1.33, इंफोसिस 1.01, एशियन पेंट 0.93, टीसीएस 0.57, मारुति 0.48, एनटीपीसी 0.48, एचसीएल टेक 0.41, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.13, पावरग्रिड 0.12 और एक्सिस बैंक के शेयर 0.09 प्रतिशत लाभ में रहे।

## स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों का घरेलू कचरा संग्रहण में इंटीग्रेशन एक बड़ा बदलाव : केंद्र

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने मंगलवार को कहा कि स्वच्छ भारत मिशन-शहरी (एसबीएम-यू) के तहत घरेलू कचरा संग्रहण में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का इंटीग्रेशन एक परिवर्तनकारी कदम है। ईवी वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करते हुए दैनिक कचरे का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करते हैं। ये शून्य-उत्सर्जन वाहन सस्टेनेबल शहरी स्वच्छता के भविष्य का प्रतिनिधित्व करते हैं। पारंपरिक ईंधन से चलने वाले कचरा ट्रकों की जगह पर, ईवी न केवल कार्बन उत्सर्जन में कटौती करते हैं, बल्कि कचरा मुक्त शहरों के मिशन के लक्ष्य के साथ भी जुड़े होते हैं। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने कहा, 'क्लीन मोबिलिटी और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के बीच यह इनोवेटिव तालमेल पर्यावरण के प्रति अधिक जिम्मेदार भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।' उदाहरण के लिए, आंध्र प्रदेश के गुंटूर ने घर-घर कचरा संग्रहण के लिए 200 से अधिक इलेक्ट्रिक ऑटो तैनात कर कचरा प्रबंधन में पर्यावरण के अनुकूल परिवर्तन को अपनाया है। संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) और ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी (जीईएफ) द्वारा सस्टेनेबल सिटीज इंटीग्रेटेड पायलट अप्रोच (एससीआईएपी) के तहत समर्थित इस पहल में पारंपरिक डीजल से चलने वाले ट्रकों की जगह एक हरित विकल्प लाया गया है। ये इलेक्ट्रिक ऑटो, जिनमें से प्रत्येक में रियल-टाइम निगरानी के लिए जीपीएस ट्रैकिंग की सुविधा है, शहर के 159.46 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कुशलतापूर्वक कवर करते हैं।



## सार संक्षेप

### खरीफ फसलों के लिए कुल बुवाई क्षेत्र 89 लाख हेक्टेयर के पार

**नई दिल्ली।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खरीफ फसल की बुवाई का क्षेत्र इस साल बढ़कर अब तक 89.29 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 87.81 लाख हेक्टेयर था। सीजन के शुरुआती हिस्से में बुवाई क्षेत्र में 1.48 लाख हेक्टेयर की वृद्धि अधिक उत्पादन के लिए अच्छा संकेत है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में भी मदद मिलेगी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, चावल, जिसकी बुवाई अभी शुरू हुई है, का रकबा इस साल 13 जून तक बढ़कर 4.53 लाख हेक्टेयर पहुंच गया है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 4 लाख हेक्टेयर था। उड़द और मूंग जैसी दालों की बुआई का रकबा 3.07 लाख हेक्टेयर हो गया है, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह रकबा 2.6 लाख हेक्टेयर था।

### गूगल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी को रोकने के लिए 'सुरक्षा चार्टर' लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** गूगल ने मंगलवार को 'सेफर विद गूगल इंडिया समिट' के दौरान अपने नए 'सुरक्षा चार्टर' का अनावरण किया। इससे भारत के डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। यह पहल यूजर्स को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाने, जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि एआई को जिम्मेदारी से विकसित किया जाए। यह सुरक्षा चार्टर तीन प्रमुख लक्ष्यों के इर्द-गिर्द बना है जिसमें इंटरनेट यूजर्स को घोटालों और धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना, सरकारों और व्यवसायों के लिए साइबर सुरक्षा को मजबूत करना और लोगों की सुरक्षा करने वाले जिम्मेदार एआई सिस्टम का निर्माण करना शामिल हैं।

### एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** बढ़ती जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों और स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के साथ, भारत में सक्रिय स्वास्थ्य सेवा की ओर एक स्पष्ट बदलाव देखने को मिल रहा है। विकसित होती उपभोक्ता जरूरत के साथ तालमेल बिठाते हुए, स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती का समर्थन करने वाली अग्रणी कंपनी एमवे इंडिया ने न्यूट्रीलाइट ट्रिपल प्रोटेक्ट के साथ अपने पोषण श्रेणी की पेशकश को मजबूत किया है। एसरोला चेरी, हल्दी और मुलेठी की प्राकृतिक ताकत से संचालित एक वैज्ञानिक रूप से तैयार, पौधा-आधारित सप्लीमेंट। एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक, रजनीश चोपड़ा ने कहा, चूंकि खराब पोषण देश के आधे से अधिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, इसलिए समग्र कल्याण के लिए स्वच्छ, पौधे-आधारित समाधानों की आवश्यकता पहले कभी इतनी अधिक नहीं थी। आज के उपभोक्ता पहले की तुलना में स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रहे हैं, 52 प्रतिशत ने प्रतिरक्षा को पूरक आहार में सबसे बड़ा लाभ बताया है - जो समग्र कल्याण सिफारिशों की बढ़ती मांग को रेखांकित करता है।

## आने वाले हफ्तों में कम होंगी खाद्य तेलों की कीमतें, कस्टम ड्यूटी में कटौती का मिलेगा फायदा

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। घरेलू खुदरा बाजार में आने वाले हफ्तों में खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट हो सकती है। इसकी वजह रिफाइनर्स की ओर से लागत में कमी को ग्राहकों को हस्तांतरित करना है। 2025 की पहली छमाही में वैश्विक स्तर पर मूल्य वृद्धि और मुद्रा के मूल्य में कमी के कारण खाद्य तेलों की कीमतों में कमी देखी गई थी। केयरएज द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में बताया गया कि खाद्य तेलों की कीमतों में कमी आने की संभावना की वजह सरकार द्वारा 30 मई को कस्टम ड्यूटी में कटौती करना है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने खाद्य तेल कंपनियों को अपने अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में कमी करने और वितरक को मूल्य (पीटीडी) दरों पर साप्ताहिक अपडेट करने के निर्देश भी जारी किए हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि मई में खाद्य मुद्रास्फीति घटकर 2.8 प्रतिशत पर आ गई और भारतीय मौसम विभाग ने सामान्य से अधिक मजबूत मानसून का अनुमान लगाया है, इन घटनाक्रमों से सामूहिक रूप से खाद्य तेल की खुदरा कीमतों में गिरावट के ट्रेंड को रफ्तार मिलने की उम्मीद है।



रिपोर्ट में बताया गया कि कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच शुल्क अंतर में वृद्धि से घरेलू रिफाइनरों की प्रतिस्पर्धात्मकता भी बढ़ेगी। कच्चे पाम तेल पर बेसिक कस्टम ड्यूटी को अब घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है और रिफाइंड खाद्य तेलों पर कस्टम ड्यूटी 32.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित है, जिससे कच्चे और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच कस्टम ड्यूटी अंतर 8.25 प्रतिशत से बढ़कर 19.25 प्रतिशत हो गया है। संशोधित कस्टम ड्यूटी स्ट्रक्चर से प्रमुख खिलाड़ियों को लाभ मिलने की उम्मीद है क्योंकि इससे रिफाइनर रिफाइंड तेलों के बजाय कच्चे खाद्य तेल के आयात को प्राथमिकता देंगे।

## मई में भारतीय फार्मा बाजार में 6.9 प्रतिशत की वृद्धि, क्रॉनिक थेरेपी सबसे आगे

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, मई में भारतीय फार्मा बाजार (आईपीएम) में सालाना आधार पर 6.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो कार्डियक, रेस्पिरेटरी और एंटी-डायबिटीज थेरेपी में मजबूत प्रदर्शन के कारण दर्ज की गई। मई में भारतीय कंपनियों की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रही, जबकि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की रिपोर्ट के अनुसार, मई में एक्यूट थेरेपी की वृद्धि दर 5 प्रतिशत रही, जो लगातार दूसरा महीना है, जब सालाना आधार पर वृद्धि दर धीमी रही। मई में समाप्त 12 महीनों के लिए आईपीएम वृद्धि में सालाना आधार पर मूल्य का 4.2 प्रतिशत, नए लॉन्च का 2.3 प्रतिशत और मात्रा वृद्धि का 1.1 प्रतिशत योगदान रहा। भारतीय फार्मा कंपनियों के पास इस वर्ष मई तक आईपीएम में 83 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी, जबकि शेष




- **भारतीय कंपनियों की वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रही**
- **बहुराष्ट्रीय कंपनियों की वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत रही**

हिस्सेदारी बहुराष्ट्रीय फार्मा कंपनियों (एमएनसी) के पास थी। शीर्ष 20 फार्मा कंपनियों में से आईपीएम के मुकाबले सालाना आधार पर, जेबी केम ने 11.6 प्रतिशत, ग्लेनमार्क ने 11.8 प्रतिशत, अजंता ने 10.6 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर दर्ज की। एंटी डायबिटिक/ऑप्थल जैसी प्रमुख चिकित्सा में मजबूत दोहरे अंकों की वृद्धि के कारण अजंता ने आईपीएम से बेहतर प्रदर्शन किया। जेबी केमिकल्स ने कार्डियक/ऑप्थल/एंटी पैरासिटिक में मजबूत प्रदर्शन के कारण आईपीएम से बेहतर प्रदर्शन किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि एमएटी आधार पर, उद्योग ने सालाना आधार पर 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। मई में क्रॉनिक थेरेपी में सालाना आधार पर 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जबकि एक्यूट थेरेपी में सालाना आधार पर 5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इस बीच, इंडिया रेटिंग्स के विशेषज्ञों के अनुसार, भारत के दवा उद्योग अप्रैल 2025 में मजबूत मांग और नए उत्पादों के कारण सालाना आधार पर 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ने की ओर अग्रसर है। देश का फार्मा सेक्टर अब वैश्विक स्तर पर मात्रा के मामले में तीसरे और मूल्य के मामले में 14वें स्थान पर है और दुनिया की दवाओं की आपूर्ति में देश का योगदान 20 प्रतिशत तक है।

# खेल जगत

## गिल की कप्तानी में कोहली और रोहित की विशेषताएं : बटलर

**लंदन।** इंग्लैंड की सीमित ओवर टीम के पूर्व कप्तान जॉस बटलर ने कहा कि भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में विराट कोहली और रोहित शर्मा की विशेषाएं है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में शुभमन गिल की कप्तान में खेल चुके बटलर कहा कि गिल की कप्तानी में विराट कोहली की तरह आक्रामक और रोहित शर्मा की तरह शांत नेतृत्व का मिश्रण है। उन्होंने कहा कि गिल अपने दो पूर्व कप्तानों की सर्वश्रेष्ठ विशेषताओं के साथ अपने तरीके से टीम की अगुवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि वह वाकई एक प्रभावशाली युवा खिलाड़ी है। जब वह बोलता है तो बेहत शांत और संतुलित रहता है, लेकिन मुझे लगता है कि मैदान पर वह थोड़ा आक्रामक है, जहां उनमें थोड़ी तीव्रता और जुझारूपन है। वह कोहली और रोहित का मिश्रण है। उसने स्पष्ट रूप से उन दो लोगों से सीखा है, लेकिन वह बहुत हद तक स्वयं की पहचान बनाएगा।



# इंग्लैंड 'स्विंग' से लेगा यशस्वी का इम्तिहान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ इंग्लैंड में यशस्वी का मिजाज तय करेगा उनकी कामयाबी

■ यशस्वी के साथ क्या केएल राहुल करेंगे भारत की पारी का आगाज

**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। भारत के नौजवान सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की सबसे बड़ी ताकत है खुद को बहुत जल्द मैच की स्थिति के मुताबिक ढाल कर खेलना। 23 बरस के यशस्वी मात्र दस बरस की उम्र में क्रिकेट में अपने लिए अलग मुकाम बनाने का सपना लिए अकेले ही उत्तर प्रदेश के छोटे से कस्बे भदोही से मुंबई आ गए। यशस्वी का मुंबई आकर आजाद मैदान में पहुंच टेंट में रहने के बाद वहीं अपने बल्ले से कमाल दिखा पहले पहले मुंबई रणजी टीम और फिर भारतीय टेस्ट टीम में स्थान बनाना किसी भी छोटे शहर से आने वाले खिलाड़ी के लिए बड़ी प्रेरणा साबित हो सकता है। यशस्वी इस लिहाज से खुशकिस्मत रहे कि उनकी प्रतिभा को कभी खुद क्रिकेटर बनने का सपना लिए मुंबई आए क्रिकेट की प्रतिभा को तलाशने व तराशने वाले क्रिकेट उस्ताद ज्वाला सिंह जैसे जोहरी ने पहचाना। यशस्वी नैसर्गिक रूप से स्ट्रोक खेलने में यकीन करते हैं लेकिन टेस्ट जैसे सबसे चुनौतीपूर्ण फॉर्मेट के मिजाज के मुताबिक खुद को ढाल कर खेलना उन्हें क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट का मजबूत बल्लेबाज बनाता है। वह इस मामले में खुशकिस्मत रहे कि दरउन्हें भारत और भारत की अंडर 19 टीम के क्रिकेट उस्ताद के रूप में करियर के रूप में अपने दौर के सर्वकालीन सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक राहुल द्रविड़ जैसे दुनिया के सबसे काबिल क्रिकेट उस्ताद मिले। संयोग से यशस्वी अब आईपीएल में उसी राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हैं जिसके चीफ क्रिकेट कोच द्रविड़ हैं। यह गुरु द्रविड़ के मार्गदर्शन का ही कमाल है कि यशस्वी टेस्ट में भी पिच और स्थिति के मुताबिक कई बार क्रीज पर लंगर ढाल, कई बाद आक्रामक अंदाज में और कई बार रक्षात्मक अंदाज मे खेल, हर स्थिति के मुताबिक खुद को ढाल टेस्ट में टीम इंडिया के शीर्ष क्रम के प्रमुख बल्लेबाज के रूप में साबित करने में कामयाब रहे हैं। यशस्वी की मुश्किल स्थिति में आगे आकर चुनौती का सामना करने की कूवत की भारत के पूर्व चीफ कोच राहुल द्रविड़ कायल हैं। भारत की पिछली टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया में यशस्वी ने बढ़िया आगाज किया था लेकिन शुरू में टेस्ट सीरीज में बढ़िया आगाज करने के बाद वह राह भटक गए।

यशस्वी अब रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट को अलविदा कहने के बाद केएल राहुल, उपकप्तान ऋषभ पंत, कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन, करुण नायर के साथ भारतीय बल्लेबाजी में शीर्षक्रम की अहम कड़ी हैं। यशस्वी का खासतौर पर भारत में टेस्ट रिकॉर्ड शानदार रहा है।इंग्लैंड बेजबाल यानी शुरु से दे दनादन की रणनीति पर ही भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में काबिज रहता तो तब पिचों के बल्लेबाजों के लिए ज्यादा मुफीद रहने की उम्मीद है और ऐसी पिचों पर यशस्वी बड़ी पारियां खेलने में सक्षम हैं। यदि इंग्लैंड में पिचें सीम गेंदबाजों के लिए मददगार रही तो तब यशस्वी को जवाबी हमले बोल कर इंग्लैंड को उसी के अंदाज में जवाब देने की जरूरत होगी। इंग्लैंड में जब भारत हेडिंग्ले ,लीडस में 20 जून से उसके खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला टेस्ट खेलेगा तो वहां के भारी मौसम में जब गेंद स्विंग होगी और तब यह देखना दिलचस्प होगा कि यशस्वी इससे कैसे निपटते हैं। यशस्वी क्या पिच पर ठहर कर स्विंग को समझने के लिए शुरूआती ओवर धैर्य धर कर खेलेंगे या इंग्लैंड के गेंदबाजों पर हावी होकर उनकी लय बिगाड़ने की रणनीति अपनाएंगे?

## अर्श के हौसलो का 'दीप' इंग्लैंड में जलने के लिए पूरी तरह से तैयार

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय टीम का सबसे बड़ा और पहला टेस्ट 20 जून से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले टेस्ट से होने जा रहा है। इस युवा टेस्ट टीम में पहली बार चुने गए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर जसप्रीत बुमराह के कार्य प्रबंधन को देखते हुए अधिक जिम्मेदारी हो सकती है लेकिन इस जिम्मेदारी के लिए उन्होंने पिछले दो साल से कड़ी मेहनत की थी और उनके कोच जसवंत राय को लगता है कि अब उसको अमलीजामा पहनाने का समय आ गया है। ईएसपीएन क्रिकइंफो से बातचीत के दौरान राय ने कहा कि अर्शदीप जब अंडर-19 विश्व कप जीते थे तो उस समय टीम के कोच राहुल द्रविड़ थे। राहुल जानते थे कि अर्शदीप में आगे आने वाले समय में लाल गेंद क्रिकेट में भी लंबा खेलने की क्षमता है।



## ब्रॉड और बटलर ने बुमराह को बताया 'ट्रम्प कार्ड'



**लंदन।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में पहले से ही अपनी छाप छोड़ रहे हैं, इंग्लैंड के दो आधुनिक महान खिलाड़ियों – स्टुअर्ट ब्रॉड और जोस बटलर – ने तेज गेंदबाज के कौशल, विशिष्टता और मैच जीतने की क्षमता की भरपूर प्रशंसा की है। 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पॉडकास्ट पर बोलते हुए, सेवानिवृत्त तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने बुमराह के गेंदबाजी एक्शन और डिलीवरी स्ट्राइड की तुलना महान ग्लेन मैकग्रा से की और उन्हें शुक्रवार को लीड्स में शुरू होने वाली मार्की सीरीज में 'देखने लायक खिलाड़ी' बताया। ब्रॉड ने कहा कि वह दौड़ते हुए आता है, आप सोचेंगे कि 'यह 70 मील प्रति घंटे की रफ्तार होगी' और यह आपको 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से मारता है और आपको वास्तविक प्रवाह नहीं मिलता है, उन्होंने बताया कि कैसे बुमराह की भ्रामक गति और लयहीन दृष्टिकोण बल्लेबाजों को भ्रमित करता है। उन्होंने कहा कि जब मैंने शोएब अख्तर का सामना किया, तो वह सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ा और सौ मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद डाली। आप तैयार थे। लेकिन बुमराह अपने रन-अप में बहुत संतुलित है – यह एक छोटी-सी चाल है, इसलिए वह कभी भी ओवर स्ट्राइड और संतुलन से बाहर नहीं होता है। ब्रॉड, जिन्होंने अपने शानदार करियर में 604 टेस्ट विकेट लिए, ने कहा कि मैं ग्लेन मैकग्रा को देखता हूं – मैंने जितने भी गेंदबाज देखे हैं, उनमें से उनका स्ट्राइड सबसे संतुलित था, और बुमराह भी वही हैं। हालांकि बुमराह का सभी पांच टेस्ट मैचों में शामिल होना सुनिश्चित नहीं है – भारतीय चयनकर्ताओं और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने उनके कार्यभार को प्रबंधित करने का विकल्प चुना है – ब्रॉड ने यह स्पष्ट किया कि सभी मैचों में तेज गेंदबाज की उपस्थिति भारत के पक्ष में तराजू को काफी हद तक झुका सकती है।

## म्यूनिख में भारतीय निशानेबाजों ने चमक बिखेरी दो स्वर्ण और दो कांस्य पदक लेकर स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों ने म्यूनिख में हाल ही में संपन्न आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और दो कांस्य सहित चार



■ शानदार कौशल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में 231.2 का स्कोर दर्ज किया

पदक हासिल किए। इस उपलब्धि ने भारत को समग्र अंक तालिका में प्रभावशाली तीसरे स्थान पर पहुंचा दिया, जो केवल चीन और नॉर्वे से पीछे थे। भारत की पदक की तलाश दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन के साथ शुरू हुई, जिन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल श्रेणी में कांस्य पदक जीता। 25 वर्षीय ने शानदार कौशल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल में 231.2 का स्कोर दर्ज किया। इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में वलारिवन ने 635.9 के शानदार स्कोर के साथ नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। भारत की कांस्य पदक तालिका में महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में सिफ्ट कौर समरा ने भी अपना नाम शामिल किया। 23 वर्षीय, जो इस स्पर्धा में वर्तमान विश्व रिकॉर्ड रखती है (2022 एशियाई खेलों के दौरान 469.6 के स्कोर के साथ दर्ज की गई), ने 453.1 के अंतिम स्कोर के साथ पोडियम पर अपना स्थान सुरक्षित किया। यह जीत इस साल की शुरुआत में 2025 आईएसएसएफ विश्व कप ब्यूनस आयर्स में इसी श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतने के बाद मिली है। टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक युवा प्रतिभाशाली सुरुचि सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में हासिल किया। 19 वर्षीय ने अपने दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए फाइनल में कुल 241.9 का स्कोर दर्ज किया और पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह इस साल आईएसएसएफ विश्व कप में सुरुचि का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक है, इससे पहले उन्होंने टूर्नामेंट के ब्यूनस आयर्स और लीमा दोनों चरणों में स्वर्ण पदक जीता था, जिससे उनका दबदबा और मजबूत हुआ। सुरुचि सिंह ने कहा कि लगातार तीसरा आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण जीतना अवास्तविक लगता है।

## सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट में खेलते नजर आएंगे हरभजन समेत इंडियन क्रिकेटर्स

**नई दिल्ली,** 17 जून (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना और रॉबिन उथप्पा 'सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट' में खेलते नजर आने वाले हैं। यह टूर्नामेंट 5-16 अगस्त के बीच खेला जाएगा।

हरभजन सिंह और सुरेश रैना साल 2011 में भारत की वनडे विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा रह चुके हैं, जबकि रॉबिन उथप्पा साल 2007 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। वहीं, शिखर धवन ने साल 2013 में भारत को चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट में अपनी भागीदारी पर बात करते हुए हरभजन सिंह ने कहा कि मैं सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। यह एक अनूठा और विशिष्ट




फॉर्मेट है, जो खेल में एक नया नजरिया लाता है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ, यह टूर्नामेंट दुनिया के इस हिस्से में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। सुरेश रैना ने कहा कि मैं सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं, जो वर्ल्ड क्लास टैलेंट को एक साथ लाता है। इस तरह का टूर्नामेंट अमेरिका में क्रिकेट कम्यूनिटी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मुझे उस जर्नी में अपनी भूमिका निभाने पर गर्व है। शिखर धवन ने आगे कहा कि सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट में शामिल होना बढ़ती क्रिकेट कम्यूनिटी में फैंस से जुड़ने का एक शानदार मौका है। इंटरनेशनल स्टार्स और एक नए, आकर्षक फॉर्मेट के साथ, इस आयोजन में क्षमता है कि वह अमेरिका में क्रिकेट को मुख्यधारा में लाए, जो भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।

> मैं सुपर 60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, यह एक अनूठा और विशिष्ट फॉर्मेट है, जो खेल में एक नया नजरिया लाता है। अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की भागीदारी के साथ, यह टूर्नामेंट दुनिया के इस हिस्से में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है : हरभजन सिंह

> मैं सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर उत्साहित हूं, जो वर्ल्ड क्लास टैलेंट को एक साथ लाता है। इस तरह का टूर्नामेंट अमेरिका में क्रिकेट कम्यूनिटी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा : सुरेश रैना

### धवन ने सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट में खेलने से किया इनकार



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने स्पष्ट किया कि वह सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट से जुड़े नहीं हैं या इसमें भाग नहीं ले रहे हैं, क्योंकि टूर्नामेंट के आयोजकों ने कहा था कि वह 5 से 16 अगस्त तक होने वाले इस आयोजन में भाग लेने वाले चार भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं। धवन के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में, उन्होंने सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी के बारे में मीडिया रिपोर्टों को पूरी तरह से गलत और भ्रामक बताया। बयान में कहा गया है, हमने देखा है कि कुछ लेख और पोस्ट मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहे हैं, जिसमें गलत दावा किया जा रहा है कि शिखर धवन आगामी सुपर 60 लीजेंड्स यूएसए लीग में भाग ले रहे हैं।

## सार संक्षेप

### तीन सुपर ओवरों बाद नीदरलैंड्स की नेपाल पर जीत

**नई दिल्ली।** ग्लास्गो में सोमवार को एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब नीदरलैंड्स-नेपाल मैच तीसरे सुपर ओवर में पहुंच गया जहां पर नीदरलैंड्स ने यह रोमांचक मैच जीता। यह पहली बार है जब पुरुषों के पेशेवर क्रिकेट टी20 या लिस्ट ए मैच तीसरे सुपर ओवर में पहुंचा है। यह नीदरलैंड्स की टीम थी जो इस रोमांचक जंग में अंत में शीर्ष पर रहकर जीती। नेपाल को आखिरी ओवर में जीत के लिए 16 रन चाहिए थे। नंदन यादव ने तेज गेंदबाज काइल क्लीन पर 2,1,4, 2, 2, 4 रन बनाते हुए मैच को पहले सुपर ओवर में ला दिया। इसके बाद बायें हाथ के स्पिनर डेनियल डोरम को सुपर ओवर दिया गया, जिसमें कुशल भुर्तल ने उन पर दो छक?के और एक चौका लगाते हुए 19 रन बना लिए। डोरम सामान्य समय में चार ओवर में केवल 14 रन देकर तीन विकेट ले गए थे। इसके बाद माइकल लेविट ने पहली गेंद पर छक?का और मैक्स ओ'डाउड ने आखिरी दो गेंद पर छक्का और चौका लगाते हुए मैच को दूसरे सुपर ओवर में पहुंचा दिया। इसके बाद ललित राजबंशी पर पहली तीन गेंद पर दो छक्के लगे और फिर नीदरलैंड्स ने सुपर ओवर नंबर दो में 17 रन बनाए। रोहित पोडल ने इसके बाद पहली गेंद पर छक्का लगाया और फिर दिपेंद्र सिंह ऐरी ने चौका लगाया और अब आखिरी गेंद पर सात रन चाहिए थे।

### चेल्सी की जीत में चमके पेड्रो नेटो, साथी खिलाड़ी का जताया आभार

**अटलांटा।** चेल्सी ने लॉस एंजिल्स एफसी के खिलाफ 2-0 से जीत के साथ अपने फीफा क्लब विश्व कप अभियान की शुरुआत की है। चेल्सी के स्टार पेड्रो नेटो ने मुकाबले के 39वें मिनट पर गोल दागकर चेल्सी का खाता खोलने में मदद की। मैच जीतने के बाद पेड्रो ने शुरुआती गोल के लिए निकोलस जैक्सन के पास को श्रेय दिया है। जैक्सन ने नेटो को एक बेहतरीन पास दिया, जिसका फायदा उठाकर पेड्रो ने ह्यूगो लॉरिस को पीछे छोड़ते हुए गोल दागा। इस गोल ने चेल्सी को अटलांटा में एलएएफसी के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में शानदार जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाई। जीत के बाद नेटो ने फीफा से कहा कि मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मैंने टीम में कई पोजिशन पर खेला है। यह क्लब के साथ मेरा पहला साल है।

## मंधाना महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में बनीं नंबर वन

**दुबई,** 17 जून (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम अपडेट के अनुसार, भारत की स्टार स्मृति मंधाना ने नवंबर 2019 के बाद पहली बार महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल किया है।



■ मंधाना ने त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल के दौरान अपने करियर का 11वां शतक बनाया

28 वर्षीय मंधाना एक स्थान ऊपर उठकर शीर्ष स्थान पर वापस आ गई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोल्वार्ट, वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले दो वनडे में 27 और 28 रन की पारी खेलने के बाद इंग्लैंड की नई कप्तान नैट सिवर-ब्रंट के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गई हैं। वोल्वार्ट के शीर्ष पर छह महीने से अधिक समय तक बने रहने के बाद मंधाना अब 727 रेटिंग अंकों के साथ आराम से बैठी हैं। भारत की स्टार बल्लेबाज हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं और उन्होंने कोलंबो में श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत की हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल के दौरान अपने करियर का 11वां शतक बनाया। वोल्वार्ट की टीम की साथी, टैजमिन ब्रिट्स तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में अपने अर्धशतक की बदौलत पांच पायदान ऊपर चढ़कर 27वें स्थान पर पहुंच गईं, जो वर्तमान में दक्षिण अफ्रीका द्वारा बारबाडोस में दूसरे मैच में मेजबान टीम को 40 रनों से हराने के बाद बराबरी पर है।

## मैं इस टीम के लिए अपना खून देने को तैयार हूं : रबाडा

**लंदन,** 17 जून (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा, जिन्होंने पिछले सप्ताह लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया पर प्रोटियाज की पांच विकेट की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, ने कहा कि वह इस टीम के लिए अपना शरीर दांव पर लगाने को तैयार हैं। रबाडा ने लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड में अपना नाम दर्ज करने के लिए पहली पारी में पांच विकेट सहित शिखर मुकाबले में नौ विकेट लिए। उनके प्रयासों ने दक्षिण अफ्रीका को एक प्रभावशाली स्थिति में पहुंचा दिया क्योंकि उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 212 रनों पर समेट दी।

30 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक 71 टेस्ट मैचों में 336 विकेट लिए हैं, जो उन्हें दक्षिण अफ्रीका के सर्वकालिक विकेट लेने वालों की सूची में चौथे स्थान पर रखता है और 200 से अधिक विकेट लेने वाले किसी भी खिलाड़ी के लिए खेल में सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट रखता है। रबाडा ने लॉर्ड्स में संवाददाताओं से कहा कि आमतौर पर आपके दिमाग में दो आवाजें होती हैं, एक जो संदेह करती है और दूसरी जो विश्वास करती है। दूसरी आवाज वह होती है जिसे हम लगातार आगे बढ़ाते रहते हैं, खास तौर पर इस तरह के बड़े मौकों पर, जैसे कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल।इसीलिए आपने जो प्रदर्शन देखा, वह देखने लायक है। यह इस सीजन में हमारी टीम के लिए एक वसीयतनामा है। उन्होंने कहा कि मैं खुद को स्टार के तौर पर नहीं देखता। मैं खुद को ऐसे व्यक्ति के तौर पर देखता हूं जो इस टीम के लिए अपना खून देने को तैयार है और कड़ी मेहनत और सुधार करना जारी रखता है। मैं एक क्रिकेटर के तौर पर हमेशा सुधार करना चाहता हूं और बहुत गर्व के साथ बैज के लिए खेलता हूं।




■ रबाडा 30 वर्षीय खिलाड़ी ने अब तक 71 टेस्ट मैचों में 336 विकेट लिए हैं

## आगामी तीसरे सत्र के लिए दो नई फ्रेंचाइजी विश्व पैडल लीग में शामिल

**मुंबई,** 17 जून (एजेंसियां)। इस साल फरवरी में भारत में सफल शुरुआत करने के बाद, विश्व पैडल लीग (डब्ल्यूपीएल) ने अपने तीसरे सत्र की वापसी की घोषणा की। भारतीय पैडल महासंघ द्वारा समर्थित यह लीग 12 से 16 अगस्त के बीच नेस्को सेंटर में होने वाली है। आगामी सत्र में, डब्ल्यूपीएल चार फ्रेंचाइजी से बढ़कर छह हो जाएगी, जिसमें दो नई टीमें शामिल होंगी। आगामी सत्र में मुंबई के बीचों-बीच पांच दिनों तक एक्शन से भरपूर मैच होने का वादा किया गया है, जिसमें शीर्ष वैश्विक पैडल खिलाड़ी शामिल होंगे। आगामी सीजन के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए, वर्ल्ड पैडल लीग की सह-संस्थापक हेमाली शर्मा ने कहा कि भारत में पैडल का विकास देखने लायक रहा है। हमारे पिछले संस्करण के सिर्फ़ छह महीने बाद, डब्ल्यूपीएल का सीजन 3 एक बड़ी उपलब्धि है क्योंकि हम प्रतियोगिता के पैमाने का विस्तार कर रहे हैं और खेल के लिए नए मानक स्थापित कर रहे हैं। भारत पैडल के लिए एक उच्च-संभावित विकास केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। हमारी महत्वाकांक्षा खेल को बढ़ावा देने से कहीं आगे जाती है क्योंकि हमारा लक्ष्य एक गतिशील, विश्व स्तरीय खेल अनुभव तैयार करना है जो अनुभवी प्रशंसकों और पहली बार दर्शकों को समान रूप से आकर्षित करे।

## सूर्यकुमार हर्निया के इलाज के लिए लंदन में

■ मैदान से कुछ सप्ताह बाहर रहने की उम्मीद

■ सूर्यकुमार का इलाज अगले सप्ताह शुरू होगा और अगस्त तक मैदान पर वापसी करने की उम्मीद है

**नई दिल्ली,** 17 जून (देशबन्धु)। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव दाएं स्पोर्ट्स हर्निया के इलाज के लिए फिलहाल लंदन में हैं और उनके कुछ सप्ताह तक मैदान से बाहर रहने की उम्मीद है। जबकि शुभमन गिल की अगुआई वाली भारतीय टेस्ट टीम इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के लिए कमर कस रही है, वहीं 34 वर्षीय सफेद गेंद के उस्ताद भारत के सीमित ओवरों के कार्यक्रम में मौजूदा ब्रेक का उपयोग अपनी रिकवरी और दीर्घकालिक फिटनेस पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कर रहे हैं। सूर्यकुमार का इलाज अगले सप्ताह शुरू होगा और अगस्त तक उनके क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने की उम्मीद है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन रिपोर्ट बताती है कि चिकित्सा प्रक्रिया में दो महीने तक की रिकवरी की आवश्यकता हो सकती है। यादव के लिए यह समय सही है, क्योंकि अगस्त तक भारत के पास कोई टी20 प्रतिबद्धता नहीं है, जब वे सफेद गेंद के दौरे के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेंगे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला होगी, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया की यात्रा होगी, जो सभी भारत की 2026 टी20 विश्व कप की तैयारी का हिस्सा हैं। सूर्यकुमार का अभी प्रक्रिया से गुजरने का निर्णय रणनीतिक है, जिससे उन्हें आगामी महत्वपूर्ण टी20 चक्र के लिए पूरी तरह से फिट होने का मौका मिलेगा। और उनकी कमी खलेगी – मुंबई का यह बल्लेबाज शानदार फॉर्म में है, खासकर आईपीएल 2025 सीजन में, जहां उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन किया था। मुंबई इंडियंस की तरफ से खेलते हुए, सूर्यकुमार ने 16 मैचों में 65.18 की औसत और 167.9 की स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। उल्लेखनीय रूप से, उन्होंने सभी 16 पारियों में 25 या उससे अधिक रन बनाए, जिससे लगातार सबसे अधिक 25+ स्कोर का नया टी20 रिकॉर्ड बना। उनकी निरंतरता एमआई को प्लेऑफ में पहुंचाने में अहम रही, हालांकि उनका अभियान क्वालीफायर 2 में पंजाब किंग्स से हार के साथ समाप्त हो गया। आईपीएल के बाद, सूर्यकुमार मुंबई टी20 लीग में ट्रायम्फ नाइट्स एमएनई के लिए खेले, लेकिन टीम पांच मैचों में से सिर्फ एक जीत हासिल कर पाई और प्लेऑफ क्वालीफिकेशन से चूक गई।




## डब्ल्यूटीसी का नया चक्र टेस्ट क्रिकेट को और भी ज्यादा रोमांचक बनाएगा : शाह

**दुबई,** 17 जून (एजेंसियां)। बीते हफ्ते दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स के मैदान पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 चक्र का फाइनल जीता। अब डब्ल्यूटीसी के नए चरण की शुरुआत पर आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। नए चक्र की शुरुआत से ठीक पहले आईसीसी ने शाह के हवाले से एक प्रेस रिलीज जारी की, जिसमें उन्होंने कहा कि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का तीसरा संस्करण लॉर्ड्स में शानदार तरीके से संपन्न हुआ। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने एक बेहतरीन मुकाबला खेला। अब हम अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। यह चैंपियनशिप टेस्ट फॉर्मेट को और भी अधिक जीवंत बनाएगी। नौ प्रतिस्पर्धी देशों में से चार डब्ल्यूटीसी के शुरुआती तीन चक्रों में फाइनल तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने आगे कहा कि खिलाड़ियों और फैंस के लिए कॉन्टेक्स्ट लाना, साथ ही उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा, लॉर्ड्स में बड़ी संख्या में लोगों का आना टेस्ट क्रिकेट की निरंतर लोकप्रियता का सबूत है। मैं इसके लिए सदस्य बोर्डों को धन्यवाद देना चाहता हूं। इसके साथ ही खिलाड़ियों को 2027 में अगले फाइनल के लिए अपनी यात्रा शुरू करने के लिए शुभकामनाएं देता हूं। डब्ल्यूटीसी चक्र 2025-27 की शुरुआत 17 जून से हो चुकी है। गाले में बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेला जा रहा है। इसके बाद 20 जून से भारत-इंग्लैंड की टीमें भी अपने अभियान की शुरुआत करने जा रही हैं।




> अब हम अगले चरण का इंतजार कर रहे हैं। यह चैंपियनशिप टेस्ट फॉर्मेट को और भी अधिक जीवंत बनाएगी: जय शाह